राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स




• बोकारो, गुरुवार 17 सितम्बर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 123 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

## सूचना

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 17 सितम्बर 2026 को नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस बंद रहेगा। अतः अगला अंक 19 सितम्बर को प्रकाशित होगा।

संपादक

## संक्षिप्त समाचार

### जहरीले सांप ने मां-बेटे को काटा

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बसिया थाना अंतर्गत घुनसेर सूरज टोली में सांप के काटने से एक महिला की मौत हो गई। महिला का 17 साल का बेटा भी इस घटना में घायल हुआ है, जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। परिजनों ने बताया कि मंगलवार रात बालकिशन साहू की पत्नी जितनी देवी और पुत्र सोनू कुमार साहू घर में मच्छरदानी लगाकर जमीन पर सो रहे थे तभी आधी रात को एक जहरीले सांप ने दोनों को काट लिया।

### अज्ञात युवक का शव बरामद

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के शाहपुर क्षेत्र में ग्रामीण बैंक के समीप बुधवार को एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। खबर फैलते ही वहां लोगों की भीड़ जुट गई। युवक की उम्र 35 वर्ष के आसपास होने का अनुमान है। घटना शाम करीब चार बजे की है। खबर लिखे जाने तक मृत युवक की पहचान नहीं हो पाई थी। थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच, मेदिनीनगर भेज दिया गया है। पुलिस शव की पहचान कराने के साथ-साथ मामले की जांच में जुटी है।

### इलाज के दौरान महिला दारोगा ने तोड़ा दम

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड पुलिस की 2018 बैच की महिला दारोगा सुमित्रा कच्छप का बुधवार को रांची के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। सुमित्रा कच्छप की पोस्टिंग गिरिडीह जिला बल में थी। वर्तमान में वह झारखंड हाईकोर्ट, रांची में गिरिडीह जिला बल की कोर्ट नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त थीं। जानकारी के अनुसार डिलीवरी के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए रांची के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा था लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### गांजा तस्करी में दो दोषियों को सश्रम कारावास

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** गांजा तस्करी के मामले में कोडरमा की अदालत ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए सात-सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर दोनों को तीन-तीन महीने की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। मामला कोडरमा (रेल) थाना कांड संख्या 32/2024 से जुड़ा है जिसे अदालत में एनडीपीएस केस संख्या 08/2025 के रूप में दर्ज किया गया था।

### ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**जमशेदपुर (नबिटा ब्यूरो)।** मानगो के उलीडीह ओपी क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई की है। मुर्दा मैदान में छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास से 26 पुड़िया ब्राउन शुगर मिली है। बरामद ब्राउन शुगर का कुल वजन 5.80 ग्राम बताया गया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई पटमदा डीएसपी दयानंद कुमार के नेतृत्व में की गई। इस कार्रवाई में उलीडीह ओपी प्रभारी मोहम्मद शारिक अली और पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने कहा है कि नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### राज्यपाल एवं सीएम हेमंत सोरेन से मिले ऑस्ट्रेलिया के महावाणिज्य दूत बर्नार्ड लिंच

# कौशल विकास, तकनीक और खनिज क्षेत्र में सहयोग पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** रांची में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ऑस्ट्रेलिया के (कोलकाता स्थित) महावाणिज्य दूत बर्नार्ड लिंच ने औपचारिक शिष्टाचार मुलाकात की। इस बैठक के दौरान झारखंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाई देने और विभिन्न क्षेत्रों में दीर्घकालिक साझेदारी को मजबूत करने पर सकारात्मक और गहन विचार-विमर्श हुआ। बैठक के अंत में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को स्मृति चिह्न भेंट किए। मुख्यमंत्री ने बर्नार्ड लिंच को झारखंड की पारंपरिक कलाकृति वाला फ्रेम और एक क्रिकेट बॉल उपहार स्वरूप सौंपी। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बताया कि बातचीत में कौशल एवं तकनीकी शिक्षा, प्रौद्योगिकी व नवाचार, खनिज संसाधन, खेल और



पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण सेक्टरों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। झारखंड के समृद्ध खनिज संसाधनों को देखते हुए खनन क्षेत्र में तकनीकी सहयोग और संस्थानों के बीच साझेदारी पर सहमति जताई गई। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई संस्थानों की मदद से झारखंड के युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के नए अवसर पैदा करने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। बैठक में झारखंड की समृद्ध आदिवासी विरासत और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को प्रमुखता से शामिल किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनजातीय संस्कृति और ऑस्ट्रेलिया की स्वदेशी संस्कृति के अनुभवों और ज्ञान के बीच संवाद स्थापित करने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की मानव पूंजी और प्राकृतिक संसाधनों को ऑस्ट्रेलिया की आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञता से जोड़कर दोनों पक्षों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी रास्ते तलाशे जाएंगे। बर्नार्ड लिंच ने लोकभवन जाकर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भी शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल गंगवार और लिंच के बीच भारत और ऑस्ट्रेलिया के मजबूत होते द्विपक्षीय संबंधों पर विस्तृत चर्चा हुई। दोनों दिग्गजों ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ते पारस्परिक सहयोग से झारखंड जैसे उभरते राज्य को सीधा लाभ मिलेगा और नए वैश्विक अवसर पैदा होंगे। वार्ता के दौरान दोनों देशों के बीच झारखंड में शिक्षा, कौशल विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में नई संभावनाएं तलाशने पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

## पुलिस का हाफ एनकाउंटर, शूटर के पैर में लगी गोली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**धनबाद।** धनबाद के निरसा थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम पुलिस और एक कथित शूटर के बीच मुठभेड़ की घटना सामने आई है। हाथबाड़ी स्थित आनंद वाटिका के समीप हुई। इस कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से उत्तर प्रदेश निवासी सागर उर्फ शिबू घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से निरसा पहुंचा था। बताया जा रहा है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश का रहने वाला सागर उर्फ शिबू किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए निरसा पहुंचा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने टीम गठित कर इलाके में छापेमारी अभियान शुरू किया। कार्रवाई का नेतृत्व निरसा के एसडीपीओ लिलेश्वर महतो कर रहे थे। इसी दौरान हाथबाड़ी स्थित आनंद वाटिका के समीप पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस के मुताबिक, इस दौरान गोली चलने से आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। आरोपी निरसा में किस वारदात को अंजाम देने पहुंचा था, उसके साथ और कौन लोग शामिल थे तथा उसके पास से क्या-क्या बरामद हुआ है, इन सभी बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद पुलिस की ओर से पूरे मामले का विस्तृत खुलासा किए जाने की बात कही जा रही है।

## वंदे मातरम के शुरुआती दो छंद ही किए जाएं अनिवार्य : कांग्रेस

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर राज्य में 'वंदे मातरम' के केवल प्रारंभिक दो छंदों को ही अनिवार्य करने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में कर्नाटक और केरल की सरकारों का उदाहरण दिया है। उन्होंने कहा कि वहां की सरकारों ने सरकारी कार्यक्रमों और विद्यालयों में केवल पहले दो छंद ही अनिवार्य किए हैं। प्रदीप यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश की बहुधार्मिक जनभावनाओं के विपरीत काम कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय और संसद के नए दिशा-निर्देशों के तहत वंदे मातरम के सभी छह छंदों को गाना अनिवार्य किया गया है। कांग्रेस नेता ने तर्क दिया कि गीत के प्रारंभिक दो छंद पूरी तरह मातृभूमि की प्राकृतिक सुंदरता पर आधारित है। इनमें किसी भी विशेष धार्मिक प्रतीक का वर्णन नहीं है। यह भारत की भौगोलिक और प्राकृतिक संपन्नता की सराहना करता है। इसे हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी धर्मों के लोग बिना किसी संकोच के एक सुर में गा सकते हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्ष 1937 में रवींद्रनाथ टैगोर और महात्मा गांधी की सलाह पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस, पंडित जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभभाई पटेल की समिति ने इसे स्वीकार किया था। इसके बाद, 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने इसे आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय गीत घोषित किया था।

# बेटे के हमले में मां की मौत, पिता गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** जसीडीह थाना क्षेत्र के मानिकपुर सरासनी गांव में बुधवार को एक बेटे ने अपने माता-पिता पर हमला कर दिया। इस घटना में मां की जान चली गई जबकि पिता कामदेव मांझी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में हलचल मच गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि बुधवार को परिवार के सदस्यों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। देखते ही देखते झगड़ा बढ़ गया और बेटे ने कथित तौर पर अपने माता-पिता के साथ मारपीट शुरू कर दी। हमले में मां को गंभीर चोटें आईं जिससे उनकी मौत हो गई। पिता कामदेव मांझी भी बुरी तरह घायल हुए। घायल पिता को इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल ले जाया गया है। वहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद जसीडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और जरूरी जानकारी इकट्ठा की। पुलिस ने ग्रामीणों और परिवार के लोगों से सवाल-जवाब शुरू कर दिए हैं। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि पारिवारिक झगड़ा किस बात को लेकर शुरू हुआ था और हमला किन हालात में हुआ। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच पूरी होने के बाद घटना के असली कारण और हमलावर का रोल साफ हो पाएगा। फिलहाल पुलिस सभी बातों को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस ने मामले में जरूरी कानूनी एक्शन लेने का काम शुरू कर दिया है।

## पिता ने की बेटे की हत्या

**लोहरदगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कुडू थाना क्षेत्र के सलगी गरभू टोली में एक पिता ने आपसी विवाद के बाद अपने बेटे की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी पिता मौके से फरार हो गया। पुलिस को सूचना मिलते ही कुडू थाना की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। सलगी गरभू टोली निवासी सुरेश वर्मा का बुधवार को अपने बेटे संजय राम से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी दौरान गुस्से में सुरेश वर्मा ने कुल्हाड़ी से संजय राम पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से संजय राम की मौके पर ही मौत हो गई। कुडू थाना प्रभारी अजीत कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच शुरू की। पुलिस ने घटना से जुड़े सबूत जुटाए हैं। खबर है कि आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## घर के कुएं से नाबालिग का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के ऊंटारी रोड थाना इलाके के नावागढ़ में एक नाबालिग लड़की का शव उसके घर के कुएं से बरामद हुआ है। परिजनों ने नाबालिग के लापता होने को लेकर पुलिस में शिकायत भी दर्ज करायी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि पुलिस ने ऑनर किलिंग की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक नाबालिग लड़की मोबाइल फोन पर एक लड़के से बात करती थी। परिवार वालों को इसकी जानकारी थी और इस बात को लेकर उन्होंने पहले भी उसके साथ मारपीट की थी। मंगलवार देर शाम परिवार ने ऊंटारी रोड थाना में उसके लापता होने की सूचना दी थी। पुलिस ने मामले को लेकर नाबालिग लड़की के कथित प्रेमी से भी पूछताछ की थी। इसी बीच बुधवार को नाबालिग के घर के परिसर में बने कुएं से ही उसका शव बरामद किया गया। ऊंटारी रोड थाना प्रभारी संतोष कुमार गिरी ने बताया कि शुरुआती तौर पर यह ऑनर किलिंग का मामला लग रहा है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। यह जानकारी भी मिली है कि लड़की के साथ उसके परिवार वालों ने मारपीट की थी। कुआं घर के ठीक दहलीज पर स्थित है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की असली वजह रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चलेगी। पुलिस परिवार वालों से पूछताछ कर रही है और मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है।

## पाकुड़ में 45 करोड़ से बनेगी बाइपास सड़क

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पाकुड़।** जिला मुख्यालय में वर्षों से अधूरी पड़ी शहरकोल-पियादापुर बाईपास सड़क के निर्माण का रास्ता एक बार फिर साफ होता दिख रहा है। जिला प्रशासन ने सड़क निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने की पहल की है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को संबंधित जमीन मालिकों को नियमानुसार जल्द मुआवजा उपलब्ध कराने और भू-अर्जन से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र निपटारा करने का निर्देश दिया है। करीब 45 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली यह बाईपास सड़क लगभग छह किलोमीटर लंबी होगी और 13 मौजों से होकर गुजरेगी। बाईपास सड़क का निर्माण लंबे समय से भू-अर्जन और रैयतों को मुआवजा दिए जाने की प्रक्रिया के कारण अटका हुआ था। सड़क पूरी नहीं होने से शहर से गुजरने वाले वाहनों का दबाव मुख्य सड़क पर बना रहता है। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। अब प्रशासन ने भू-अर्जन की प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए संबंधित रैयतों को नियमानुसार मुआवजा देने की कार्रवाई तेज कर दी है। प्रशासन की ओर से सड़क निर्माण के लिए सभी जरूरी तैयारियां भी की जा रही हैं। पाकुड़ शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए जिला प्रशासन ने कुछ दिन पहले मुख्य सड़क पर सुबह छह बजे से रात 10:30 बजे तक व्यावसायिक वाहनों के लिए नो-एंट्री लागू की थी। आम लोगों ने इसे यातायात व्यवस्था के लिहाज से राहत देने वाला कदम माना लेकिन व्यवसायियों और खासकर ट्रक मालिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में मुख्य रूप से एक ही सड़क है जिससे होकर व्यावसायिक वाहन पश्चिम बंगाल, बिहार और दूसरे राज्यों तक जाते हैं। पाकुड़ से गिट्टी की ढुलाई भी दूसरे राज्यों के लिए होती है। नो-एंट्री के कारण वाहनों को लंबे समय तक खड़ा रहना पड़ता है जिससे वाहन मालिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। शहरकोल-पियादापुर बाईपास के निर्माण से व्यावसायिक और दूसरे भारी वाहनों को शहर के मुख्य हिस्से से गुजरने की जरूरत कम होगी। इससे शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु होने की उम्मीद है। बाईपास बनने के बाद दूसरे राज्यों की ओर जाने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा और शहर के अंदर जाम की समस्या कम करने में मदद मिलेगी। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा है कि बाईपास सड़क का निर्माण जल्द शुरू हो, इसके लिए प्रयास तेज किए गए हैं। भू-अर्जन से जुड़ी सभी समस्याओं को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन की ओर से संबंधित रैयतों को नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है।



# मांदर की थाप पर झूमा हजारीबाग, करम पूर्व संध्या में दिखी आदिवासी संस्कृति की झलक

**संत कोलंबस कॉलेज स्टेडियम में सजा करमा का रंग, एडिशनल कमिश्नर महेंद्र छोटन उरांव व कल्याण पदाधिकारी परविन बाखला ने किया उद्घाटन**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** मांदर की गूंज, नगाड़ों की थाप, करमा गीतों की मधुर स्वर-लहरियां और पारंपरिक नृत्य की थिरकती कदमताल से बुधवार को हजारीबाग का संत कोलंबस कॉलेज स्टेडियम आदिवासी संस्कृति के रंग में सराबोर हो उठा। सर्व आदिवासी समाज, हजारीबाग के तत्वावधान में आयोजित करम पूर्व संध्या एवं आदिवासी सांस्कृतिक और रंगारंग महोत्सव में झारखंड की समृद्ध लोक-संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता की जीवंत तस्वीर देखने को मिली। देर शाम तक चले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और गीत-संगीत व सामूहिक नृत्य के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन हजारीबाग के एडिशनल कमिश्नर महेंद्र छोटन उरांव एवं कल्याण पदाधिकारी परविन बाखला ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद मांदर और नगाड़ों की थाप से पूरा स्टेडियम गूंज उठा। अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत एवं सम्मान किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में नीरज भोक्ता, शाशी पन्ना एवं ज्योत्सना केरकेट्टा मौजूद रहे। करम पूर्व संध्या को लेकर स्टेडियम को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। आयोजन स्थल पर झारखंड की लोक-संस्कृति, आदिवासी परंपरा और जीवनशैली की झलक देखने को मिली। महिला-पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में युवा और बच्चे पारंपरिक परिधान में कार्यक्रम में पहुंचे। शाम ढलने के साथ ही आयोजन का उत्साह बढ़ता गया और पूरा स्टेडियम सामूहिक नृत्य एवं संगीत से गूंजने लगा। समारोह में झारखंडी सुपर स्टार मैक्स भाई, नितेश कच्छप समेत विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। झारखंडी लोकगीतों और पारंपरिक संगीत की धुन पर दर्शक झूमते नजर आए। कलाकारों की प्रस्तुतियों के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की अगुवाई सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष विक्की कुमार धान एवं संरक्षक विजय सिंह भोक्ता ने की। हजारीबाग के विभिन्न प्रखंडों के अलावा झारखंड के अलग-अलग क्षेत्रों से सामाजिक प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं सांस्कृतिक प्रेमी समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष विक्की कुमार धान ने कहा कि करमा पर्व आदिवासी समाज के लिए केवल धार्मिक या सांस्कृतिक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ समाज के सदियों पुराने रिश्ते, सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। करम पूर्व संध्या का उद्देश्य समाज की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को व्यापक मंच प्रदान करना है। वहीं संरक्षक विजय सिंह भोक्ता ने कहा कि करमा हमारी पहचान, जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। आधुनिकता के दौर में परंपराओं को जीवित रखना और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना आवश्यक है। ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी संस्कृति को समझने और उसे आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। देर शाम तक चले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक गीत-संगीत, नृत्य और झारखंडी कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को बांधे रखा। करम पूर्व संध्या ने हजारीबाग में आदिवासी संस्कृति, प्रकृति प्रेम, परंपरा और सामूहिक एकता की आकर्षक तस्वीर प्रस्तुत की।




# अब 30 सितंबर तक मतदाता सूची में पंजीकरण या सुधार करा सकेंगे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत दावा-आपत्ति चरण की समय सीमा बढ़ाकर अब 30 सितंबर तक कर दी है। अब पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने या प्रारूप मतदाता सूची में अपने नाम आदि में सुधार के लिए इस अवधि तक निर्धारित फार्म भर सकेंगे। दावा-आपत्ति चरण की समय सीमा को दूसरी एवं अंतिम बार अवधि विस्तार दिया गया है। राज्य के प्रत्येक पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो सके, इस उद्देश्य से यह अवधि विस्तार दिया गया है। पहले दावा-आपत्ति चरण की सीमा 15 सितंबर को खत्म हो रही थी। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी पात्र भारतीय नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि जो नागरिक एसआईआर के तहत प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में अभी तक सम्मिलित नहीं हैं, वे अब 30 सितंबर तक ईसीआइनेट के माध्यम से अथवा अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर फार्म-6 एवं आवश्यक घोषणा पत्र अवश्य जमा करें। उनके अनुसार, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए एसआइआर के तहत दावा-आपत्ति की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि चार सितंबर को बढ़ाते हुए 15 सितंबर किया गया था। विभिन्न स्टेकहोल्डर के माध्यम से प्राप्त हो रहे अनुरोध एवं प्राप्त हो रहे फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 की संख्या को देखते हुए दावा आपत्ति की तिथि अंतिम बार बढ़ाकर 30 सितंबर कर दिया गया है।



इससे उन पात्र भारतीय नागरिकों को मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित कराने का अतिरिक्त अवसर मिलेगा, जिनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हो पाया है। इसके साथ-साथ फार्म-7 के माध्यम से मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए आपत्ति दर्ज कर सकते हैं तथा फार्म-8 के माध्यम से अपने संबंधित मतदान केंद्र के लिए नाम स्थानांतरित एवं प्रविष्टियों में सुधार करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी पात्र भारतीय नागरिक, जो एक अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरे कर चुके हैं और जिनका नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे इस अतिरिक्त अवसर का लाभ उठाते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर फार्म-6 अवश्य भरें।

## संक्षिप्त समाचार

### शैक्षणिक संस्थानों में संविधान की प्रस्तावना लिखे जाने की मांग, केंद्रीय शिक्षा मंत्री को भेजा पत्र

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** देशभर के स्कूल, कॉलेज समेत सभी शैक्षणिक संस्थानों के परिसरों में भारत के संविधान की प्रस्तावना लिखे जाने की मांग को लेकर ग्लोबल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट, गिरिडीह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र भेजा है। ट्रस्ट के सचिव सुधीर कुमार अग्रवाल ने 15 सितंबर 2026 को केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम पत्र प्रेषित कर इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि देश एवं राज्यभर के सभी सरकारी और गैर-सरकारी शिक्षण संस्थानों में संविधान की प्रस्तावना लिखी जानी चाहिए। ट्रस्ट ने इसे विद्यार्थियों में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की जानकारी देने के लिए जरूरी कदम बताया है। सचिव सुधीर कुमार अग्रवाल ने पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि देशभर के शिक्षण संस्थानों में संविधान की प्रस्तावना लिखे जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों और शिक्षण संस्थानों से जुड़े लोगों के बीच संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। पत्र में इस पहल को देश की अखंडता एवं एकता से जोड़ते हुए केंद्र सरकार से जल्द आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। ट्रस्ट की ओर से पत्र केंद्रीय शिक्षा मंत्री के कार्यालय को भेजे जाने की जानकारी दी गई है।

### सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर आज, जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने के लिए युवा मोर्चा की पहल

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित ह्यसेवा पखवाड़ाह्ल के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा, गिरिडीह महानगर की ओर से 17 सितंबर को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन झंडा मैदान स्थित विवाह भवन में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक युवाओं एवं आम लोगों से शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद के लिए जीवन बचाने का माध्यम बन सकता है। ऐसे में समाज के लोगों की सहभागिता इस अभियान को सार्थक बनाएगी। भारतीय जनता युवा मोर्चा गिरिडीह महानगर के मिथुन चंद्रवंशी ने लोगों से इस सेवा अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की मदद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित यह अभियान सामाजिक जिम्मेदारी और जनसेवा की भावना को मजबूत करने का प्रयास है।

### ऑनलाइन सट्टा, अवैध लॉटरी और नशे के खिलाफ सड़क पर उतरेंगे लोग

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में कथित सट्टेबाजी, अवैध लॉटरी और नशे के कारोबार को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सिन्हा ने चिंता जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पचंबा, बड़ा चौक, मकतपुर समेत जिले के विभिन्न इलाकों में इन गतिविधियों का जाल फैलता जा रहा है और इसकी चपेट में बड़ी संख्या में युवा आ रहे हैं। राजेश सिन्हा का कहना है कि मोबाइल के जरिए ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर पैसों का दांव लगाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। वहीं, कुछ इलाकों में अवैध रूप से लॉटरी की पर्चियां बेचे जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि जुआ, सट्टा और नशे की लत का असर केवल संबंधित व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरा परिवार आर्थिक और सामाजिक संकट में पहुंच जाता है। उन्होंने कहा, ह्लखेलने वाला कंगाल और खिलाने वाला मालामालह्व वाली स्थिति समाज के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। कम पैसे लगाकर अधिक कमाई की उम्मीद में युवा धीरे-धीरे इस दलदल में फंसते हैं और कई मामलों में परिवार की जमा-पूंजी तक दांव पर लग जाती है। प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग राजेश सिन्हा ने जिला प्रशासन और पुलिस से मांग की है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी, अवैध लॉटरी और नशीले पदार्थों के कारोबार से जुड़ी शिकायतों की गंभीरता से जांच कराई जाए। उन्होंने संदिग्ध स्थानों पर नियमित छापेमारी, कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई तथा युवाओं के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि स्कूल-कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में जुआ, ऑनलाइन सट्टा और नशे के दुष्परिणामों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि युवा शुरूआत में ही इसके खतरों को समझ सकें।

# प्राचार्य-बर्सर के इस्तीफे की मांग पर अड़ा अभाविप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह कॉलेज में विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। परिषद के कार्यकताओं ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। अभाविप के प्रदेश सह मंत्री मंटू मुर्मू ने कहा कि परिषद की स्पष्ट मांग है कि गिरिडीह कॉलेज के प्राचार्य एवं बर्सर जल्द से जल्द अपने पद से इस्तीफा दें। उन्होंने कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो परिषद कॉलेज कैंपस के साथ-साथ विनोबा भावे विश्वविद्यालय में भी धरना प्रदर्शन करेगी। जिला संयोजक नीरज चौधरी ने कहा कि कुलपति से हुई टेलीफोनिक बातचीत से परिषद को ऐसा प्रतीत होता है कि विश्वविद्यालय प्रशासन किसी को बचाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले में पारदर्शी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, एसएफएस सह संयोजक अनीश राय ने चेतावनी दी कि यदि 18 सितंबर 2026 तक परिषद की सभी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो अभाविप कार्यकर्ता भूख हड़ताल शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। धरना प्रदर्शन के दौरान परिषद कार्यकताओं ने मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की और आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया। मौके पर नगर सह मंत्री अभिजीत सिन्हा, कॉलेज उपाध्यक्ष संदीप वर्मा, विवेक कुमार, कॉलेज मंत्री कृष पासवान, मीडिया प्रभारी बिट्टू मोदी, वीरेंद्र यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।




# एनजीटी के आदेश के बावजूद बालू उठाव का आरोप, प्रशासन की कार्यशैली पर उठे सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मोतिलेड़ा गांव से बालू के कथित अवैध उठाव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में नदी क्षेत्र से मशीनों के जरिए बालू उठाव और वाहनों से परिवहन किए जाने का दावा किया जा रहा है। इसे लेकर स्थानीय स्तर पर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि एनजीटी के निर्देश के तहत 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर रोक है। इसके बावजूद मोतिलेड़ा क्षेत्र में बालू उठाव जारी रहने का आरोप लगाया गया है। वायरल वीडियो में भारी मशीनों और वाहनों की गतिविधियां दिखाई देने की बात कही जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दिन-रात बालू का उठाव और परिवहन होने से नदी एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर अवैध बालू उठाव पर तत्काल रोक लगाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। मामले में प्रशासन और पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान सामने आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

# अवलोकन कक्षा कार्यशाला के तीसरे दिन छह महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** केएन बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की ओर से आयोजित साप्ताहिक अवलोकन कक्षा कार्यशाला के तीसरे दिन बुधवार को प्रशिक्षणार्थियों को विद्यालय में तीसरे सप्ताह के दौरान किए जाने वाले अवलोकन एवं गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में प्रो. रेणुका टुडू ने प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजीत कुमार सिंह ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को विद्यालय की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराना और उन्हें व्यवहारिक शिक्षण के लिए तैयार करना है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में मुख्य रूप से छह महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनमें मूल्यांकन एवं अवलोकन, शिक्षण शास्त्र का अभ्यास, पुस्तकालय प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं कल्याण जागरूकता, प्रयोगशालाओं का अध्ययन तथा खेलकूद का आयोजन शामिल है। प्रशिक्षणार्थी विद्यालय में इन सभी गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन करेंगे तथा विद्यालयी व्यवस्था और शिक्षण प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझेंगे। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने प्रशिक्षणार्थियों को अवलोकन के दौरान आवश्यक सावधानियों, शिक्षण पद्धतियों तथा विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों को समझने के तरीकों की जानकारी दी। प्रशिक्षणार्थियों ने भी कार्यशाला में सक्रिय भागीदारी करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में डॉ. शंकर सिंह, प्रो. बिनोद कुमार सुमन, प्रो. निलेश लकड़ा, प्रो. राजीव शर्मा, डॉ. रंजीत कुमार समेत महाविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं प्रशिक्षणार्थियों में अंजली आनंद, सतीश कुमार, ऋषभ कुमार, ललिता सोरेन, राजेंद्र हांसदा, डॉली किरण बेसरा, सुरुजमुनि सोरेन, अनीता मुर्मू, अदिति टुडू, दिनकर कुमार सिंह, प्रियंका कुमारी, पार्वती हांसदा, पवन पांडेय, शांति मुर्मू, मनीषा कुमारी, अंजना हेम्ब्रम सहित अन्य शामिल रहे।




# सुदिव्य सोनू के निधन से गिरिडीह ने खोया अपना अभिभावक : गुलाम मुस्तफा टार्जन

**फुटपाथ दुकानदार विक्रेता संघ ने पुष्प अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह फुटपाथ दुकानदार विक्रेता संघ की ओर से बुधवार को दिवंगत मंत्री सह गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मौके पर संघ के अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा टार्जन ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू एक अच्छे इंसान के साथ-साथ विकास के प्रति समर्पित जनप्रतिनिधि थे। उनके व्यवहार में भाईचारा, प्रेम, स्नेह और सादगी झलकती थी। यही वजह है कि उनके असमय निधन से समाज के हर वर्ग में शोक की लहर है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह को ऐसे जनप्रतिनिधि की कमी लंबे समय तक महसूस होगी। सामाजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार सागर ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू गिरिडीह के लोगों के लिए एक अभिभावक की भूमिका में रहे। उनके चले जाने से शहर और जिले के लोगों को गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने कहा कि दिवंगत विधायक गरीब, असहाय और मजदूर वर्ग की समस्याओं को गंभीरता से सुनते थे और उनकी आवाज को उचित मंच तक पहुंचाने का प्रयास करते थे। श्रद्धांजलि सभा में अफगान उर्फ बबलू, मोहम्मद इकबाल, सितारा, शक्ति कुमार शाह, तनवीर भाई सहित संघ के कई सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत सुदिव्य कुमार सोनू की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



# झारखंड में होम गार्ड भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**झारखंड।** झारखंड होम डिफेंस कॉर्प्स द्वारा होम गार्ड की भर्ती के लिए एक अधिसूचना जारी की गई है। जो उम्मीदवार झारखंड में होम गार्ड के रूप में सेवा करना चाहते हैं, वे जल्द ही इन पदों के लिए आवेदन कर सकेंगे। होम गार्ड पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया 11 अक्टूबर से शुरू होगी। कुल 772 होम गार्ड रिक्तियों को भरा जाएगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर 2026 है। होम गार्ड पदों के लिए आवेदन करने के लिए, उम्मीदवारों को भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से 7वीं या 10वीं कक्षा पास होना आवश्यक है। उम्मीदवारों की आयु 1 जनवरी 2026 के अनुसार निर्धारित की जाएगी। न्यूनतम आयु 19 वर्ष होनी चाहिए, और अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उम्मीदवारों का चयन शारीरिक परीक्षण, हिंदी लेखन क्षमता परीक्षण, और तकनीकी दक्षता परीक्षण के आधार पर किया जाएगा। जो उम्मीदवार शारीरिक परीक्षण में सफल होंगे, उन्हें हिंदी लेखन परीक्षण के लिए आमंत्रित किया जाएगा। हिंदी लेखन परीक्षण में 100 अंकों के प्रश्न होंगे; पास होने के लिए कम से कम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। जो उम्मीदवार इस परीक्षण में सफल होंगे, उन्हें तकनीकी दक्षता परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा।

# झारखंड में भी वंदे मातरम के दो छंद ही हों अनिवार्य, कांग्रेस विधायक दल के नेता ने लिखा सीएम को पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर झारखंड में भी "वंदेमातरम" के प्रारंभिक दो छंदों को ही अनिवार्य करने की मांग की है। उन्होंने कर्नाटक और केरल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां की सरकारों ने पहले ही इसे सरकारी कार्यक्रमों और विद्यालयों में अनिवार्य कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अपने निहित राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश के बहुधार्मिक जनभावनाओं के विपरीत "वंदे मातरम" के सभी छह छंदों को अनिवार्य कर रही है। प्रदीप यादव ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय और संसद के नए दिशा-निर्देशों के आलोक में "वंदे मातरम" के छह छंदों को गाना अनिवार्य किया गया है। हालांकि, उन्होंने तर्क दिया कि इसके प्रारंभिक दो छंद पूरी तरह से मातृभूमि की प्राकृतिक सुंदरता पर आधारित हैं और इनमें किसी भी विशेष धार्मिक प्रतीक का वर्णन नहीं है। उन्होंने कहा कि यह भारत की भौगोलिक और प्राकृतिक संपन्नता की प्रशंसा करता है, जिसे हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी बिना किसी संकोच के एक सुर में गा सकते हैं। पत्र में यह भी दावा किया गया है कि वर्ष 1937 में रवींद्रनाथ टैगोर और महात्मा गांधी की सलाह पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस, पंडित जवाहरलाल नेहरू और सरदार बल्लभ भाई पटेल की कमेटी ने इसे स्वीकार किया था। 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने इसे राष्ट्रीय गीत घोषित किया था।

### कांग्रेस नेताओं ने एसआइआर की अवधि बढ़ाने का किया स्वागत

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की अवधि एक माह बढ़ाने की अपील की गई थी। अब चुनाव आयोग की ओर से दावा और आपत्ति दर्ज कराने की अवधि 15 दिन बढ़ाने का फैसला लिया गया है। पार्टी के महासचिव लालकिशोर नाथ शाहदेव और सूर्यकांत शुक्ला ने चुनाव आयोग के इस फैसले का स्वागत किया है और अपील की है कि जो लोग छूट गए है, वो इसका फायदा उठाए। हालांकि पार्टी की ओर से एक महीने की अवधि बढ़ाने की मांग की गई थी।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर होगी कार्रवाई, संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। इसमें जिले में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम अभिम ), सदर अस्पताल के रक्त केंद्र, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पीएम अभिम के तहत लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने तथा योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े निर्माण एवं आधारभूत संरचना के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। रक्त केंद्र की समीक्षा के दौरान उन्होंने पर्याप्त संसाधन उपलब्ध रखने, रक्त संग्रहण की व्यवस्था बेहतर करने तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने पर जोर दिया। संस्थागत प्रसव की नियमित होगी समीक्षा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने सहिया कर्मियों के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग और संस्थागत प्रसव की मासिक समीक्षा करने को कहा। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को चिह्नित कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए, जबकि बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों व पैरामेडिकल कर्मियों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, मरीजों को मिल रही सुविधाओं और अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। बैठक में सिविल सर्जन समेत स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, एनएचएम एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



# 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। बिरसा मुंडा विमानपत्तन में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस साल अभियान की थीम स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत रखी गई है। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता को केवल सफाई तक सीमित नहीं रखना, बल्कि इसमें आम लोगों की भागीदारी और सामूहिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना है। अभियान को पांच प्रमुख क्षेत्रों में आगे बढ़ाया जाएगा। पहले क्षेत्र में क्लीनलिनेस टारगेट यूनिट्स और स्वच्छ सार्वजनिक स्थलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चिन्हित स्थानों की समयबद्ध सफाई, सुधार और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। एयरपोर्ट के आसपास के उपयुक्त क्षेत्रों को भी स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में काम होगा। दूसरे क्षेत्र के तहत स्वच्छ पाठशाला और




युवा फॉर स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। विद्यार्थियों और युवाओं को स्वच्छता अभियान से जोड़ा जाएगा। उन्हें कचरा प्रबंधन से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। स्वच्छता और जल संरक्षण को लेकर संवाद और विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूकता बढ़ाई जाएगी। तीसरे क्षेत्र में सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान पर जोर रहेगा। सफाई मित्रों और सैनिटेशन वर्कर्स के लिए स्वास्थ्य जांच, सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ाव पर ध्यान दिया जाएगा। उनके योगदान को पहचान देते हुए उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा।

चौथे क्षेत्र में जनभागीदारी फॉर स्वच्छता के तहत लोगों को कचरे के चार स्तरों पर पृथक्करण, रिड्यूस-रियूज-रिसाइकल और प्लास्टिक मुक्त गतिविधियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। खेल, पर्यावरण अनुकूल आयोजनों और "एक पेड़ मां के नाम" जैसी गतिविधियों के जरिए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर भी विशेष जागरूकता कार्यक्रम होंगे। 5वें क्षेत्र स्वच्छता से समृद्धि के तहत लोगों को यह समझाने का प्रयास होगा कि कचरा केवल बेकार सामग्री नहीं है। सही उपयोग और प्रबंधन से इसे उपयोगी संसाधन में बदला जा सकता है। इसके लिए "वेस्ट टू वेल्थ", "कबाड़ से जुगाड़", "कबाड़ से कला" और रिसाइक्लर्स मीट जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। अभियान का संदेश है कि स्वच्छता केवल सरकार या किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। इसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। प्रयास है कि लोगों की सहभागिता बढ़े, व्यवहार में सकारात्मक बदलाव आए और स्वच्छता रोजमर्रा की आदत बने।

## धनबाद में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़, सागर घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद**। निरसा इलाके में बुधवार शाम पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से सागर नामक अपराधी घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार ने पुलिस मुठभेड़ की पुष्टि की है। एसएसपी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि सागर अपने कुछ साथियों के साथ धनबाद में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने निरसा इलाके में घेराबंदी की। इसी दौरान पुलिस और अपराधियों के बीच फायरिंग शुरू हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में सागर को गोली लगी। कार्रवाई के दौरान उसके दो साथियों को भी पकड़े जाने की सूचना है। घायल सागर सिंह का नाम जमशेदपुर के चर्चित कारोबारी निखार सबलोक हत्याकांड से भी जुड़ा बताया जा रहा है। फिलहाल घायल सागर का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की 30 छात्राओं को वायरल फीवर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुमला**। जिले के डुमरी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं के बीमार पड़ने से विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। लगभग 30 छात्राओं में सर्दी, खांसी और बुखार जैसे लक्षण सामने आने के बाद मंगलवार रात इलाज के लिए सीएचसी डुमरी लाया गया। आवासीय विद्यालय में बड़ी संख्या में छात्राएं एक साथ रहकर पढ़ाई करती हैं। ऐसे में कई छात्राओं में एक साथ बीमारी के लक्षण सामने आने के बाद संक्रमण को लेकर भी चिंता बनी हुई है। बीमार छात्राओं को सीएचसी डुमरी पहुंचाए जाने के बाद चिकित्सकों ने उनकी स्वास्थ्य जांच की। जांच के दौरान छात्राओं में मुख्य रूप से सर्दी, खांसी और बुखार जैसे लक्षण पाए गए। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सीएचसी डुमरी के नजदीक है। बावजूद बीमार छात्राओं को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। मजबूरी में छात्राओं को दूसरे माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। जिसको लेकर परिजनों ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े किए।

सीएचसी डुमरी के चिकित्सक डॉ अलबेल केरकेट्टा ने बताया कि अस्पताल लाई गई छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की गई है। जांच के बाद प्रथम दृष्टया छात्राओं में वायरल फीवर के लक्षण पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मौसम में बदलाव और बरसात के दौरान संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। छात्राओं को पर्याप्त आराम करने, साफ पानी पीने और चिकित्सकों की सलाह के अनुसार दवा लेने की बात कही। शिक्षिका दिव्या स्वर्णा टोप्पो ने बताया कि छात्राएं आवासीय विद्यालय में एक साथ रहती हैं और पढ़ाई करती हैं। ऐसे में किसी एक छात्रा में वायरल संक्रमण होने पर संपर्क के कारण अन्य छात्राओं में भी संक्रमण फैलने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में संक्रमण फैलने की आशंका को देखते हुए बीमार छात्राओं को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी लाया गया है।

विद्यालय की शिक्षिका दिव्या स्वर्णा टोप्पो ने बताया कि बरसात के मौसम के कारण वायरल फीवर फैल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि एक बच्ची इसकी चपेट में आती है तो धीरे-धीरे दूसरी बच्चियों में भी इसके लक्षण दिखाई देने लगते हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल छात्राओं में सर्दी, खांसी और बुखार की शिकायत है। बीमार छात्राओं की डॉक्टरों द्वारा देखा जा रहा है और जांच के बाद आवश्यक इलाज की जाएगी।

# भारत रोइंग टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे झारखंड के जसविंदर सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। झारखंड के रोवर जसविंदर सिंह का चयन 20वें एशियाई खेल 2026 के लिए भारतीय रोइंग दल (नाविक) में हुआ है। जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले एशियाई खेलों में जसविंदर भारत की ओर से रोइंग स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। वह पुरुष वर्ग की मेंस फोर्स स्पर्धा में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। रोइंग की स्पर्धाएं 20 से 24 सितंबर तक जापान के नागारागावा इंटरनेशनल रेगाटा कोर्स, कैजू में आयोजित होंगी।




जसविंदर सिंह ने वर्ष 2019 में रोइंग की शुरुआत की थी। उन्होंने पतरातू डैम में अपने कोच रंजीत सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण शुरू किया। रोइंग में कदम रखने के उसी वर्ष उन्होंने 2019 की राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप में पुरुष जोड़ी स्पर्धा में साथी रोवर लखवीर सिंह के साथ कांस्य पदक जीता था।

इसके बाद जसविंदर ने पुणे स्थित राष्ट्रीय टीम प्रशिक्षण शिविर यानी आर्मी रोइंग नोड में प्रशिक्षण लिया। वह पिछले एक वर्ष से इस शिविर में अभ्यास कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने अपनी तकनीक और प्रदर्शन को बेहतर किया, जिसके बाद अब उन्हें भारतीय दल में जगह मिली है। जसविंदर सिंह ने कहा, भारत की ओर से एशियाई खेलों में प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व का पल है। इस मुकाम तक पहुंचने में मेरे कोच, परिवार और साथियों का बड़ा योगदान रहा है। मैं जापान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करूंगा और देश के साथ-साथ झारखंड का नाम भी रोशन करूंगा।

## वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। थाना क्षेत्र के बरैलीचक निवासी संतोष कुमार व नीतीश कुमार तथा पीरू गांव निवासी गया यादव को हसपुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसे न्यालय में पेश कर बुधवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया की जेल भेज गए तीनों के खिलाफ न्यायलय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था। जिसे लेकर पुलिस पिछले काफी दिनों से तलाश रही थी। उन्होंने बताया की गिरफ्तार वारंटियों को कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गैर जमानती वारंटियों कै खिलाफ गिरफ्तारी अभियान चल रहा है।

# मेदिनीनगर टाउन थाना का बदलेगा स्वरूप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पलामू प्रमंडल के मेदिनीनगर टाउन थाना का स्वरूप बदलने वाला है। टाउन थाना को हाईटेक और पब्लिक फ्रेंडली बनाया जाएगा। मेदिनीनगर टाउन थाना में पार्क भी डेवलप किया जा रहा है। दरअसल, मेदिनीनगर पलामू प्रमंडल का मुख्यालय है। मेदिनीनगर में कमिश्नर, आईजी, डीआईजी, यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज, डीसी, एसपी समेत कई प्रमंडल स्तर के कार्यालय हैं। पलामू में वीआईपी मूवमेंट या कोई भी बड़े मामले मेदिनीनगर टाउन थाना की भूमिका होती है। थाना कैंपस में पार्क के साथ-साथ पार्किंग की भी व्यवस्था की जा रही है। कुछ दिनों पहले थाना के अगल-बगल से अतिक्रमण को हटाया गया था। थाना के अगल-बगल के इलाके को सुरक्षा को ध्यान में रखकर नो पार्किंग जोन घोषित किया गया था। टाउन थाना परिसर में उच्च क्षमता के सीसीटीवी भी लगाए जा रहे हैं। दरअसल, मेदिनीनगर शहरी इलाके में 1.10 लाख के करीब आबादी रहती है। पूरे शहर की जिम्मेवारी मेदिनीनगर टाउन थाना पर है। मेदिनीनगर की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखकर टाउन थाना को मॉडल थाना के रूप में डेवलप किया जा रहा है और कई इलाकों में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। टाउन थाना के स्वरूप के साथ-साथ आम लोगों की सुविधा के लिए भी कई कदम उठाए जा रहे हैं। थाना परिसर में अलग-अलग विंग भी बनाए जाएंगे, जो आम लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। पलामू एसपी कपिल चौधरी ने हाल के दिनों में कई बार टाउन थाना का निरीक्षण भी किया है। एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि टाउन थाना को मॉडल थाना के रूप में डेवलप किया जा रहा है और कई बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। टाउन थाना में पार्क बनाया जाना है और कई सुविधाएं बढ़ाई जा रही है।

# 17 सितंबर को पूरे जिले में होगा 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 17 सितंबर 2026 को औरंगाबाद जिले में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जिले में 'सेवा संकल्प अभियान' की विधिवत शुरुआत होगी। कार्यक्रम के माध्यम से सेवा, सहभागिता, समर्पण एवं जनकल्याण की भावना को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाने का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर जिले के प्रमुख 10 स्थलों सहित विभिन्न स्थानों पर जनभागीदारी के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर सेवा एवं जनकल्याण के संकल्प को साकार किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत जिलेवासी अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर भी दीया जलाकर अभियान में सहभागी बन सकते हैं। 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के तहत गांधी मैदान, देव मंदिर, उमगा मंदिर, गजना धाम, एस.एन. सिन्हा कॉलेज सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर भी दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जिला प्रशासन सभी जिलेवासियों से अपील करता है कि 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' जलाकर 'सेवा संकल्प अभियान' में सहभागी बनें तथा 'एक दीया सेवा के नाम' जलाकर सेवा एवं जनकल्याण के संकल्प को जनभागीदारी का स्वरूप प्रदान करें। आमजन कार्यक्रम की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर इस जनभागीदारी अभियान के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में सहयोग करें। 'सेवा संकल्प अभियान' के माध्यम से सेवा, सहभागिता एवं समर्पण की भावना को प्रोत्साहित करते हुए जनकल्याण के कार्यों में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## हिंदी दिवस : कई प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। कन्या इंटर विद्यालय में मंगलवार को हिंदी दिवस पर सामान्य ज्ञान, भाषण एवं स्वरचित कविता वाचन प्रतियोगिता में छात्राओं का उत्साह और उनकी प्रतिभा दिखी। मुख्य अतिथि मुख्यपार्षद अंजली कुमारी, सशक्त स्थायी समिति सदस्य जयगोविन्द प्रसाद, वार्ड पार्षद दिनेश प्रसाद, प्रतिनिधि अमित कुमार, ने उद्घाटन किया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य रवींद्रनाथ ने जबकि संचालन शिक्षक अनुज कुमार पांडेय ने किया। हिंदी भाषा पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित में प्रथम गुड़िया कुमारी, द्वितीय प्रतिमा कुमारी और तृतीय स्थान पर रेशमी कुमारी रही। सभी नवम वर्ग की छात्रा हैं। इसके अलावा प्रतियोगिता में टॉप-10 में स्थान बनाने वाली सभी छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता रूखसाना प्रवीण, अनुप्रिया कुमारी एवं अलीशा कुमारी सफल रही। स्वरचित कविता वाचन प्रतियोगिता में नेहा प्रवीण, अश्विनी कुमारी एवं अंशुप्रिया सदल रही। निर्णायक मंडली में शिक्षक पिंटू कुमार, नन्दू कुमार एवं सत्यम पांडेय शामिल थे। शिक्षा विभाग द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाली दशम वर्ग की छात्रा अनु कुमारी को सम्मानित किया गया।

# हेमंत सोरेन की आईए पर सुनवाई पूरी, हाईकोर्ट ने आदेश रखा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। बड़गांई की 8.86 एकड़ जमीन से जुड़े कथित फर्जीवाड़े के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत में हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल हस्तक्षेप याचिका यानी आईए पर सुनवाई पूरी हो गई है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने इस मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। मुख्यमंत्री की ओर से दाखिल आईए में रांची की विशेष पीएमएलए अदालत के उस आदेश पर 19 सितंबर तक रोक लगाने की मांग की गई है, जिसमें उनकी डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी गई थी। इसके साथ ही ट्रायल कोर्ट में चल रही आगे की आपराधिक कार्यवाही पर भी रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। सुनवाई के दौरान इडी की ओर से वरीय अधिवक्ता अमित कुमार दास और अधिवक्ता सौरव कुमार ने अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखा। वहीं, हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने पैरवी की। मामले की जानकारी हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने दी। दरअसल, रांची की विशेष पीएमएलए अदालत ने 8 जून 2026 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी थी। निचली अदालत ने इडी की ओर से पेश किए गए तथ्यों के आधार पर कहा था कि इस स्तर पर हेमंत सोरेन के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है। इसी आदेश को हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उनकी ओर से दाखिल क्रिमिनल रिवीजन याचिका में निचली अदालत के आदेश को रद्द करने और मामले में चल रही आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस मामले में 9 सितंबर को हुई पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था।

# आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल में हिंदी सम्मान समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। स्थानीय आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल, दोस्ताना अंबा के परिसर में बुधवार को हिंदी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह का उद्देश्य नई पीढ़ी को हिंदी के महत्व से जोड़ना तथा भाषा एवं साहित्य के प्रति रुचि विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला साहित्य सम्मेलन के महामंत्री धनंजय कुमार जयपुरी, शिक्षक दयानंद सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी हसपुरा डॉ. चंदन कुमार, प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, शिक्षक अशोक कुमार, दिनेश गुप्ता, प्रमोद मेहता, ब्रजकिशोर मेहता, संजय कुमार, वेद प्रकाश तिवारी एवं विद्यालय के निदेशक विनय कुमार, प्राचार्य व अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप



प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने वाणी वंदना की प्रस्तुति दी। इसके बाद कविता-पाठ, भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिता में बच्चों ने हिस्सा लिया। 'वैश्विक मंच पर हिंदी की बढ़ती साख' और 'दैनिक जीवन में मातृभाषा की प्रासंगिकता' जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। विद्यालय के रंगमंच दल ने कबीर, तुलसी और मुंशी प्रेमचंद के साहित्यिक योगदान पर आधारित लघु नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही बटोरी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पदक, प्रशस्ति पत्र और पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया। हिंदी शिक्षण को प्रभावी बनाने वाले शिक्षकों को भी विद्यालय प्रबंधन ने सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक विरासत और अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में दैनिक जीवन में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग और भाषा के संरक्षण-संवर्धन का सामूहिक संकल्प लिया गया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। मौके पर प्रवीण कुमार, अवकाश प्राप्त शिक्षक बृजमोहन राम, शिक्षक त्रिपुरारी , रामजीत सिंह समेत विद्यालय के सभी शिक्षक, बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# विश्व ओजोन दिवस पर दाउदनगर महाविद्यालय में सेमिनार आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। दाउदनगर महाविद्यालय के प्रेमचंद सभागार में प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. एमएस इस्लाम के निर्देशन एवं संरक्षण में वनस्पति विज्ञान एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्व ओजोन दिवस पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ओजोन परत के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन एवं सतत पर्यावरणीय प्रबंधन के प्रति विद्यार्थियों और आमजन को जागरूक करना था। अध्यक्षता भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. देव प्रकाश ने की। उन्होंने ओजोन परत के संरक्षण को महत्वपूर्ण पर्यावरणीय आवश्यकता बताते हुए कहा कि पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान के लिए तकनीकी उपायों के साथ सामूहिक जागरूकता एवं जिम्मेदार नागरिक सहभागिता भी जरूरी है। उन्होंने प्राचीन ज्ञान और आधुनिक तकनीक को एक-दूसरे का सहयोगी बनाने पर जोर दिया। वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक प्राचार्य सह विभागाध्यक्ष डॉ. सुमित कुमार मिश्र ने 'सस्टेनेबल कूलिंग इन अ वार्मिंग वर्ल्ड' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल से किगाली संशोधन तक ओजोन संरक्षण की वैश्विक यात्रा, ऊर्जा-कुशल उपकरणों, निष्क्रिय शीतलन तकनीकों, जलवायु-अनुकूल रेफ्रिजरेंट और सतत शीतलन नीतियों पर चर्चा की। रसायन विज्ञान विभाग के सहायक प्राचार्य सह विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन शेखर ने 'केमिस्ट्री ऑफ ओजोनः निर्माण, प्रतिक्रिया एवं क्षय' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने ओजोन गैस की रासायनिक संरचना, निर्माण एवं क्षय की प्राकृतिक प्रक्रिया, मानवजनित रसायनों के प्रभाव तथा अंटार्कटिका के ऊपर ओजोन क्षय के कारणों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के डॉ. कुणाल किशोर ने किया। उन्होंने विश्व ओजोन दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन दर्शनशास्त्र विभाग के डॉ. रोजी कांत ने किया। सेमिनार में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कुटुंबा में केंद्रीय या नवोदय विद्यालय की पहल तेज

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय अथवा नवोदय विद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर पहल तेज हो गई है। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी को पत्र लिखकर कुटुंबा में उपयुक्त केंद्रीय शैक्षणिक संस्थान की स्थापना की मांग पर विचार करने का आग्रह किया है। यह पहल लोजपा (रामविलास) बिहार महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव नीलम देवी के अभ्यावेदन के बाद हुई है। नीलम देवी ने कुटुंबा में केंद्रीय या नवोदय विद्यालय खोलने की मांग करते हुए क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सरकारी शिक्षा संस्थानों की कमी का मुद्दा उठाया था। चिराग पासवान ने शिक्षा मंत्री को लिखे पत्र में कुटुंबा के ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की शैक्षणिक कठिनाइयों का उल्लेख किया है। पत्र में कहा गया है कि बेहतर शिक्षण संस्थान के अभाव में विद्यार्थियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जबकि निजी स्कूलों की फीस गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालती है। केंद्रीय मंत्री ने क्षेत्र की सामाजिक एवं शैक्षणिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। पत्र के बाद कुटुंबा में केंद्रीय विद्यालय या नवोदय विद्यालय की स्थापना को लेकर उम्मीदें बढ़ी हैं।

# मेडिकल डिवाइस की सुरक्षा निगरानी में अब महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा एमएलएस कॉलेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। महादेवा लाल श्रॉफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी, औरंगाबाद ने शिक्षा और शोध के साथ जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। भारतीय भेषजसंहिता आयोग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने कॉलेज को भारत का मैटेरियोविजिलेंस प्रोग्राम के अंतर्गत मेडिकल डिवाइस एडवर्स इवेंट मॉनिटरिंग सेंटर के रूप में मान्यता प्रदान की है। यह मान्यता 7 सितंबर 2026 से प्रभावी है। इस उपलब्धि से औरंगाबाद का यह संस्थान मेडिकल डिवाइस से जुड़ी प्रतिकूल घटनाओं की निगरानी और रिपोर्टिंग के राष्ट्रीय तंत्र का हिस्सा बन गया है। कॉलेज के लिए इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस केंद्र के माध्यम से मेडिकल डिवाइस के उपयोग के दौरान सामने आने वाली प्रतिकूल घटनाओं से संबंधित सूचनाओं और आंकड़ों को एकत्रित, संकलित एवं व्यवस्थित किया जाएगा। इसके बाद इन आंकड़ों को समय-समय पर एमवीपीआइ के राष्ट्रीय समन्वय केंद्र को रिपोर्ट किया जाएगा। इससे मेडिकल डिवाइस की सुरक्षा पर नजर रखने, संभावित जोखिमों की पहचान करने और मरीजों की सुरक्षा को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। जानकारी के अनुसार एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने 18 अगस्त 2026 को दवाओं के प्रतिकूल असर की निगरानी प्रणाली में कार्यक्रम समन्वयक के रूप में पंजीकरण कराया था। इसके माध्यम से कॉलेज ने भारत का मैटेरियोविजिलेंस प्रोग्राम में भागीदारी के लिए आवेदन एवं पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद आइपीसी के राष्ट्रीय समन्वय केंद्र की ओर से कॉलेज को अपने एमडीएमसी नेटवर्क में शामिल करने की स्वीकृति प्रदान की गई। एमडीएमसी के रूप में कॉलेज की प्रमुख जिम्मेदारियों में मेडिकल डिवाइस से संबंधित प्रतिकूल घटनाओं की जानकारी जुटाना और उनकी रिपोर्टिंग करना शामिल होगा। मेडिकल डिवाइस में किसी प्रकार की समस्या, उसके इस्तेमाल से सामने आने वाली प्रतिकूल घटना अथवा मरीज की सुरक्षा से जुड़ी किसी चिंता की जानकारी निर्धारित तंत्र के माध्यम से एकत्रित की जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य मेडिकल डिवाइस के इस्तेमाल से जुड़े संभावित जोखिमों की पहचान करना और उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर उनकी सुरक्षा को लेकर आवश्यक कदम उठाने में सहयोग करना है। इससे चिकित्सकों, फार्मासिस्टों, स्वास्थ्यकर्मियों और आम लोगों के बीच मेडिकल डिवाइस के सुरक्षित एवं तर्कसंगत इस्तेमाल को लेकर जागरूकता बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी। आइपीसी की ओर से जारी पत्र के अनुसार, एनसीसी-एमवीपीआइ द्वारा एमडीएमसी के सुचारु संचालन के लिए कॉलेज को आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम, मेडिकल डिवाइस से संबंधित नवीनतम जानकारी तथा तकनीकी और संसाधन सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्र के प्रदर्शन और कार्यप्रणाली के आधार पर भविष्य में मैटेरियोविजिलेंस एसोसिएट की सुविधा उपलब्ध कराने पर भी विचार किया जा सकता है।

कॉलेज प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एमडीएमसी के रूप में मान्यता मिलने से विद्यार्थियों और शिक्षकों को मेडिकल डिवाइस की सुरक्षा निगरानी से जुड़े व्यावहारिक एवं राष्ट्रीय स्तर के तंत्र को समझने का अवसर मिलेगा। साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों और आम जनता के बीच मेडिकल डिवाइस के सुरक्षित उपयोग को लेकर जागरूकता पैदा करने में भी कॉलेज महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगा। कॉलेज प्रबंधन के अनुसार, यह उपलब्धि केवल संस्थान के लिए गौरव का विषय नहीं है, बल्कि औरंगाबाद और आसपास के क्षेत्र में जनस्वास्थ्य से जुड़े प्रयासों को मजबूत करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षा, अनुसंधान और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार गतिविधियों के बीच मेडिकल डिवाइस की सुरक्षा निगरानी से जुड़े राष्ट्रीय कार्यक्रम में कॉलेज ऑफ फार्मेसी के लिए एक नई जिम्मेदारी और अवसर लेकर आया है।

# कुटुंबा में प्री टास्क के तहत रात्रि रक्त संग्रह अभियान शुरू, दो पंचायतों में उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलाए जा रहे प्री ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे के अंतर्गत रात्रि रक्त संग्रह अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुटुंबा के अंतर्गत ग्राम पंचायत घेवरा और ग्राम पंचायत संडा के किशुनपुर गांव में शुरू किया गया। ग्राम पंचायत घेवरा में कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया जितेंद्र पासवान के द्वारा किया गया, जबकि किशुनपुर में ग्राम पंचायत संडा के मुखिया गुलाम सरवर ने अभियान का शुभारंभ किया।


**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएल-55-26; दिनांक 15.09.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य को पूरा करने की वित्तीय क्षमता तथा विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस रखने वाले प्रतिष्ठित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** आसनसोल मंडल - आरपीएफ द्वारा निगरानी के लिए आसनसोल मंडल के तहत 7 अदद ऊंचे स्तम्भ खंभे पर अत्यंत उच्च टीवीयू वाले एलसी गेटों पर सीसीटीवी तथा राष्ट्रीय ध्वज स्तम्भ का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 35,84,085.70.; **बयाना राशि:** रु. 71,700; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **बंद एवं खुलने की तारीख एवं समय:** 16.10.2026 को 11.00 बजे। **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

(ASN-262/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**विद्युत (परिचालन) विभाग, धनबाद से सम्बंधित कार्य हेतु खुले ई–निविदा के लिए निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा संख्या :** GEM/2026/B/8033904, dated 14/09/2026, **क्रम सं० : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि :** धनबाद मंडल अंतर्गत गढ़वा रोड रनिंग रूम में सम्पूर्ण प्रबंधन के साथ क्रू के लिए भोजन बनाना, केयर टेकिंग, साफ – सफाई और बागवानी, न्यूज पेपर और मैगजीन की आपूर्ति, कपड़ों की धुलाई एवं रहने वाले क्रू को रियायती भोजन उपलब्ध कराना शामिल है की 03 वर्षों के लिए आउटसोर्सिंग। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रु. 1,63,07,340.00, **3. अग्रधन राशि :** रु. 2,31,600.00, **4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा का बंद होना : 05.10.2026 को 17:00 बजे, ई–निविदा का खुलने : 06.10.2026 को 17:00 बजे, **5. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट **http://gem.gov.in** विशेषः ई–निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि०)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/0918/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/26–27/36

# उपायुक्त कार्यालय में जन समाधान दिवस का आयोजन

## जमीन से संबंधित मामले लेकर पहुंचे अधिक फरियादी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जन समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जन समाधान दिवस में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये लोगों ने अपनी समस्याओं को डीसी के समक्ष रखा। पब्लिक की बातों को सुनते हुए उपायुक्त श्री शेखावत ने मौके पर ही संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवेदनों की प्रति अग्रसारित करते हुए त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित करने की बात कही। जन समाधान में लोगों ने अवैध एलपीसी, भूमि सुधार उप समाहर्ता के आदेश के बावजूद सीओ द्वारा कार्य नहीं करने, कब्जा हटाने, जमीन हड़पने के उद्देश्य से जबरन बुनियाद काटने, मारपीट व रंगदारी मांगने के संबंध में,अबुआ आवास का दूसरा किस्त का भुगतान नहीं किये जाने समेत अन्य मामलों को लेकर शिकायत किया। उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया व आवेदकों को शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

जन समाधान में हैदरनगर, पाण्डु, सदर मेदिनिगर,उंटारी रोड, छत्तरपुर, पांकी सहित अन्य क्षेत्र से



लोग आवेदन लेकर पहुंचे थे। उपरोक्त के अतिरिक्त जन समाधान दिवस में मुख्य रूप से भूमि विवाद, सार्वजनिक रास्ता रोकने,अयोग्य लाभुकों को पीएम आवास दिये जाने, दाखिल खारिज, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग,सेविका में गलत महिला का चयन होने, आपूर्ति, पेयजल, शिक्षा,कल्याण विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये।

## पीपरा में वज्रपात से किसान की मौत, एक महिला घायल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीपरा/हरिहरगंज।** पलामूःवज्रपात की दो अलग-अलग घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल हो गई।पहली घटना पीपरा प्रखंड के दलपतपुर गांव की है। गांव निवासी कुलदीप यादव (50), पिता स्वर्गीय सीता यादव मवेशी चराने गए थे। इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत हरिहरगंज अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना पीपरा थाना क्षेत्र के मधुबाना गांव में हुई। गांव निवासी नागमती देवी (35), पति सुनील प्रजापति जंगल में थीं, तभी वज्रपात की चपेट में आने से घायल हो गईं। ग्रामीणों की मदद से उन्हें छतरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# त्योहारों को लेकर पुलिस को सतर्क रहने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** एसपी अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में अगस्त माह की मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में डीएसपी, एसडीपीओ, पुलिस निरीक्षक, थाना व ओपी प्रभारी, शाखा प्रभारी, अपर लोक अभियोजक एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी मौजूद रहे।

एसपी ने गणेश चतुर्थी के मूर्ति विसर्जन सहित आगामी त्योहारों को देखते हुए सभी संवेदनशील स्थलों पर सतत निगरानी रखने और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने का निर्देश दिया। मामलों का निर्धारित समय में निष्पादन मामलों में तेजी लाने को कहा गया। लंबित वारंट और कुर्की के 50 प्रतिशत निष्पादन का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया। अपराध समीक्षा में अगस्त में 94 कांड प्रतिवेदित होने



और 124 कांडों के निष्पादन की जानकारी दी गई। लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया।

सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए डीटीओ से समन्वय कर नियमित वाहन जांच, हेलमेट, सीट बेल्ट, कागजात और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया। चोरी, लूट और गृहभेदन रोकने के लिए गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा अवैध पत्थर, कोयला, बालू और मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ लगातार छापेमारी, महिला-बाल सुरक्षा, साइबर अपराध, मानव तस्करी व बाल विवाह को लेकर जागरूकता अभियान चलाने तथा लंबित चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट और परिवादों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

# अभिभावक-शिक्षकों की त्रैमासिक बैठक

## मोबाइल पर रोक और बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए भी सख्त नियम तय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय पाकुड़ राज+2 में बुधवार को द्वितीय त्रैमासिक अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाचार्य राजू नन्दन साहा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिता पूर्ति शामिल हुईं। बैठक में 207 अभिभावकों ने भाग लिया, जिनमें 115 पुरुष और 92 महिला अभिभावक शामिल थीं।

डीईओ अनिता पूर्ति ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय के साथ घर का वातावरण और अभिभावकों की निगरानी भी जरूरी है। प्रभारी प्रधानाचार्य ने विद्यालय के नियमों के पालन में अभिभावकों से सहयोग की अपील की।बैठक में छात्रों की न्यूनतम उपस्थिति 75 प्रतिशत अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया। इसे भविष्य में 80 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। निर्धारित





उपस्थिति से कम रहने वाले छात्रों को एसए-1 परीक्षा में शामिल नहीं करने की बात कही गई। वहीं, कक्षा 10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षार्थियों की कम उपस्थिति होने पर उनका नाम सीबीएसई की एलओसी में शामिल नहीं करने का निर्णय लिया गया।

विद्यालय परिसर में मोबाइल फोन लाने पर भी पूरी तरह रोक रहेगी। छात्र के पास मोबाइल मिलने पर उसे जब्त कर लिया जाएगा और अभिभावक की उपस्थिति में ही वापस किया जाएगा। यूनिफॉर्म में विद्यालय आना अनिवार्य किया गया है। अभिभावकों को बच्चों की कॉपियां नियमित रूप से जांच कर हस्ताक्षर करने की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में एसए-1 और रेल परीक्षाओं की तैयारी पर भी चर्चा हुई। साथ ही विद्यालय के 100 मीटर के दायरे को नशामुक्त क्षेत्र बनाए रखने का निर्णय लिया गया। शिक्षकों ने अभिभावकों से व्यक्तिगत संवाद कर बच्चों की शैक्षणिक प्रगति और कमियों की जानकारी दी। राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन हुआ।

# दक्षिणेश्वर काली मंदिर की तर्ज पर बन रहा है पूजा पंडाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में इस बार दक्षिण कोलकाता के भव्य मां दुर्गा मंदिर की झलक देखने को मिलेगी। मसौढ़ी अनुमंडल मुख्यालय स्थित सतीस्थान जीरो माइल के पास श्री श्री भारत माता पूजा समिति की ओर से इसी तर्ज पर आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। बंगाल से आए कलाकारों द्वारा मंदिर के स्वरूप का पंडाल तैयार किया जा रहा है।

यह पंडाल लगभग 40 फीट ऊंचा और 50 फीट चौड़ा होगा। नवरात्र अनुष्ठान को लेकर पंडाल निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। समिति के अनुसार इस बार पंडाल के अंदर ऑपरेशन सिंदूर की झलक भी देखने को मिलेगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण होगी।

गौरतलब है कि मसौढ़ी थाना के पास भारत माता पूजा समिति द्वारा पिछले 46 वर्षों से हर साल अलग-अलग थीम पर पूजा पंडाल बनाए जा रहे हैं। इससे पूर्व केदारनाथ मंदिर, महावीर मंदिर, दिल्ली के लोटस टेंपल और स्वर्ण मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाए जा चुके हैं।

आयोजन समिति की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। पंडाल परिसर में सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन व्यवस्था, स्वयंसेवकों की तैनाती और वॉच टावर की व्यवस्था रहेगी।

इस मौके पर समिति के अध्यक्ष शंभू कुमार सिंह, सचिव मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष चंद्र कुमार रेड्डी, मोहम्मद अरफराज साहिल, कुंदन सिंह, रिंकू कुमार, विवेकानंद सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## परीक्षा को लेकर चास में निषेधाज्ञा लागू

**बोकारो।** कर्मचारी चयन आयोग के चयन पदों की परीक्षा को लेकर चास अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू की गई है। परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एसडीएम चास प्रांजल ढांडा ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत यह आदेश जारी किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर संगोष्ठी

**खूंटी।** भगत सिंह चौक पर अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर मंगलवार की देर शाम मातृभूमि नीर संरक्षण संघ के तत्वावधान में एक सगोष्ठी आयोजित किया गया। मातृभूमि नीर संरक्षण संघ के अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार घोष ने कहा कि जब हर आवाज गिनी जाती है, तभी लोकतंत्र सफल होता है।अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन घोष ने कहा कि लोकतंत्र सिर्फ चुनाव तक सीमित नहीं है। यह मानवाधिकार, कानून का राज, समान भागीदारी और जवाबदेह संस्थाओं पर टिका है। मुरहू के समाजसेवी डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसे 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' कहा जाता है। ग्राम सभा, पंचायत और नागरिकों की भागीदारी ही जमीनी लोकतंत्र को मजबूत करती है। इस दौरान युवा ध्रुवेन्द्र भास्कर ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। कार्यक्रम में शिक्षक पूर्व शिक्षक सुधांशु कुमार दत्ता, जितेन्द्र पांडे, तुलसी प्रजापति, अनुप राय सहित सभी ने लोकतांत्रिक मूल्यों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण भागीदारी की शपथल ली

# किताझोर में डालसा ने लगाया विधिक जागरूकता शिविर

## नशामुक्त समाज बनाने पर हुई विस्तृत चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) पाकुड़ की ओर से किताझोर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष दिवाकर पांडेय के निर्देश तथा डालसा सचिव रूपा बंदना किरो के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

शिविर में नालसा की डॉन योजना के तहत समाज को नशामुक्त बनाने और संवाद व जागृति योजना के तहत लोगों को कानून की जानकारी देने पर जोर दिया गया।

जिला को-ऑर्डिनेटर मो. आलम, किताझोर के वार्ड पार्षद मिथुन मरांडी एवं नेशनल एसोसिएशन के अध्यक्ष जेडएच विश्वास ने नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली मानसिक और शारीरिक हानि के प्रति लोगों को जागरूक किया तथा तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील की। पैरा लीगल वॉलंटियर्स याकूब अली और मोकमाउल शेख ने डालसा की ओर से उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी। उन्होंने जरूरतमंद लोगों से कानूनी सहायता के लिए नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क करने की अपील की।मौके पर पैरा लीगल वॉलंटियर्स अमूल्य रत्न रविदास, एजारूल शेख, सामाजिक कार्यकर्ता फजर शेख, स्वपन प्रभाणिक, मो. मोताबाबर शेख, हबीबुर शेख, शीला सोरेन, जाकिर हुसैन, इनायतुल शेख, आशिकूल अंसारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# पाकुड़ में 18, 24 और 28 सितंबर को लगेगा विशेष रक्तदान शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले में पर्याप्त रक्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 18, 24 और 28 सितंबर को विशेष रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई। बैठक में रक्तदान अभियान की तैयारियों और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों और संस्थानों के लिए रक्तदान का लक्ष्य निर्धारित करते हुए अधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और आम लोगों से समन्वित प्रयास के साथ अभियान को सफल बनाने की अपील की।

जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से तीनों तिथियों पर ब्लड बैंक, पाकुड़ में विशेष रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों, थैलेसीमिया और एनीमिया से पीड़ित मरीजों समेत गंभीर परिस्थितियों में रक्त की जरूरत होती है। ऐसे में समय पर रक्त उपलब्ध कराने के लिए नियमित रक्तदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का पुनीत कार्य है और किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने चैंबर ऑफ कॉमर्स, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की अपील की।

उपायुक्त ने बताया कि बेहतर योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे तथा उत्कृष्ट योगदान करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों से अभियान में भाग लेकर जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की।

# कुम्हरार में जावेद हबीब सैलून के नए लग्जरी हेयर एंड ब्यूटी सैलून का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हेयर एंड ब्यूटी सैलून जावेद हबीब ने कुम्हरार के संदलपुर स्थित अपने नए प्रीमियम सैलून की शुरूआत की। इस लग्जरी सैलून में ग्राहकों को बाल, सौंदर्य, मेकअप, नाखून आदि जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सैलून का उद्घाटन मुख्य अतिथि पटना की मेयर सीता साहू, विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद संजय गुप्ता, सुबोध कुमार, विश्व प्रसिद्ध हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब, मास्टर फ्रेंचाइजी बिहार एवं झारखंड अरविन्द कुमार, फ्रेंचाइजी ओनर सुनीता रानी एवं पिंकी सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब ने कहा कि त्योहारी मौसम की शुरूआत के साथ बाल, त्वचा, सौंदर्य और मेकअप को लेकर लोगों की चिंताएं भी बढ़ जाती हैं। इस दौरान बालों की उचित देखभाल करना बेहद जरूरी है।



अक्सर लोग बाल धोने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं, जो एक सामान्य गलती है। गर्म पानी सिर की त्वचा को रूखा कर सकता है, जिससे खुजली और डैंड्रफ की समस्या हो सकती है। बालों को और अधिक नुकसान से बचाने के लिए ठंडे पानी से बाल धोना बेहतर माना जाता है। उन्होंने कहा कि बाल धोने से करीब 10 मिनट पहले हल्का तेल लगाना एक अच्छे कंडीशनर की तरह काम कर सकता है। इसके अलावा सप्ताह में एक बार हेयर स्पा भी कराया जा सकता है। नियमित फेशियल और संतुलित पोषण के माध्यम से चेहरे की चमक को बनाए रखने में मदद मिल सकती है। वहीं फ्रेंचाइजी ओनर सुनीता रानी एवं पिंकी सिंह ने कहा कि इस सैलून में हमारे पास क्लीनअप, डीटीएएन और हर्बल फेशियल सर्विस पेशकशों सहित अन्य सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला है। इस नए सैलून में आप सर्वोत्तम स्वच्छता, उपायों और अत्यधिक सुरक्षा की गारंटी के साथ इन सभी सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। यह सभी जावेद हबीब सैलून में से एक लक्जरी प्रारूप का सैलून है जहाँ आपको सौंदर्य की सारी सुविधाएं एक ही छत के नीचे सुलभ तरीके से प्रदान की जाएगी। मास्टर फ्रेंचाइजी बिहार एवं झारखंड अरविन्द कुमार ने बताया कि जावेद हबीब भारत में वेलनेस फैलाने वाले प्रमुख हेयर एंड ब्यूटी सैलून में से एक है। कंपनी के पूरे भारत में लगभग 1000 से अधिक सैलून हैं। कंपनी बिहार - झारखंड में पैशनेट पार्टनर्स को आमंत्रित कर रही है ताकि वो इस सैलून से जुड़कर इसका लाभ उठा सकें। मौके पर जावेद हबीब सैलून के कर्मियों सहित शहर के कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

# पाकुड़िया में विशेष ड्राइविंग टेस्ट, 29 आवेदक सफल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पाकुड़। पाकुड़िया प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को जिला परिवहन कार्यालय की ओर से फाइनल ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत करने के लिए विशेष चालक दक्षता परीक्षण आयोजित किया गया। राज्य सरकार के निर्देश पर आयोजित इस अभियान में कुल 65 आवेदकों के आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें 13 आवेदक अनुपस्थित रहे।

परीक्षण में शामिल 52 आवेदकों में से 29 ने निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुरूप अपने वाहन से चालक दक्षता परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की, जबकि 23 आवेदक असफल रहे। परीक्षण की जांच मोटर यान निरीक्षक अमित कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सिंह, शैलेश पंडित, अमित कुमार राम, दीपक कुमार सहित परिवहन कार्यालय के अन्य कर्मियों ने की।

इस दौरान आवेदकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक

## 13 आवेदक रहे अनुपस्थित

किया गया। वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की हिदायत दी गई। साथ ही नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी मो. मोजाहिद अंसारी ने आमजनों से अपील की कि निर्धारित प्रक्रिया और नियमों का पालन करते हुए ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए ऐसे अभियानों में अधिक से अधिक भाग लें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर वाहन चालक स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकते हैं।

# एनएच-39 पर दो अंडरपास के निर्माण का रास्ता साफ

## 3.43 करोड़ का प्राक्कलन तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मेदिनीनगर,पलाम। पलामू संसदीय क्षेत्र से गुजरने वाले रांची-वाराणसी ग्रीनफील्ड कॉरिडोर (एनएच-39) पर पोखराहा और जोंड़ में अंडरपास/फ्लाईओवर निर्माण को लेकर बड़ी पहल सामने आई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने सांसद विष्णु दयाल राम को पत्र भेजकर बताया है कि इन दोनों स्थानों पर यातायात सुविधा के लिए निर्माण प्रक्रिया आगे बढ़ रही है।

31 अगस्त को भेजे पत्र में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अंडरपास (वीयूपी) यानी वाहनों के आवागमन के लिए सड़क के नीचे बनाया जाने वाला मार्ग के निर्माण के लिए पोखराहा गांव के पास किलोमीटर 165+700 तथा एलवीयूपी (लिमिटेड वर्टिकल क्लियरेंस अंडरपास) यानी सीमित ऊंचाई वाले वाहनों के लिए बनाया जाने वाला अंडरपास के लिए जोंड़ गांव के पास किलोमीटर 169+023 को चिन्हित किया गया है।

मंत्री ने बताया कि इन दोनों अंडरपासों के निर्माण के लिए आवश्यक रेलवे ट्रांसमिशन लाइन को ऊपर उठाने (रेज करने) की जरूरत है। इसके लिए आवश्यक ट्रांसमिशन लाइन शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू करने के लिए एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) ने 14 मार्च 2026 और 30 मार्च 2026 को 2 प्रतिशत सर्वेक्षण शुल्क एवं अनुमान तैयार करने का शुल्क रेलवे के पास जमा कर दिया है।

पत्र के अनुसार, अंडरपास निर्माण के लिए आवश्यक यूटिलिटी शिफ्टिंग (उपयोगिता सेवाओं/लाइन को स्थानांतरित करने) का एस्टीमेट रेलवे प्राधिकरण से प्राप्त हो चुका है। इसकी अनुमानित लागत 3.43 करोड़ रुपये है।वर्तमान में सीओएस (कार्य के दायरे में बदलाव) के तहत दोनों अंडरपासों के निर्माण का एस्टीमेट एनएचएआई मुख्यालय स्तर पर सक्षम प्राधिकारी के विचार और सैद्धांतिक मंजूरी के लिए जांच के अधीन है। मंजूरी मिलते ही दोनों महत्वपूर्ण स्थानों पर अंडरपास निर्माण की दिशा में आगे की कार्रवाई शुरू होने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा के नियम 377 के तहत उक्त अंडरपासों/फ्लाईओवर के निर्माण की आवश्यकता से सबंधित मामले को सांसद वीडी राम ने लोकसभा में उठाया था।

## दीवार फांदकर घर में घुसे चोर

**मसौढ़ी।** लहसुना थाना क्षेत्र के गुरपतिचक गांव में बीती रात चोरी की बड़ी घटना हुई है। अज्ञात चोरों ने एक घर की चहारदीवारी फांदकर बक्से में रखे 4 लाख रुपये नकद और लाखों रुपये के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय परिवार के सभी लोग घर में ही सोए हुए थे। पीड़ित जयप्रकाश सिंह पिता स्व. बालेश्वर प्रसाद यादव निवासी गुरपतिचक ने बताया कि उन्होंने हाल ही में अनाज बेचकर 4 लाख रुपये नकद घर में रखे थे। रात में चोर साइड वाली दीवार फांदकर घर में घुसे और बक्से में रखे नकद और जेवरात चोरी कर फरार हो गए। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो घटना का पता चला।घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गुरपतिचक के पास डायवर्सन टूटा हुआ है, जिससे आवागमन बाधित है और पुलिस की पेट्रोलिंग बंद है। चोरों ने इसी का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। लोगों का कहना है कि पुलिस इधर नहीं आएगी, इसी सोच से चोरों ने बेखौफ होकर चोरी की।मामले में लहसुना थानाध्यक्ष विक्रम कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# 28 साल बाद हाईकोर्ट ने पलटा सजा का फैसला

## एससी/एसटी एक्ट के मामले में दो आरोपी बरी □ कमजोर साक्ष्यों और गवाहों के पलटने का मिला लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** धनबाद के 28 साल पुराने मारपीट, जातिसूचक गाली और छेड़खानी के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए ट्रायल कोर्ट की दोषसिद्धि को पलट दिया। न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की एकल पीठ ने अशोक कुमार सिंह और सुरेंद्र यादव को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। मामला धनसार थाना कांड संख्या 670/1997 से जुड़ा था। मामले में पीड़िता ने आरोप लगाया था कि 19 अक्टूबर 1997 की सुबह शौच से लौटने के दौरान अशोक कुमार सिंह, सुरेंद्र यादव और लबदू यादव ने जातिसूचक गाली देते हुए उसके साथ मारपीट की। घर में घुसकर लाठी-डंडे से हमला करने और बाद में चंदमारी कांटा के पास घेरकर धमकाने का भी आरोप लगाया गया था।धनबाद के विशेष एससी/एसटी न्यायालय ने 25 जुलाई 2009 को तीनों आरोपियों को विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराते हुए अधिकतम तीन साल छह माह की सजा सुनाई थी। हालांकि, अपील के दौरान एक आरोपी लबदू यादव की मौत हो गई। हाईकोर्ट ने 19 पन्नों के फैसले में अभियोजन के साक्ष्यों की पड़ताल करते हुए पाया



कि मारपीट के आरोप के बावजूद डॉक्टर को गवाही के लिए पेश नहीं किया गया। चोट रिपोर्ट की केवल कार्बन कॉपी पेश की गई। वहीं स्वतंत्र गवाह बिखारी यादव ने जातिसूचक गाली, छेड़खानी और कथित दूसरी घटना की पुष्टि नहीं की।कोर्ट ने यह भी गौर किया कि दोनों पक्षों के बीच पहले से लंबे समय से विवाद चल रहा था। मकान पर कब्जे, कोयला और सब्जी चोरी को लेकर दोनों पक्षों के बीच कई मुकदमे दर्ज होने की बात स्वयं सूचक ने स्वीकार की थी। ऐसे में पूर्व शत्रुता के कारण झूठा फंसाए जाने की संभावना से भी कोर्ट ने इनकार नहीं किया।

कोर्ट ने कहा कि बचाव पक्ष के साक्ष्यों को अलग भी कर दिया जाए, तब भी अभियोजन का साक्ष्य दोषसिद्धि कायम रखने के लिए पर्याप्त विश्वास पैदा नहीं करता।साक्ष्यों की इन कमियों और अभियोजन की विफलता को देखते हुए हाईकोर्ट ने दोनों आरोपियों की सजा निरस्त कर दी और उन्हें बरी कर दिया।

## सेवा संकल्प अभियान आज से

**पाकुड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान की जानकारी देने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष सरिता मुर्मू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को शाम सात बजे अभियान की शुरूआत होगी। जिले के सभी बूथों पर लाभार्थियों के घरों में आशीर्वाद का दीप जलाया जाएगा। साथ ही सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों पर दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेवा ज्योति कलश यात्रा, वडनगर-वाराणसी सेवा यात्रा, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु, सेवा के रंग, राष्ट्र के संग और सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं से अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। प्रेसवार्ता में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मीरा प्रवीण सिंह, दुर्गा मरांडी, जिला महामंत्री रूपेश भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुग्रहित प्रसाद साह, सम्पा साहा, सुशील साहा, सोहन मंडल, कर्ण मंडल, बहादुर मंडल, दीपक साह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वीबी-जी रामजी से मिलेगी आर्थिक विकास को गति : श्रवण कुमार

## ग्रामीण विकास और जनसंपर्क मंत्री ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को किया संबोधित


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** ग्रामीण विकास और न-संपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने वीबी-जी राम जी कार्यक्रम को लेकर कहा कि इससे राज्य के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। इसकी मदद से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण से आर्थिक विकास की नई राह प्रशस्त होगी। साथ ही रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि अधिकारी चरणबद्ध तरीके से योजना बनाएं और समय-सीमा में इसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। ताकि निर्धारित समय में योजना पूरा नहीं होने पर जुर्माने का भी प्रावधान है। इसमें शामिल नए प्रावधानों के तहत अब अकुशल कामगारों को 125 दिन का रोजगार दिया जाएगा। विभागीय मंत्री श्रवण कुमार पुराने सचिवालय परिसर स्थित अधिवेशन भवन में वीबी-जी राम जी योजना को लेकर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में राज्य के सभी उप विकास आयुक्त, निदेशक राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम और वीबी-जी राम जी के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद थे। इन सभी पदाधिकारियों को 1 जुलाई से नए कलेवर के साथ शुरू हुई इस रोजगार सृजन योजना के क्रियान्वयन से संबंधित तकनीकी जानकारी दी गई। उन्होंने इस योजना के तहत विशेषतौर से ग्रामीण इलाकों में मौसम आधारित कार्यों, पार्कों के निर्माण, किसानों के लिए हाट एवं विपणन केंद्रों, कच्ची ग्रामीण सड़कों, पुल-पुलिया, युवाओं के लिए खेल मैदान, आंगनबाड़ी केंद्र एवं पशु, मुर्गी, बकरी एवं सूअर शेड का निर्माण कराने पर विशेष जोर दिया। मंत्री ने कहा कि जीविका दीदियों के उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए पंचायत, प्रखंड, जिला और राष्ट्रीय स्तर पर हाट और बाजार का निर्धारण किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीण निर्धन बच्चों के लिए लाइब्रेरी भवनों के निर्माण पर बल दिया। साथ ही बायोगैस संयोजनों में आ रही शिथिलता को दूर करने और निजी भागीदारी को बढ़ावा देकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को लेकर मंत्री ने निर्देश दिया कि इसके तहत आवास की पात्रता रखने वाले भूमिहीन 11 हजार लाभार्थियों को 15-30 दिनों में जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ऐसे लाभार्थियों के लिए सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं होने पर पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना के तहत एक लाख रुपये जमीन खरीदने का वित्तीय सहयोग दिया जाएगा, ताकि गरीबों के आवास का सपना पूरा हो सके।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्र सेवा और समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**





**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामना की है। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन राष्ट्र सेवा, संकल्प और अंत्योदय की भावना के प्रति समर्पित रहा है। उनके नेतृत्व में भारत ने आर्थिक, सामरिक, तकनीकी एवं सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है तथा वैश्विक मंच पर देश की प्रतिष्ठा और प्रभाव को नई ऊंचाई मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के विकास एवं सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया गया है। गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के हित में किए गए प्रयासों से समावेशी विकास और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को गति मिली है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री का राष्ट्र के प्रति समर्पण और सार्वजनिक जीवन में उनकी निरंतर सक्रियता युवा पीढ़ी को देश की सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करती है। उनका जन्मदिवस देशवासियों के लिए राष्ट्र सेवा और जनकल्याण के संकल्प को और मजबूत करने का अवसर है।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर बिहार में आज जलेगा 'आशीर्वाद का दीया'

## सम्राट चौधरी समेत प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और कई नेता करेंगे दीप प्रज्ज्वलित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से बिहार में गुरुवार को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घ सार्वजनिक जीवन, राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के प्रति समर्पण के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं व्यक्त करेंगे। पटना के पाटलीपुत्र खेल परिसर में शाम सात बजे आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दीप प्रज्वलित करेंगे। वहीं, दरभंगा स्टेडियम में शाम सात बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सरावगी 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करेंगे। दरभंगा के राज मैदान परिषद में भी सांसद गोपालजी ठाकुर एवं प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी दीप प्रज्वलित करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की सहभागिता रहेगी। बेगूसराय के सिमरिया घाट पर शाम सात बजे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। पटना के मरीन ड्राइव पर बिहार सरकार के मंत्री ई. शैलेन्द्र कुमार, कच्ची तलाब में विधायक संजीव चौरसिया तथा कंकड़बाग मेट्रो स्टेशन पर सांसद रविशंकर प्रसाद एवं विधायक संजय गुप्ता कार्यक्रम में शामिल होकर दीप प्रज्वलित करेंगे।

# केप टाउन में डॉ. प्रेम कुमार ने जलवायु न्याय, वित्त और वैश्विक सहयोग पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में आयोजित 69वें कॉमनवेल्थ संसदीय संघ (सीपीए) सम्मेलन में बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने 'जलवायु अनुकूलन और लचीलापन बढ़ाने में संसदीय नेतृत्व की भूमिका' विषय पर भारत का दृष्टिकोण रखा। उन्होंने जलवायु परिवर्तन को पूरी मानवता से जुड़ा साझा संकट बताते हुए सामूहिक, न्यायसंगत और समन्वित प्रयासों पर बल दिया। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि करीब 3.6 अरब लोग सूखा, बाढ़, चक्रवात, बढ़ते तापमान तथा जल और खाद्य असुरक्षा जैसे जलवायु प्रभावों से प्रभावित हैं। उन्होंने आपदाओं के बाद राहत-बचाव के साथ जोखिमों के पूर्व आकलन, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और आपदा-रोधी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत जैसे विकासशील देशों के सामने आर्थिक विकास के साथ जलवायु चुनौतियों से निपटने की दोहरी जिम्मेदारी है। उन्होंने 2023 में पेरिस समझौते के तहत भारत के प्रारंभिक 'एडप्टेशन कम्युनिकेशन' का उल्लेख करते हुए जलवायु न्याय की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा-रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन, नमामि गंगे, मिष्टी, आर्द्रभूमि संरक्षण, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम और मिशन लाइफ जैसी पहलों की जानकारी दी। फरवरी 2026 तक गैर-जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों की 52.57 प्रतिशत हिस्सेदारी और 520.51 गीगावाट क्षमता का भी उल्लेख किया। उन्होंने बिहार विधान सभा में जलवायु एवं पर्यावरण पर आठ घंटे चले विमर्श और उससे आकार ली जल-जीवन-हरियाली पहल का भी उल्लेख किया। उन्होंने जलवायु अनुकूलन को विधायी-बजटीय प्रक्रियाओं में स्थान देने, वैज्ञानिक आकलन, जलवायु वित्त व तकनीकी हस्तांतरण, राष्ट्रमंडल देशों के बीच 'क्लाइमेट पार्लियामेंट्री कोऑपरेशन नेटवर्क' तथा स्थानीय समुदायों और महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया। सत्र में जमैका, केन्या, युगांडा और पाकिस्तान के प्रतिनिधि शामिल हुए। जमैका संसद की अध्यक्ष जूलियट होलनेस ने डॉ. प्रेम कुमार का स्वागत किया। डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

# पहले और अब बताएगा आंगनबाड़ी का बदलाव, आज से शुरू 'सेवा संकल्प अभियान'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के साथ अब उनके जीवन में आए बदलाव की कहानी भी सामने लाई जाएगी। इसी उद्देश्य से प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान में आंगनबाड़ी केंद्रों पर जनभागीदारी, पोषण, स्कूल पूर्व शिक्षा और महिला-बाल विकास से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन होगा। इस दौरान लाभार्थी स्वयं बताएंगे कि विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने से उनके जीवन में किस तरह का बदलाव आया है। अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को जिला परियोजना और आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया जाएगा। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका अपने पोषक क्षेत्र के लाभुकों और जीविका दीदियों को कार्यक्रम में आमंत्रित करेंगी। लाभार्थी विभिन्न योजनाओं से मिल रहे लाभ और अपने अनुभव साझा करेंगे। इन अनुभवों को वीडियो और रील के रूप में तैयार कर पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। अभियान के दौरान 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम भी आयोजित होगा। इसमें पोषण माह की गतिविधियों को जोड़ते हुए अन्नप्राशन, गोद भराई समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्कूल पूर्व शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को मिठाई और फल खिलाकर उनके साथ सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया जाएगा।

# बी. डी. कॉलेज में हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना के हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के अवसर पर विभिन्न साहित्यिक एवं भाषायी गतिविधियों के क्रम में आज एक प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा हिन्दी भाषा एवं साहित्य के प्रति अपनी रचनात्मक अभिरुचि का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. लाडली कुमारी ने प्रतियोगिता के नियमों एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों को विद्यार्थियों के समक्ष स्पष्ट रूप से रखा। उन्होंने हिन्दी पखवाड़ा के उद्देश्य एवं वर्तमान समय में हिन्दी की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को हिन्दी के प्रति सक्रिय एवं रचनात्मक होने के लिए प्रेरित किया। विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. शत्रुघ्न शरण सिंह ने हिन्दी भाषा के महत्व, उसकी व्यापकता तथा भविष्य की संभावनाओं पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से हिन्दी को केवल अध्ययन का विषय न मानकर अपने व्यवहार एवं अभिव्यक्ति का माध्यम बनाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. अमित कुमार ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का निष्पक्ष मूल्यांकन करते हुए परिणाम घोषित किया। उनके द्वारा दिया गया निर्णय प्रतिभागियों के प्रदर्शन एवं प्रतियोगिता के निर्धारित मानदंडों पर आधारित रहा। प्रतियोगिता के परिणाम में प्रथम स्थान-सिमरन कुमारी, द्वितीय स्थान-सुहानी कुमारी एवं शिवानी कुमारी तथा तृतीय स्थान-नेहा कुमारी एवं अन्नू रंजन ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद के कर-कमलों से प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# 'विश्व ओजोन दिवस' पर बी.डी. कॉलेज में नुक्कड़ नाटक का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के प्रांगण में भूगोल विभाग द्वारा 'विश्व ओजोन दिवस' के अवसर पर एक भव्य नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) दिवाकर प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य ओजोन परत के संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं और समाज को जागरूक करना था। नाटक के माध्यम से भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने 'ओजोन है तो सुरक्षा है, ओजोन है तो जीवन है' और 'ओजोन बचाओ, धरती बचाओ' जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रांगण में भारी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष कुमारी निशा रानी, डॉ. मनीषा प्रियम्बदा, डॉ. सुधीर कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और तालियों के साथ कलाकारों का हौसला बढ़ाया।

# खेल व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और नेतृत्व का सशक्त माध्यम : विजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बिहार विद्यापीठ में बुधवार को वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रशिक्षुओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सहयोग एवं टीम भावना जैसे जीवनोपयोगी गुणों का विकास होता है। उन्होंने 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' टैगलाइन के माध्यम से वर्तमान समय में खेलों के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी उपलब्धियों के लिए प्रेरित होते हैं तथा खेल संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बिहार विद्यापीठ की निदेशक, शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय, डॉ. मृदुला प्रकाश ने प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल अब महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश ने खेलों की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल के माध्यम से युवा शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनने के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व को भी प्रभावी ढंग से निखार सकते हैं।

# पंचायतों में हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेवारी थीम पर हो रहा पोषण माह का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में बिहार में 9 सितम्बर से 8 अक्टूबर तक 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेवारी थीम पर आधारित पोषण माह का उद्देश्य कुपोषण के विरुद्ध जन-आंदोलन को और सशक्त बनाना और सामुदायिक स्तर पर पोषण के प्रति जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन लाना है। पिछले आठ वर्षों से जारी पोषण माह अभियान का जीविका दीदियों ने हर वर्ष सफलता पूर्वक संचालन किया है जिसके सापेक्षित परिणाम भी मिले हैं। लोगों में अपने स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता आई है। संस्थागत एवं सुरक्षित प्रसव में बढ़ोतरी के साथ-साथ शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। जीविका के अधिकारियों का कहना है कि अभियान के तहत लक्षित ग्रामीण महिलाएं एवं नवजात के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण को धरातल पर उतारने में बिहार की जीविका दीदियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और निर्णायक साबित हो रही है।

# पटना में 'नशा मुक्त बिहार' को लेकर प्रभावशाली इन्फ्लुएंसर मीट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नशामुक्त भारत' के राष्ट्रव्यापी संकल्प एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन से प्रेरित होकर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में नशा मुक्ति के आह्वान के आलोक में आज पटना स्थित आईआईबीएम सभागार में 'नशा मुक्त बिहार' विषय पर इन्फ्लुएंसर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, युवा, समाजसेवी और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। वक्ताओं ने डिजिटल प्लेटफॉर्म को नशा विरोधी जनजागरूकता का प्रभावी माध्यम बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में नशे के सामाजिक प्रभाव, युवाओं पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव तथा परिवार और समाज पर इसके असर को लेकर चर्चा की गई। बिहार में 'नशा मुक्त बिहार' को लेकर विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम पहले भी आयोजित किए जाते रहे हैं। मार्च 2026 में पटना मैराथन भी इसी थीम के साथ आयोजित हुई थी जिसमें हजारों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में बिहार के उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर ने नशे को सामाजिक समस्या बताते हुए युवाओं में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नशे का प्रभाव केवल संबंधित व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इससे परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति भी प्रभावित हो सकती है। उनके अनुसार युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए परिवार, समाज और सरकार के साथ सामुदायिक स्तर पर भी प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए बड़ी संख्या में युवाओं तक संदेश पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने इन्फ्लुएंसर्स से अपने-अपने प्लेटफॉर्म का उपयोग नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए करने की अपील की।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर लें 'विकसित भारत' का संकल्प : डॉ. अशोक वर्मा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राष्ट्रीय सहयोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक वर्मा ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देशवासियों से अपील की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को 'संकल्प दिवस' के रूप में मनाते हुए 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने का संकल्प लिया जाए। डॉ. वर्मा ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य किसी एक दल या व्यक्ति तक सीमित नहीं, बल्कि देश के सामूहिक प्रयास से जुड़ा राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नागरिकों को अपनी-अपनी क्षमता और जिम्मेदारी के अनुरूप राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देना होगा। प्रधानमंत्री ने भी 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को सामूहिक प्रयास से जोड़ते हुए नागरिक भागीदारी पर जोर दिया है। डॉ. वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं दीर्घायु की मंगलकामना करते हुए कहा कि 17 सितंबर को केवल प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन समारोह तक सीमित न रखकर इसे राष्ट्र निर्माण के संकल्प का दिवस बनाया जाए।

# ओजोन परत संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की ओर से संगोष्ठी आयोजित की गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा के दिसंबर 1994 के निर्णय के बाद प्रत्येक वर्ष 16 सितंबर को 'इंटरनेशनल डे फॉर प्रिजर्वेशन ऑफ ओजोन लेयर' मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'ग्लोबल एक्शन फॉर अ कूलर प्लैनेट- शीतल ग्रह के लिए वैश्विक प्रयास' है। कार्यक्रम में पर्षद के सदस्य-सचिव नीरज नारायण, पर्षद के वैज्ञानिक, अभियंता, क्षेत्रीय कार्यालयों के पदाधिकारी और अन्य लोग शामिल हुए। संगोष्ठी में ओजोन परत के संरक्षण के लिए व्यक्तिगत स्तर पर किए जाने वाले व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई। सदस्य-सचिव नीरज नारायण ने दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के प्राध्यापक प्रोफ़ेसर पार्थ सारथी का स्वागत करते हुए कहा कि धरती के समक्ष मौजूद चुनौतियों के प्रति प्रतिक्रिया और कार्ययोजना के लिहाज से यह कार्यशाला उपयोगी है। कम लागत वाले बेहतर वैकल्पिक पदार्थों के इस्तेमाल से ओजोन संरक्षण में मदद मिलेगी। प्रोफेसर पार्थ सारथी ने ओजोन क्षयकारी पदार्थों के उपयोग से ओजोन स्तर में कमी की प्रक्रिया की तकनीकी जानकारी दी और कहा कि मानवीय गतिविधियों से होने वाला सतही ओजोन पर्यावरण और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। वैज्ञानिक डॉ. नवीन कुमार ने मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल, किगाली संशोधन और ओजोन क्षयकारी पदार्थों के चरणबद्ध इस्तेमाल में कमी के वैश्विक प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने 2000 में ओजोन क्षयकारी पदार्थों के उत्पादन, निर्यात, बिक्री और आयात को विनियमित करने वाले नियम अधिसूचित किए। वैश्विक प्रयासों से ओजोन परत के पुनरुद्धार की दिशा में प्रगति हुई है। अंटार्कटिका में 2066, आर्कटिक में 2045 और वैश्विक औसत स्तर पर 2040 तक 1980 के स्तर पर पहुंचने की आशा है। समापन पर वैज्ञानिक अरुण कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# शिक्षा के 25 वर्षों के सफर के साथ खेल को बढ़ावा

## जेनिथ सिल्वर जुबली कप की ट्रॉफी लान्च




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जेनिथ कॉमर्स एकेडमी के 25 वर्षों के गौरवपूर्ण सफर के अवसर पर 'जेनिथ सिल्वर जुबली कप क्रिकेट टूर्नामेंट' का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पटना में क्रिकेट प्रतियोगिता की ट्रॉफी का भव्य अनावरण किया गया। जेनिथ सिल्वर जुबली कप टूर्नामेंट की शुरुआत 19 सितंबर से होगी। जेनिथ सिल्वर जुबली कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पटना के ऊर्जा टर्फ स्टेडियम में किया जाएगा। ट्रॉफी अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व सचिव रविशंकर तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने ट्रॉफी का अनावरण कर प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। वर्ष 2001 में स्थापित जेनिथ कॉमर्स एकेडमी ने शिक्षा के क्षेत्र में 25 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा पूरी की है। सिल्वर जुबिली के अवसर पर संस्थान द्वारा शिक्षा के साथ-साथ खेल को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों एवं युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# केवाइपी केंद्र संचालन को लेकर दी गयी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली टीम के प्रतिनिधिमंडल ने विभागीय मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, विभागीय सचिव डॉ. कौशल किशोर, ए.सी.इ.ओ. नवदीप शुक्ला एवं स्कूलनेट सहित अन्य संबंधित पदाधिकारियों से मिलकर केवाईपी की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमंडल को प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 सितंबर 2026 को जीबी की बैठक प्रस्तावित है। जीबी की बैठक के उपरांत केवाईपी को पुनः चालू करने संबंधित फाइल आगामी कैबिनेट में स्वीकृति के लिए भेजे जाने की प्रक्रिया है। कैबिनेट से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद केवाईपी केंद्रों के रिन्यूवल एवं बैच प्रारंभ करने की अनुमति दिए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। इससे केवाईपी केंद्र संचालकों एवं प्रशिक्षणार्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर संबंधित पदाधिकारियों से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में डॉ. आनन्द रंजन झा, राकेश कुमार सिन्हा, चंदन कुमार, प्रतीक एवं धर्मदेव पासवान उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने केवाईपी के सुचारू संचालन, केंद्रों के रिन्यूवल एवं प्रशिक्षण कार्य पुनः प्रारंभ कराने को लेकर अपनी बात रखी। यह जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से प्राप्त प्रस्तावित प्रक्रिया पर आधारित है। अंतिम निर्णय एवं संचालन की अनुमति सक्षम स्तर से स्वीकृति के बाद ही सुनिश्चित होगी।

# संपादकीय

## दागी उम्मीदवारों को टिकट देने की वजह बताने में 51 दल नाकाम, 191 मामलों में जानकारी अधूरी

बड़ा सवाल यह है कि आखिर दागी नेताओं पर पर्दा क्यों रखा जाता है? उम्मीदवार चुनने की वजह बताने से क्यों पार्टियां कतराती हैं? इस साल की शुरुआत में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में दागी पृष्ठभूमि के लोगों को उम्मीदवार बनाने के कारणों को सार्वजनिक करने में सभी दल विफल रहे।इस साल की शुरुआत में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में दागी पृष्ठभूमि के लोगों को उम्मीदवार बनाने के कारणों को सार्वजनिक करने में सभी दल विफल रहे। देश की राजनीति को आपराधिक छवि के नेताओं से मुक्त कराने के लिए दावे करने में कोई कमी नहीं होती है। राजनीति के अपराधीकरण या संसद और विधानसभाओं में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों के बढ़ते दखल पर चिंता जाहिर करने के मामले में देश की सभी पार्टियां आगे रहती हैं।मगर जब गंभीर अपराधों के आरोप या मुकदमे झेल रहे लोगों को उम्मीदवार न बनाने का सवाल आता है, तब शायद ही किसी पार्टी को इस तकाजे का खयाल रखना जरूरी लगता है। यह बेवजह नहीं है कि पिछले कई दशकों से चुनावी राजनीति में वैसे लोग भी आम होते गए हैं, जिन पर छोटे-बड़े से लेकर जघन्य अपराधों तक में शामिल रहने का आरोप होता है।हैरानी की बात यह भी है कि जब कोई दागी पृष्ठभूमि का व्यक्ति चुन कर जनप्रतिनिधि बन जाता है, तो उसे टिकट देने वाली पार्टी यह बताना भी जरूरी नहीं समझती कि उसके सामने ऐसी क्या मजबूरी या वजह थी कि जानते-बूझते हुए भी उसने आपराधिक छवि के किसी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाने लायक समझा। राजनीतिक दलों के इस रुख पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में दागी पृष्ठभूमि के लोगों को उम्मीदवार बनाने के कारणों को सार्वजनिक करने में सभी दल विफल रहे। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने इक्यावन राजनीतिक दलों की ओर से दाखिल किए गए दस्तावेजों के आधार पर तैयार अपनी रिपोर्ट में बताया कि 1,405 उम्मीदवारों में से 191 के बारे में जरूरी जानकारी नहीं दी गई।जबकि नियमों के मुताबिक मतदाताओं को उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि के बारे में बताने के साथ-साथ यह भी बताना जरूरी है कि किसी राजनीतिक दल ने एक दागी को ही उम्मीदवार क्यों चुना और इसके लिए किसी बेदाग छवि वाले व्यक्ति को क्यों नहीं चुना।जाहिर है, ऐसा करने पर पार्टियों के सामने एक नैतिक बाधा खड़ी हो जाएगी कि उन्हें राजनीति में अपराधीकरण को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। मगर लगभग सभी राजनीतिक दलों का इस तरह का रुख ही क्या इसके लिए जिम्मेदार नहीं है कि आज नागरिकों के सामने ईमानदार और बेदाग जनप्रतिनिधि चुनने के विकल्प सिमटते जा रहे हैं?

**भारत की आर्थिक ताकत का लोहा मानने के पीछे देश का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रदैनिक भास्कर र और तकनीकी क्रांति एक बड़ा कारण है। भारत ने ब्रिक्स देशों के सामने अपने सफल इंडिया स्टैक यानी यूपीआई, आधार और डिजीलॉकर जैसे स्वदेशी डिजिटल समाधानों को पेश किया है। आज जब विकसित देश भी डिजिटल भुगतान के महंगे और एकाधिकारवादी मॉडलों पर निर्भर हैं, तब भारत ने एक ऐसा लोकतान्त्रिक और समावेशी वित्तीय ढांचा खड़ा किया है जिसने करोड़ों लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है। ब्रिक्स सम्मेलन में भारत ने इन तकनीकों को अन्य विकासशील देशों के साथ साझा करने का जो प्रस्ताव रखा है, वह इन देशों के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के नए व आकांक्षी ब्रिक्स सदस्यों के लिए भारत का यह मॉडल वित्तीय समावेशन का एक ऐसा ब्लूप्रिंट है, जिसे वे बिना किसी भारी कर्ज के अपने देशों में लागू कर सकते हैं। यही वह बिंदु है जहां भारत दुनिया को केवल पूंजी का नहीं, बल्कि विकास के व्यावहारिक रास्तों का भरोसा दे रहा है।**

# वैश्विक अनिश्चितता के दौर में आर्थिक संबल बनता भारत- ब्रिक्स में नई दिल्ली की कूटनीतिक धमक

(अशोक भाटिया)



भारत की आर्थिक ताकत का लोहा मानने के पीछे देश का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीकी क्रांति एक बड़ा कारण है। भारत ने ब्रिक्स देशों के सामने अपने सफल 'इंडिया स्टैक' यानी यूपीआई, आधार और डिजीलॉकर जैसे स्वदेशी डिजिटल समाधानों को पेश किया है।वैश्विक अर्थव्यवस्था इस समय एक ऐसे दोराहे पर खड़ी है जहां अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव और मंदी की आशंकाओं ने विकसित देशों की रफ्तार को धीमा कर दिया है। ऐसे संकटपूर्ण वैश्विक परिदृश्य में नई दिल्ली के 'भारत मंडपम' में आयोजित 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन दुनिया के लिए एक नई उम्मीद बनकर उभरा है। इस सम्मेलन का सबसे बड़ा और स्पष्ट संदेश यह है कि जब पूरी दुनिया युद्धों के साए और आर्थिक अस्थिरता से जूझ रही है, तब भारत वैश्विक मंच पर आर्थिक विकास (ग्रोथ) का सबसे मजबूत और भरोसेमंद चेहरा बनकर सामने आया है। ब्रिक्स के मंच पर भारत की इस आर्थिक धमक और कूटनीतिक कौशल ने यह साबित कर दिया है कि नई दिल्ली अब केवल वैश्विक विमर्श का हिस्सा नहीं है, बल्कि वह वैश्विक एजेंडा तय करने वाली महाशक्ति बन चुकी है। 'भारत का डंका' बजने का यह स्वर केवल राजनीतिक बयानबाजी नहीं, बल्कि ठोस आर्थिक आंकड़ों, सुधारों और कूटनीतिक परिपक्वता की बुनियाद पर टिका हुआ है।

इस शिखर सम्मेलन में भारत की केंद्रीय भूमिका को समझने के लिए सबसे पहले उस वैश्विक पृष्ठभूमि को देखना होगा जिसमें इसका आयोजन हो रहा है। एक तरफ जहां यूरोप और अमेरिका जैसे पारंपरिक आर्थिक पावरहाउस उच्च मुद्रास्फीति, कर्ज के संकट और अंदरूनी राजनीतिक अस्थिरता से कमजोर हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ रूस-यूक्रेन युद्ध और मध्य पूर्व के संकट ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को छिन्न-भिन्न कर दिया है। इस चौतरफा संकट के बीच अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाएं लगातार भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था मान रही हैं। जब ब्रिक्स के पुराने और नए सदस्य देश नई दिल्ली में एकत्रित हुए, तो उनके सामने एक ऐसा भारत था जिसने न केवल महामारी और युद्ध के झटकों को सफलतापूर्वक झेला है, बल्कि अपनी विकास दर को 7 प्रतिशत से ऊपर बनाए रखा है। यही कारण है कि इस सम्मेलन में भारत द्वारा दिए गए ग्रोथ के भरोसे को दुनिया ने हाथों-हाथ लिया है। भारत की इस सफलता का सबसे मजबूत स्तंभ उसकी रणनीतिक स्वायत्तता और संतुलित कूटनीति है। ब्रिक्स समूह का इस समय अभूतपूर्व विस्तार हो चुका है, जिसमें अब ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और मिस्र जैसे देश शामिल हैं। इन देशों के आने से ब्रिक्स की आर्थिक ताकत तो बढ़ी है, लेकिन इसके साथ ही समूह के भीतर भू-राजनीतिक जटिलताएं और आपसी मतभेद भी गहरे हुए हैं। मिसाल के तौर पर, ईरान और खाड़ी देशों के बीच के ऐतिहासिक तनाव या फिर अमेरिका के साथ उनके समीकरणों को संभालना बेहद नाजुक काम है। इसके अलावा, चीन की इस समूह को एक पश्चिम-विरोधी ब्लॉक बनाने की महत्वाकांक्षा भी किसी से छिपी नहीं है। ऐसे जटिल माहौल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने ब्रिक्स को पश्चिम-विरोधी बनने से रोककर उसे गैर-पश्चिम मंच के रूप में बनाए रखने में सफलता पाई है। भारत ने स्पष्ट किया है कि ब्रिक्स का उद्देश्य किसी देश या ब्लॉक के खिलाफ मोर्चा खोलना नहीं, बल्कि वैश्विक दक्षिण की आवाज को बुलंद करना और एक न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था का निर्माण करना है।

भारत की आर्थिक ताकत का लोहा मानने के पीछे देश का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीकी क्रांति एक बड़ा कारण है। भारत ने ब्रिक्स देशों के सामने अपने सफल इंडिया स्टैक यानी यूपीआई, आधार और डिजीलॉकर जैसे स्वदेशी डिजिटल समाधानों को पेश किया है। आज जब विकसित देश भी डिजिटल भुगतान के महंगे और एकाधिकारवादी मॉडलों पर निर्भर हैं, तब भारत ने एक ऐसा लोकतान्त्रिक और समावेशी वित्तीय ढांचा खड़ा किया है जिसने करोड़ों लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है। ब्रिक्स सम्मेलन में भारत ने इन तकनीकों को अन्य विकासशील देशों के साथ साझा करने का जो प्रस्ताव रखा है, वह इन देशों के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के नए व आकांक्षी ब्रिक्स सदस्यों के लिए भारत का यह मॉडल वित्तीय समावेशन का एक ऐसा ब्लूप्रिंट है, जिसे वे बिना किसी भारी कर्ज के अपने देशों में लागू कर सकते हैं। यही वह बिंदु है जहां भारत दुनिया को केवल पूंजी का नहीं, बल्कि विकास के व्यावहारिक रास्तों का भरोसा दे रहा है। इसके साथ ही, विनिर्माण और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की छलांग ने निवेशकों के भीतर एक नया विश्वास पैदा किया है। मेक इन इंडिया और प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव जैसी योजनाओं के माध्यम से भारत अब दुनिया का वैकल्पिक विनिर्माण हब बन चुका है। चीन पर अपनी निर्भरता कम करने की कोशिश में जुटी वैश्विक कंपनियां भारत को प्लस वन रणनीति के तहत सबसे सुरक्षित और व्यवहार्य ठिकाने के रूप में देख रही हैं। ब्रिक्स देशों के बीच व्यापारिक चर्चाओं में भारत ने खुद को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के एक मजबूत और अटूट लिंक के रूप में स्थापित किया है। चाहे वह सेमीकंडक्टर का क्षेत्र हो, मोबाइल विनिर्माण हो या फिर फार्मास्यूटिकल्स–भारत की क्षमताएं अब वैश्विक स्तर पर प्रमाणित हो चुकी हैं। हरित ऊर्जा के मोर्चे पर भी, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और जैव ईंधन गठबंधन जैसी पहलों के जरिए भारत ने यह दिखाया है कि वह आर्थिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी उतना ही गंभीर है।

शिखर सम्मेलन का एक और अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू ब्रिक्स के भीतर डी-डॉलराइजेशन यानी अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने और स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने की चर्चा है। इस मोर्चे पर भारत की नीति अत्यंत व्यावहारिक और दूरदर्शी रही है। जहां कुछ सदस्य देश पूरी तरह से डॉलर को उखाड़ फेंकने की आक्रामक और जल्दबाजी भरी वकालत कर रहे हैं, वहीं भारत ने रुपी-ट्रेड के अपने सफल प्रयोगों को सामने रखकर एक मध्यम मार्ग दिखाया है। भारत ने रूस, यूएई और कई अन्य देशों के साथ स्थानीय मुद्राओं में व्यापार की शुरुआत करके यह साबित किया है कि बिना किसी वैश्विक वित्तीय उथल-पुथल के भी अपनी मुद्रा को मजबूत किया जा सकता है। ब्रिक्स के मंच पर भारतीय रुपये की स्वीकार्यता बढ़ाने की इस कोशिश को व्यापक समर्थन मिला है, जो आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भारत के प्रभुत्व को और बढ़ाएगा। भारत के इस आर्थिक उभार ने चीन की उस रणनीति को भी तगड़ा झटका दिया है जिसके तहत वह ब्रिक्स को अपनी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव जैसी विस्तारवादी योजनाओं के विस्तार का जरिया बनाना चाहता था। भारत ने हमेशा संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने वाले पारदर्शी बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया है। इस सम्मेलन में भी भारत ने यह सुनिश्चित किया कि ब्रिक्स का एजेंडा किसी एक देश की विस्तारवादी सोच से संचालित न होकर सामूहिक विकास पर केंद्रित रहे। यही कारण है कि वैश्विक दक्षिण के देश अब चीन के कर्ज जाल से डरकर भारत को एक अधिक विश्वसनीय और लोकतांत्रिक भागीदार के रूप में देख रहे हैं। भारत की वसुधैव कुटुंबकम की भावना ब्रिक्स के सिद्धांतों में साफ झलकती है, जो इसे केवल एक आर्थिक मंच से ऊपर उठाकर एक मानवीय और न्यायसंगत संगठन बनाती है। हालांकि, इस सफलता के बीच चुनौतियां कम नहीं हैं। ब्रिक्स के भीतर आंतरिक अंतर्विरोध हमेशा से इसकी सबसे बड़ी कमजोरी रहे हैं। भारत और चीन के बीच का सीमा विवाद, नई दिल्ली और बीजिंग के रणनीतिक संबंधों में पूरी तरह से बर्फ पिघलने की राह में अब भी एक बड़ी रुकावट है। इसके अतिरिक्त, रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों का साया और ईरान की भागीदारी के कारण इस समूह पर पश्चिमी देशों की पैनी और संदेहास्पद नजर बनी हुई है। लेकिन इन सबके बावजूद, भारत ने अपनी कूटनीतिक चतुरता से इन अंतर्विरोधों को अपने विकास एजेंडे पर हावी नहीं होने दिया। नई दिल्ली ने यह स्पष्ट कर दिया है कि द्विपक्षीय मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन बहुपक्षीय मंचों पर आर्थिक सहयोग और वैश्विक विकास की प्राथमिकताओं को रोका नहीं जा सकता। 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का समापन भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक विजय के रूप में देखा जाना चाहिए। भारत ने न केवल एक सफल और निर्बाध सम्मेलन की मेजबानी की है, बल्कि दुनिया को मंदी के दौर से बाहर निकलने का एक नया विजन भी दिया है। भारत की विशाल घरेलू मांग, युवा जनसांख्यिकी, राजनीतिक स्थिरता और निरंतर होते आर्थिक सुधारों ने इसे वैश्विक विकास का एक ऐसा इंजन बना दिया है जिसे कोई भी नजरअंदाज नहीं कर सकता। भारत का डंका बजने का सीधा अर्थ यह है कि अब वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े फैसले नई दिल्ली की सहमति के बिना नहीं लिए जा सकते। भारत ने इस ब्रिक्स सम्मेलन के माध्यम से दुनिया को जो ग्रोथ का भरोसा दिया है, वह आने वाले दशकों में एक विकसित भारत और एक अधिक संतुलित, बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का रास्ता साफ ! यूएस, यूके, फ्रांस, रुस के बाद चीन भी आ गया साथ

(नीरज कुमार दुबे)

हम आपको यह भी बता दें कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की नई दिल्ली घोषणा में चीन और रूस ने स्पष्ट रूप से भारत और ब्राजील की संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद में बड़ी भूमिका निभाने की आकांक्षा के प्रति अपना समर्थन दोहराया है। चीन का यह रुख खास तौर पर महत्वपूर्ण है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी को अब वह बड़ा रणनीतिक समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है, जिस पर लंबे समय से पूरी दुनिया की नजर थी। नई दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान, संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतारेस की मौजूदगी में चीन और रूस ने भारत को संयुक्त राष्ट्र, विशेषकर सुरक्षा परिषद में बड़ी भूमिका देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराकर भारत के दावे को नई ताकत दे दी है। इससे पहले ब्रिटेन, फ्रांस और अमेरिका भी सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन कर चुके हैं, लेकिन हर बार यह मामला चीन की असहमति पर आकर अटक जाता था। अब पहली बार ऐसा संकेत मिल रहा है कि चीन का रुख भी बदल रहा है। रूस के साथ चीन का समर्थन मिलना केवल भारत की कूटनीतिक जीत नहीं, बल्कि सुरक्षा परिषद की दशकों पुरानी शक्ति-संरचना के सामने एक बेहद महत्वपूर्ण रणनीतिक संदेश भी है।

इस घटनाक्रम को तमाम अंतरराष्ट्रीय विश्लेषक भारत के लिए बड़ी जीत बता रहे हैं। अमेरिकी अर्थशास्त्री और कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जेफ्री सैक्स ने तो यहां तक कहा है कि भारत के अलावा कोई दूसरा देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के छठे स्थायी सदस्य बनने का इतना मजबूत दावा नहीं रखता। सैक्स ने भारत की करीब डेढ़ अरब की आबादी, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, वैश्विक प्रभाव और कूटनीतिक क्षमता को इसकी सबसे बड़ी ताकत बताया। उनका कहना है कि भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, क्रय शक्ति के आधार पर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में लगातार अपनी प्रभावशाली भूमिका साबित कर रहा है।

हम आपको यह भी बता दें कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की नई दिल्ली घोषणा में चीन और रूस ने स्पष्ट रूप से भारत और ब्राजील की संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद में बड़ी भूमिका निभाने की आकांक्षा के प्रति अपना समर्थन दोहराया है। चीन का यह रुख खास तौर पर महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह लंबे समय से भारत की स्थायी सदस्यता की मांग का खुलकर समर्थन करने से बचता रहा है। सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता रखने वाला चीन यदि भारत के दावे के समर्थन में खड़ा होता है, तो यह भारत के लिए बड़ी राहत की बात है।

उल्लेखनीय है कि सुरक्षा परिषद में फिलहाल पांच स्थायी सदस्य हैं। चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका। इनके पास वीटो पावर है, जिसके जरिये इनमें से कोई भी देश किसी महत्वपूर्ण प्रस्ताव को रोक सकता है। इसके अलावा दस अस्थायी सदस्य होते हैं, जिनका कार्यकाल दो वर्ष का होता है। इसके अलावा, विडंबना देखिए कि 1945 में जिस वैश्विक शक्ति-संतुलन को ध्यान में रखकर यह व्यवस्था बनाई गई थी, वही ढांचा आज भी लगभग उसी रूप में कायम है। जबकि दुनिया की आबादी, अर्थव्यवस्था, शक्ति-संतुलन और राजनीतिक वास्तविकताएं बदल गईं, लेकिन सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता का ढांचा नहीं बदला।

यही वह बिंदु है जहां संयुक्त राष्ट्र सुधार की जरूरत सबसे ज्यादा दिखाई देती है। जिस संस्था का मूल उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा कायम करना है, वही संस्था जब दुनिया के बड़े हिस्से को निर्णय प्रक्रिया से पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दे पाती, तो उसकी वैधता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका की विशाल आबादी और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता का ढांचा बेहद असंतुलित है। देखा जाये तो दुनिया के संकटों का असर जिन देशों और समाजों पर सबसे ज्यादा पड़ता है, निर्णय लेने की मेज पर उनकी आवाज उतनी ही कमजोर है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसी असमानता को रेखांकित करते हुए वैश्विक निर्णय व्यवस्था को विशेषाधिकारों की पिरामिड जैसी संरचना बताया है। उन्होंने कहा कि ऊपर बैठे शक्तिशाली देश निर्णय लेते हैं और नीचे मौजूद देशों को उन निर्णयों के परिणाम भुगतने पड़ते हैं। उन्होंने इस विशेषाधिकार की पिरामिड को साझेदारी के मंच में बदलने का आह्वान किया है। उनका यह संदेश केवल ब्रिक्स तक सीमित नहीं है, बल्कि मौजूदा वैश्विक व्यवस्था के सामने एक सीधी चुनौती है। सरकारीएजेंसियां खोजें

प्रधानमंत्री मोदी और संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतारेस की मुलाकात में भी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था और बहुपक्षीय संस्थाओं, विशेषकर सुरक्षा परिषद में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया गया। दोनों नेताओं ने संघर्षों, समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता, सतत विकास, मानव-केंद्रित कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवीकरणीय ऊर्जा और वैश्विक खाद्य सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की। यह अपने आप में संकेत है कि आज की वैश्विक समस्याएं इतनी व्यापक हो चुकी हैं कि उन्हें पुराने शक्ति-संतुलन और सीमित प्रतिनिधित्व वाली संस्थाओं के सहारे नहीं संभाला जा सकता।

# भारत की सार्वभौम क्रेडिट रेटिंग में बढ़ोतरी

**विश्व की क्रेडिट रेटिंग एजेंसीयों द्वारा विभिन्न देशों की आर्थिक एवं वित्तीय स्थिति के आधार पर इन देशों की क्रेडिट रेटिंग निर्धारित की जाती है। इन देशों द्वारा अथवा इन देशों के बैकों द्वारा एवं इन देशों की कम्पनियों द्वारा वैश्विक बाजार से उधार ली जाने वाली राशि पर ब्याज की दर इस क्रेडिट रेटिंग के आधार पर निर्धारित होती है। यदि क्रेडिट रेटिंग उच्च स्तर की रहती है तो उस देश द्वारा अंतराष्ट्रीय बाजार में ली जाने वाली ऋणराशि पर ब्याज की दर कम निर्धारित होती है।**

(प्रह्लाद सबनानी)



विश्व की क्रेडिट रेटिंग एजेन्सीयों द्वारा विभिन्न देशों की आर्थिक एवं वित्तीय स्थिति के आधार पर इन देशों की क्रेडिट रेटिंग निर्धारित की जाती है। इन देशों द्वारा अथवा इन देशों के बैकों द्वारा एवं इन देशों की कम्पनियों द्वारा वैश्विक बाजार से उधार ली जाने वाली राशि पर ब्याज की दर इस क्रेडिट रेटिंग के आधार पर निर्धारित होती है।

जापान क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी (जेसीआरए) ने भारत की सार्वभौम (सावरेन) क्रेडिट रेटिंग में सुधार करते हुए इसे बीबीबी प्लस से बढ़ाकर यूए- कर दिया है। भारत की सार्वभौम क्रेडिट रेटिंग में बढ़ोतरी कई कारणों के चलते की गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार विकास के पथ पर तेजी से दौड़ रही है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि दर बनी हुई है। भारत आज पूरे विश्व में समस्त बड़े देशों के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गई है एवं भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करता हुआ दिखाई दे रहा है। दूसरा, भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, इस देश में नागरिकों को अपने विचार रखने की आजादी है अतः विश्व के अन्य देश भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं और भारत में विदेशी निवेश लगातार बढ़ रहा है। अभी हाल ही में अन्य देशों में निवासरत भारत के मूल नागरिकों ने भारत में 13,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भारतीय बैंकों में जमा की है। यह भारत की शक्ति एवं मजबूती को दर्शाता है। तीसरा, भारत में आर्थिक सुधार कार्यक्रम लगातार चल रहे है। हाल ही में, वस्तु एवं सेवा कर की दरों में कमी की गई थी जिसके चलते भारतीय नागरिकों की जेब में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि पहुंची है, इससे भारतीय नागरिकों की खर्च करने की क्षमता में वृद्धि हुई है। चौथा, भारत में डिजिटल आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान की गई है। भारतीय यूपीआई की मांग अब विश्व के अन्य देशों द्वारा भी की जा रही है। जनधन योजना के अंतर्गत देश के करोड़ों नागरिकों के बैंक खाते खोले गए हैं, जिन्हें आधार से जोड़ दिया गया है और स्मार्ट मोबाइल आज जैसे जेब में बैंक का कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। डिरेक्ट बेनिफिट ट्रान्स्फर योजना को भी बहुत सरल बना दिया गया है। इससे देश में भ्रष्टाचार में कमी आई है। पांचवां, भारत में हाल ही के समय में वित्तीय क्षेत्र में मजबूती आई है। मार्च 2026 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में भारतीय बैंकों में सकल गैर निष्पादनकारी आस्तियां 1.8 प्रतिशत से भी नीचे आ गई हैं। यह अपने आप में एक रिकार्ड है। छठा, सरकारी खर्चों के उपयोग में अब सुधार दृष्टिगोचर है और इसकी गुणवत्ता भी सुधरी है। केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्च पिछले 5 वर्षों में तीन गुना हो गए हैं। इससे भारत में रेल, रोड एवं पोर्ट की आधारभूत संरचना विकसित हुई है, जो विदेशी निवेशकों को भी भारत में अपना निवेश बढ़ाने के लिए आकर्षित कर रही है। सांतवा, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 68,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गए हैं, जो कि भारत के लिए बहुत अच्छा सुरक्षा कवच बन गया है। आंठवां, भारत का वित्तीय घाटा वित्तीय वर्ष 2020-21 में 9.2 प्रतिशत था, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 में घटकर 4.4 प्रतिशत के स्तर पर नीचे आ गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था में उक्त 8 मानकों पर हुए सुधार के चलते जापान क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी ने भारत के सार्वभौम क्रेडिट रेटिंग में बढ़ौतरी की है।

विश्व की क्रेडिट रेटिंग एजेन्सीयों द्वारा विभिन्न देशों की आर्थिक एवं वित्तीय स्थिति के आधार पर इन देशों की क्रेडिट रेटिंग निर्धारित की जाती है। इन देशों द्वारा अथवा इन देशों के बैकों द्वारा एवं इन देशों की कम्पनियों द्वारा वैश्विक बाजार से उधार ली जाने वाली राशि पर ब्याज की दर इस क्रेडिट रेटिंग के आधार पर निर्धारित होती है। यदि क्रेडिट रेटिंग उच्च स्तर की रहती है तो उस देश द्वारा अंतरराष्ट्रीय बाजार में ली जाने वाली ऋणराशि पर ब्याज की दर कम निर्धारित होती है। दूसरे, इससे उस देश में विदेशी निवेश आकर्षित होता है, क्योंकि इन देशों में किया गया विदेशी निवेश सुरक्षित माना जाता है। विभिन्न क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी द्वारा निम्न प्रकार की क्रेडिट रेटिंग प्रदान की जाती है। एएए- यह प्राइम क्रेडिट रेटिंग मानी जाती है एवं यह देश निवेश की दृष्टि से इन्वेस्टमेंट ग्रेड का है। एए- क्रेडिट रेटिंग भी हाई ग्रेड की मानी जाती है।ए- क्रेडिट रेटिंग अपर मीडीयम ग्रेड की मानी जाती है। बीबीबी - क्रेडिट रेटिंग लोअर मीडीयम ग्रेड को दर्शाती है। बीबी - क्रेडिट रेटिंग नोन-इन्वेस्टमेंट ग्रेड एवं स्पेक्युलेटिव की श्रेणी में गिनी जाती है। बी- क्रेडिट रेटिंग हाइली स्पेक्युलटिव श्रेणी में आती है एवं सी- क्रेडिट रेटिंग अधिकतम रिस्क की श्रेणी में गिनी जाती है। भारत की क्रेडिट रेटिंग बीबीबी+ ग्रेड में मानी जा रही थी जो अब सुधरकर ए-कर दिया गया है।

पश्चिमी देशों की क्रेडिट रेटिंग एजेन्सीयों ने भारत की सार्वभौम क्रेडिट रेटिंग में पिछ्ले कई वर्षों से बदलाव ही नहीं किया है जबकि भारत ने इस दौरान विशेष रूप से आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र में अतुलनीय सुधार करते हुए विकास दर को बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है। फिच नामक क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी ने भारत की सार्वभौम क्रेडिट रेटिंग को अगस्त 2006 के बाद से परिवर्तित ही नहीं किया है, जो बीबीबी- के स्तर पर लगातार बनी हुई है। इसी प्रकार, स्टैंडर्ड एंड पूअर नामक क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी द्वारा 18 वर्ष पश्चात भारत की सार्वभौम क्रेडिट रेटिंग को 27 अगस्त 2026 को अपग्रेड करते हुए इसे बीबीबी के स्तर पर ले आया गया है। एक अन्य क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी मूडी ने जून 2020 के पश्चात भारत की सार्वभौम क्रेडिट रेटिंग में कोई परिवर्तन नहीं किया है और भारत को बीएए 3 की सार्वभौम क्रेडिट रेटिंग दी हुई है। उक्त एजेन्सीयां भारत की सार्वभौम क्रेडिट रेटिंग को उचित तरीके से नहीं दर्शाती हैं। जबकि, भारत के आर्थिक संकेतक बहुत मजबूत बने हुए हैं।

हाल ही में, विश्व के चार प्रमुख वित्तीय संस्थानों ने भारत के आर्थिक विकास के संदर्भ में विशेष रिपोर्ट जारी की है। जिसमें भारत की आर्थिक प्रगति की सराहना की गई है। जेफ्रीज नामक वित्तीय संस्थान की रिपोर्ट कहती है कि मोबाइल फोन, स्टील, सीमेंट, सोलर पैनल एवं ट्रक के निर्माण के क्षेत्र में भारत आज दुनिया में दूसरे स्थान पर आ गया है। वर्ष 2014 में स्पेस के क्षेत्र में भारत में केवल एक स्टार्टअप था आज भारत में इस क्षेत्र में 400 से अधिक स्टार्टअप कार्य कर रहे हैं। चिप निर्माण में 12 प्रोजेक्ट पर भारत में काम हो रहा है एवं 2,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश इस क्षेत्र में हो रहा है।


# मचान पर सो रहे व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

## कोढ़ा एसडीपीओ ने की हत्याकांड मामले की जांच, भूमि विवाद समेत कई बिंदुओं पर जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला के समेली प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी चांदपुर पंचायत के वार्ड संख्या-1 के तिरसी टोला में बीती रात अज्ञात अपराधियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और गांव में हत्याकांड की चर्चा हो रही है। मृतक की पहचान नंदन कुमार यादव (40 ) पिता रामावतार यादव के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार नंदन कुमार यादव खाना खाने के बाद अपने घर के दरवाजे पर बने मचान पर सो गये। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। परिजनों के अनुसार उनके सिर में गोली लगी थी और वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गये। मृतक की पत्नी रम्भा देवी ने बताया कि उनके पति खाना खाने के बाद दरवाजे पर बने मचान पर सोने चले गए थे। सुबह जब उन्होंने देखा तो पति के सिर से खून निकल रहा था। इसके बाद घटना





की जानकारी आसपास के लोगों और पुलिस को दी गई। बताया जा रहा है कि नंदन कुमार यादव को दो गोलियां मारी गई। जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी रम्भा देवी और तीन छोटे बच्चों आरती कुमारी (8), खुशी कुमारी (5) और निलेश कुमार (1) को छोड़ गए हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर एसडीपीओ टु सुनील कुमार शर्मा घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा किया और मृतक के परिजनों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली।पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया परिवार के बीच पूर्व से भूमि विवाद की बात सामने आई है। हालांकि हत्या के पीछे अन्य संभावित कारणों को भी ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पुलिस किसी एक वजह को अभी अंतिम कारण नहीं मान रही है। घटना की जांच के लिए कटिहार से फॉरेंसिक टीम एवं विशेष टीम को लगाया गया है। पुलिस द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। साथ ही सीसीटीवी फुटेज और मृतक का मोबाइल फोन भी पुलिस ने कब्जे में लिया है, जिसके आधार पर घटना से जुड़े सुराग तलाशे जा रहे हैं। घटना के बाद पोठिया पुलिस मामले के उद्भेदन में जुटी हुई है। पुलिस अपराधियों की पहचान और हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। समेली प्रखंड क्षेत्र में पूर्व में हुई हत्या की घटनाओं को लेकर भी स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई है। जनप्रतिनिधियों ने छोहार, मलहरिया, डुमरिया और शब्दा पंचायत सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुई हत्या की घटनाओं का हवाला देते हुए पुलिस से क्षेत्र में गश्ती और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पुलिस को संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। घटना को लेकर मुखिया प्रतिनिधि विभूति यादव,सरपंच आलोक शेखर, पंचायत समिति प्रतिनिधि धीरेन्द्र यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार यादव और राजद युवा नेता मिथुन कुमार यादव सहित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने घटना की निंदा की है और पुलिस से जल्द मामले का खुलासा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।फिलहाल पुलिस जांच जारी है। हत्या के पीछे वास्तविक कारण क्या है और वारदात में कौन लोग शामिल हैं।

# तिरंगे के रंग में सजा गणेश पूजा का भव्य पंडाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** गणेश पूजा के अवसर पर कोढ़ा नगर पंचायत क्षेत्र के गेराबाड़ी बाजार में इस बार भक्ति के साथ देशभक्ति का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। गणेश पूजा सेवा समिति की ओर से तिरंगे के रंग में तैयार कराया गया भव्य और आकर्षक पूजा खास तौर पर युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। युवाओं ने पंडाल निर्माण से लेकर सजावट और पूजा की तैयारियों तक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पंडाल को आकर्षक रूप देने के लिए बारीकी से सजावट की गयी है, जिससे शाम के समय इसकी खूबसूरती और भी निखर उठती है। श्रद्धालु पंडाल की



पंडाल लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पंडाल को देखने और भगवान गणेश के दर्शन-पूजन के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पूरे इलाके में गणेश पूजा सेवा समिति की इस अनूठी पहल की चर्चा हो रही है। गणेश पूजा सेवा समिति के सदस्यों ने इस बार कुछ अलग करने की पहल करते हुए पूरे पंडाल को भारतीय तिरंगे के तीन रंगों की थीम पर तैयार कराया है। केसरिया, सफेद और हरे रंग से सजा यह पंडाल दूर से ही लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। पंडाल के बीचोंबीच भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित की गयी है। विधि-विधान के साथ भगवान गणेश की पूजा-अर्चना शुरू होने के बाद यहां श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। समिति की इस पहल में तस्वीरें और वीडियो भी अपने मोबाइल फोन में कैद कर रहे हैं। गणेश पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष आशीष चौधरी ने बताया कि इस बार समिति के युवाओं की इच्छा थी कि गणेश पूजा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान गणेश की भक्ति के साथ देशप्रेम का भी संदेश दिया जाए। इसी उद्देश्य से तिरंगे के रंग में पूजा पंडाल तैयार कराया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। युवाओं की ओर से पंडाल के माध्यम से लोगों तक देशप्रेम का सकारात्मक संदेश पहुंचाने का प्रयास किया गया है।गेराबाड़ी बाजार में तिरंगे के रंग में सजा यह गणेश पूजा पंडाल अब केवल पूजा-अर्चना का केंद्र नहीं, बल्कि भक्ति, युवा उत्साह और देशप्रेम के अनोखे संगम का संदेश भी दे रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### जदयू नेता का निधन

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के रमैया टोला के रहने वाले जदयू नेता मुन्ना राम (55) का निधन हो गया। इस मौके पर जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बलराम पोद्दार उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट किया। कहा कि जदयू नेता काफी मिलनसार थे जो भी पार्टी से संबंधित काम दिया जाता था बखूबी निभाते थे उनका निधन हो जाना पार्टी के लिए अपूरणीय छती हैं। इस अवसर पर चित्तलेश सिन्हा, अभिषेक कुमार, सुधीर प्रभाकर, राजाराम कुंवर, अशोक मंडल, अमर साह, रवि साह, संजय मंडल, उत्तम शर्मा आदि उपस्थित थे।



### मांगों को लेकर कल्याण पदाधिकारी संघ भी सांकेतिक हड़ताल पर

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विभिन्न मांगों के समाधान को लेकर अब कल्याण पदाधिकारी संघ भी चरणबद्ध आंदोलन में शामिल हो गया है। बुधवार से अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी सहित जिले के सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी काली पट्टी बांधकर सांकेतिक हड़ताल पर हैं। पदाधिकारियों का कहना है कि मांगों के समाधान को लेकर लगातार विभागीय स्तर पर ध्यान आकृष्ट कराया गया। लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। इसके बाद सांकेतिक विरोध का निर्णय लिया गया है।अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी शंकर झा ने बताया कि कल्याण पदाधिकारी संघ की ओर से बुधवार से काली पट्टी बांधकर सांकेतिक हड़ताल शुरू की गई है। इस दौरान पदाधिकारी अपने कार्यालयीय कार्यों का निर्वहन करते हुए मांगों के समर्थन में विरोध दर्ज करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संघ की मांगों पर सरकार एवं विभाग से सकारात्मक पहल की अपेक्षा है। उन्होंने बताया कि आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। यदि निर्धारित समय तक मांगों का समाधान नहीं किया गया तो 1 अक्टूबर से कार्य ठप कर सामूहिक छुट्टी पर जाने का निर्णय लिया जा सकता है। संघ की ओर से सरकार से मांगों पर शीघ्र विचार कर समाधान की पहल करने की मांग की गई है। इधर पंचायती राज विभाग के पदाधिकारी मंगलवार से ही अपने संघ की मांगों को लेकर अलग से सांकेतिक हड़ताल पर हैं। हालांकि पंचायती राज विभाग और कल्याण विभाग के दोनों संघ अलग-अलग हैं और उनके आंदोलन भी स्वतंत्र रूप से चल रहे हैं। कल्याण पदाधिकारी संघ के आंदोलन को लेकर शंकर झा ने कहा कि फिलहाल काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध किया जा रहा है। मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने की स्थिति में आंदोलन को अगले चरण में ले जाया जाएगा।



### पॉक्सो एक्ट का प्राथमिक आरोपित मनिहारी के मेदिनीपुर से गिरफ्तार

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुंबई पुलिस के कांड संख्या 735/26, दिनांक 10 सितंबर 2026 में वांछित आरोपी शाहनवाज बारीक नदाफ को मनिहारी पुलिस ने मेदिनीपुर स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई मनिहारी थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा के नेतृत्व में पुलिस बल के सहयोग से 15 सितंबर को की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध मुंबई थाना कांड संख्या 735/26 के तहत बीएनएस की धारा 74, 318(4), 351(2) एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। मामले में मुंबई पुलिस को आरोपी की तलाश थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय से रिमांड मिलने के बाद मुंबई पुलिस आरोपी को अपने साथ मुंबई ले गई।



### प्राथमिक विद्यालय कामत टोला बीच चित्तौरिया में लगे सीसीटीवी एवं कैमरा को अज्ञात ने किया क्षतिग्रस्त

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के चित्तौरिया पंचायत के प्राथमिक विद्यालय कामत टोला बीच चित्तौरिया के विद्यालय परिसर में लगे सीसीटीवी, चार कैमरा, चापाकल एवं नल को अज्ञात लोगों के द्वारा तोड़े जाने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रिया कपूर ने बताया कि विद्यालय में 10 सितंबर से बाढ़ पीड़ितों के लिए सामुदायिक किचन चल रहा हैं। शनिवार की शाम को अज्ञात के द्वारा विद्यालय परिसर में लगे सीसीटीवी, चार कैमरा, चापाकल एवं नल को तोड़कर पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त कर दिया हैं। सीसीटीवी लगे रहने से आसपास की गतिविधियों पर नजर रखी जाती थी साथ ही शिक्षक क्या पढ़ा रहे हैं उस पर भी विशेष रूप से नजर रखा जाता था लेकिन सीसीटीवी एवं कैमरा को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिए जाने के कारण शिक्षक छात्रों को क्या पढ़ा रहे हैं। इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही हैं अब विद्यालय के प्रत्येक रूम में घूम-घूम कर शैक्षणिक गतिविधि को देखना पड़ता हैं । इस घटना की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुमन कुमारी को दी गई हैं। वहीं अभी विद्यालय में बाढ़ को लेकर छात्र -छात्राओं की छुट्टी हैं सिर्फ शिक्षक विद्यालय परिसर पहुंचकर विद्यालय से संबंधित कार्य कर रहे हैं तथा बाढ़ पीड़ितों के लिए चल रहे सामुदायिक किचन में भी सहयोग कर रहे हैं। वहीं मनिहारी विधानसभा के पूर्व एमएलए प्रत्याशी सह समन्वय समिति संयोजक मनिहारी विधानसभा के सिकंदर मंडल ने कहा कि इस तरह विद्यालय परिसर के समान का क्षतिग्रस्त पहुंचना काफी दुःखद बात हैं। जो भी लोग इस तरह की घटना कर रहे हैं वह गलत मनसूबे के लोग हैं। इन गलत मनसूबे के लोगों पर प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।



# स्वर्ण व्यवसायियों पर पुलिस ज्यादती की होगी जांच : एसपी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नार्थ ईस्टर्न बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार से मिलकर ज्ञापन सौपा। जिसमें बिना किसी पूर्व सूचना के दो स्वर्ण व्यवसायियों को पुलिस द्वारा जबरन उठाकर ले जाने की शिकायत की गयी। शांतिपूर्ण माहौल में हुई बातचीत के दौरान एसपी ने व्यवसायियों को आश्वासन दिया कि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी इस मामले की अपने स्तर से जांच करवाएंगे। एसपी ने दुकानदारों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि कोई व्यक्ति उनके पास



आभूषण बेचने आता है, तो उससे अनिवार्य रूप से बिल मांगें। यदि बिल उपलब्ध न हो तो आभूषण बेचने वाले का सादे कागज पर हस्ताक्षर जरूर करवा लें। ताकि भविष्य में व्यवसायियों को किसी भी प्रकार की कानूनी परेशानियों का सामना न करना पड़े। चैंबर अध्यक्ष बिमल सिंह बेंगानी और महासचिव अजय सिंघानिया लाला के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को बताया कि आभूषण चोरी या बरामदगी के मामलों में जौहरी और स्वर्णकार समुदाय के सदस्यों को पुलिस स्तर से अनुचित कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। जिससे व्यवसायियों में भारी असंतोष है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बिहार पुलिस मुख्यालय के डीजीपी द्वारा 12 नवंबर 2025 ज्ञापांक-क319261/2025 को भारतीय न्याय संहिता की धारा-317 के तहत आभूषण व्यापारियों से जुड़े मामलों में निष्पक्ष जांच हेतु मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है। इसके बिंदु-2 के अनुसार, किसी भी स्वर्णकार से पूछताछ यथासंभव उसके कार्यस्थल पर ही की जानी चाहिए और जब तक बेहद आवश्यक न हो, उन्हें थाना आने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। इसके बावजूद, कुछ दिन पहले पुलिस ने चैंबर के दो सदस्य स्वर्ण व्यवसायियों को रात करीब 2:00 बजे उनके घरों से जबरन उठाया था।

# ठनका की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** वर्षा और आंधी के साथ हुई वज्रपात की चपेट में आने से एक अधेड की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है।परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार डंडखोरा पंचायत के दुर्गास्थान गांव निवासी मदन लाल ठाकुर (59 ), पिता पंचलाल ठाकुर मंगलवार को दोपहर में गांव से सटे पोखर के पास घास काटने गये थे।इसी दौरान आंधी के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई और बिजली चमकने लगी। इसी क्रम में वह ठनका के चपेट में आ गया।आसपास काम कर रहे लोगों ने उसे उस हाल में देखकर हल्ला किया तो परिजन दौड़कर पहुंचे और घर लेकर आये। स्थिति को देखकर उसे इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डंडखोरा लाया गया,जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पर डंडखोरा पुलिस पहुंचकर देर शाम शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कारवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना पर मुखिया पार्वती हेम्ब्रम, सूरज विश्वास, मनोज गुप्ता, शेख शाबिर, कालिंदी देवी, अरबिंद सिंह, करण यादव, मनोज विश्वास, प्रकाश झा सहित स्थानीय लोगों ने दुख प्रकट करते हुए प्रशासन से मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने की मांग की है। मृतक हाट- बाजार में सब्जी बेचकर अपने परिवार का गुजारा करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री छोड़ कर गया है।

# भेड़मारा पंचायत के वार्ड संख्या तीन एवं चार के साढ़े सात सौ परिवार बाढ़ से प्रभावित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के भेड़मारा पंचायत के वार्ड संख्या 0 3 एवं वार्ड संख्या 04 पूरी तरीके से बाढ़ से प्रभावित हो गया हैं। इस दोनों वार्ड से कुल 750 परिवार अपने घर वार छोड़कर बांध पर शरण लिए हुए हैं। इस मौके पर भेड़मारा पंचायत के उपसरपंच मो0 माले कुस्तूर उर्फ लाबु आमीन ने बताया कि भेड़मारा पंचायत के वार्ड संख्या 03 कारी कोसी बांध, डगरा मिलिक, चामापड़ा, खाड़ी टोला में कुल चार सौ परिवार एवं वार्ड संख्या 04 कारी कोसी बांध टोला, नहर टोला में तीन सौ पचास परिवार दोनों वार्ड से कुल साढ़े सात सौ परिवार



पूरी तरीके से बाढ़ से प्रभावित हैं। इन सभी के घरों के चूल्हे में पानी घुस गया हैं,सभी लोग अपने घर को छोड़कर बांध पर शरण लिए हुए हैं। वहीं दोनों वार्ड में लगे धान की खड़ी फसल,पटवा पूरी तरीके से डूब गया हैं। अब तक अंचल प्रशासन के द्वारा इन दोनों वार्ड का निरीक्षण नहीं किया गया हैं,ना ही अब तक सामुदायिक किचन शुरू की गई हैं। वहीं बांध के नीचे मदरसा में पढ़ने वाले छात्रों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। छात्र मस्जिद में जाकर पढ़ाई कर रहे हैं एवं मदरसा के रूम में पानी भरा हुआ हैं,जिससे छात्रों को सोने में दिक्कत होता हैं एवं बाढ़ के पानी में टपकर मस्जिद में पढ़ने आते हैं। इस मौके पर वार्ड संख्या 03 के वार्ड सदस्या मनवारा खातून, वार्ड संख्या 04 के वार्ड सदस्या नसरीन प्रवीण ने अंचल प्रशासन से अभिलंब सभी 750 पीड़ित परिवारों के घरों का जांच कर अभिलंब सामुदायिक किचन चलाया जाए साथ-साथ सभी के खाते में जीआर की राशि भी दी जाए। इस अवसर पर मो. सलीम, मो. जलाल, मो. यूसुफ, मो. शहाबुद्दीन, मो. जहांगीर, मो. शमशेर, मो. मजहर आलम, मो. आमिर, मजबूल हक, मो. तौफीक आलम, अब्दुल वहाब, मो. तारिक, अब्दुल सत्तार, वीरेंद्र सहनी, गोपाल मंडल, राजू सहनी, प्रकाश सहनी आदि बाढ़ पीड़ित उपस्थित रहे।

# बाढ़ पीड़ितों के बीच चिकन-मिक्स सब्जी का भोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** पिछले 10-12 दिनों से बाढ़ की मार झेल रहे परिवार सामुदायिक किचन में चावल, दाल और सोयाबीन-आलू की सब्जी खाकर गुजारा कर रहे हैं। इसी बीच बुधवार को कुंडी पुल पर तंबुओं में शरण लिए सैकड़ों बाढ़ पीड़ितों के लिए कुछ अलग लेकर पहुंचे मोहनाचांदपुर के सरपंच मो. इरशाद, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि शारीफ खान और जनसुराज युवा प्रखंड अध्यक्ष राजेश सिंह आदि थे। मौके पर सरपंच और जिप सदस्य प्रतिनिधि दोनों अपने कार्यकताओं के साथ ट्रैक्टर पर बड़े-बड़े बर्तनों में चावल, मिक्स सब्जी



और चिकन लेकर पहुंचे और बाढ़ पीड़ितों के बीच भोजन का वितरण किया। ट्रैक्टर से बर्तन उतारकर जब भोजन तंबुओं तक पहुंचाया गया तो बाढ़ पीड़ितों के चेहरे पर राहत नजर आई। सरपंच मो. इरशाद और शरीफ खान ने खुद अपने हाथों से लोगों को भोजन परोसा। कई दिनों से बाढ़ के पानी के बीच परेशानी झेल रहे परिवारों ने भावुक होकर भोजन लिया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने कहा कि संकट की घड़ी में इरशाद लगातार लोगों के बीच खड़े रहते हैं। लोगों ने कहा कि सरपंच हो तो इरशाद की तरह, जो वर्षों से हर सुख-दुख में लोगों के साथ खड़े हैं।

# सेवा संकल्प कार्यक्रम की तैयारियों की नगर आयुक्त ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम कटिहार की ओर से 17 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाले ह्यसेवा संकल्पह्न कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार को नगर निगम सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर आयुक्त संतोष कुमार ने की। नगर आयुक्त श्री कुमार ने कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं



को समय पर पूरा करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। बैठक में सहायक अभियंता विवेक कुमार, कनीय अभियंता अजय कुमार सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार, नूर अली सहित नगर निगम के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने देने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग के जरिए युवाओं को फंसाने की कोशिश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के सरदाही स्थित विजडम किड्स गार्डन में अभिलाषा परिवार स्वयंसेवी संस्था कटिहार के तत्वावधान में सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से मानव तस्करी एवं युवाओं के शोषण की बढ़ती समस्या को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम सुबह आठ बजे से शुरू हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं और युवाओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल तथा साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी गई।अभिलाषा परिवार स्वयंसेवी संस्था के सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सऐप सहित सोशल मीडिया प्लेटफार्म और ऑनलाइन गेमिंग का गलत इस्तेमाल कर अपराधी युवाओं को अपने जाल में फंसा सकते हैं। फर्जी प्रोफाइल और ऑनलाइन ग्रूमिंग के माध्यम से पहले भरोसा कायम किया जाता है। इसके बाद प्रेम,शादी, नौकरी, मॉडलिंग या अभिनय के नाम पर झांसे में लेकर ब्लैकमेल अथवा शोषण का प्रयास किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से परेशान अथवा परिवार से पर्याप्त संवाद नहीं रखने वाले किशोर-किशोरियां और युवा ऐसे मामलों में आसानी से प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने किसी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करने तथा निजी जानकारी, पता, मोबाइल नंबर और तस्वीरें साझा नहीं करने की सलाह दी। वही कर्तव्य वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन कटिहार के अध्यक्ष अरुण कुमार चौबे ने कहा कि जल्द पैसा कमाने और रातों-रात अमीर बनने की चाहत भी युवाओं को साइबर अपराधियों के जाल में फंसा सकती है।

# हिंदी हमारी संस्कृति, अस्मिता और स्वतंत्रता आंदोलन की महत्वपूर्ण विरासत : डॉ. मनोरंजन कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता


**कोढा (कटिहार)।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कोलासी के प्रांगण में 1 सितंबर से 15 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। हिंदी भाषा के प्रति विद्यार्थियों में रुचि, सम्मान एवं जागरूकता विकसित करने तथा हिंदी के व्यापक प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पखवाड़े के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न रचनात्मक, साहित्यिक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन किया गया।हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत कविता वाचन, हिंदी प्रश्नोत्तरी, हिंदी सुलेख प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने इन कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन




गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को हिंदी भाषा एवं साहित्य के महत्व, हिंदी की समृद्ध परंपरा तथा राष्ट्र निर्माण में हिंदी की भूमिका से अवगत कराया गया।समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरे राम कुमार ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय समाज को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक डॉ. मनोरंजन कुमार ने कहा कि हिंदी साहित्य हमारी संस्कृति, आत्मीयता, राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता आंदोलन से प्राप्त महत्वपूर्ण विरासत का हिस्सा है। उन्होंने हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़े की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि में संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसी ऐतिहासिक निर्णय की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है तथा हिंदी के व्यापक प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार,दीपक कुमार दिनकर, प्रमोद कुमार, वंदना त्रिवेदी, रुकमणी कुमारी एवं प्रेरणा कुमारी सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। पूरे पखवाड़े के दौरान आयोजित गतिविधियों ने विद्यालय परिसर में हिंदी के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया तथा विद्यार्थियों में हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति रुचि, सम्मान और गौरव की भावना को और मजबूत किया।

संक्षिप्त समाचार

## लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे बनाने वाली कंपनी पर 3 साल का बैन, 52 हफ्ते के लो पर पहुंचा शेयर




नई दिल्ली, एजेंसी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे बनाने वाली कंपनी इन्फ्राटेक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इसकी सड़क उद्घाटन के कुछ ही हफ्तों के भीतर धंस गई थी। इस एक्सप्रेसवे को बनाने वाली कंपनी इन्फ्राटेक पर तीन साल के लिए बैन लगा दिया है। कंपनी एनएचएआई के किसी भी प्रोजेक्ट के लिए अगले तीन साल बोली लगा सकती है। कॉन्ट्रैक्ट की शर्तों के अनुसार यह सबसे बड़ी सजा है। इससे मंगलवार को कंपनी के शेयरों में 20 प्रतिशत की भारी गिरावट आई। आज भी शुरुआती कारोबार में यह करीब 15 फीसदी तक गिर गया। बीएसई पर यह पिछले सत्र में 140.40 रुपये पर बंद हुआ था और आज 130.10 रुपये पर खुला। कारोबार के दौरान यह 116.25 रुपये तक गिरा जो इसका 52 हफ्ते का न्यूनतम स्तर है। इसका 3 साल का उच्चतम स्तर 325.15 रुपये है। पिछले साल 17 सितंबर को यह इस स्तर पर पहुंचा था। टीओआई के अधिकारियों ने कहा था कि अवध एक्सप्रेसवे के कुछ हिस्सों में समय से पहले आई ये खराबियां डिजाइन की कमी के कारण थीं और सिर्फ पैचवर्क से काम नहीं चलेगा। द्बद्बञ्-खड़गपुर के एक प्रोफेसर की जांच में प्रभावित हिस्सों को पूरी तरह से दोबारा बनाने की सिफारिश की गई थी। कंपनी की रेगुलेटरी फाइलिंग के अनुसार ने 11 सितंबर को प्रतिबंध का पत्र जारी किया था। कंपनी ने यह भी साफ किया कि इस कार्रवाई का उसके मौजूदा प्रोजेक्ट्स पर कोई असर नहीं पड़ेगा और वह इस आदेश के खिलाफ़ कानूनी विकल्पों पर विचार कर रही है। यह प्रोजेक्ट 'हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल' के तहत पूरा किया गया था, जिसमें कॉन्ट्रैक्ट की अवधि के दौरान रखरखाव की जिम्मेदारी प्राइवेट कंपनी की होती है।

## यूपीआई ट्रांजैक्शन पर फीस से रॉकेट बने पेटीएम के शेयर, 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंची कीमत

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने 2,000 से ज्यादा के




यूपीआई ट्रांजैक्शन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट लगाने की घोषणा की है। यह व्यवस्था 15 अक्तूबर से लागू होगी। इससे डिजिटल पेमेंट्स कंपनियों को भी काफी फायदा होने की उम्मीद है। इससे आज के शेयरों में 7 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड का शेयर बीएसई पर 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंच गया। शेयर पिछले सत्र में 1,731.10 रुपये पर बंद हुआ था और आज 1,829.35 रुपये पर खुला। कारोबार के दौरान यह 7 फीसदी से अधिक तेजी के साथ 1,856.50 रुपये पर पहुंच गया जो इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर है। कंपनी का आईपीओ नवंबर 2021 में आया था और इसका इश्यू प्राइस 2,150 रुपये था। लेकिन कंपनी का शेयर कभी भी इस स्तर तक पहुंच पहुंच पाया। इसका टारगेट प्राइस 2,200 रुपये रखा है। इसी तरह का शेयर भी 5 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 214 पर पहुंच गया। इसी तरह का शेयर लगभग 3 प्रतिशत बढ़कर 199 प्रति शेयर हो गया। मंगलवार को घोषणा की कि सरकार 15 अक्टूबर से पर्सन-टू-मर्चेंट ट्रांजैक्शन पर स्न्ख्रक्रलागू करेगी। इसके तहत मर्चेंट्स को 2,000 से ज्यादा के ट्रांजैक्शन पर 0.4 प्रतिशत शुल्क देना होगा।

# 380 अरब स्वाहा! दुनिया में कम हुई भारत की हैसियत, 5 ट्रिलियन से नीचे आया मार्केट कैप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कच्चे तेल में तेजी और अमेरिका में बॉन्ड यील्ड बढ़ने से घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को भारी बिकवाली हुई। कच्चे तेल की कीमत .108 प्रति बैरल के पार चली गई जबकि अमेरिका में 10 साल की मैच्योरिटी वाले बॉन्ड का यील्ड 5 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गया। इससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और शेयर बाजार में भारी गिरावट रही। इस कारण बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों की कुल मार्केट वैल्यू 5 ट्रिलियन से नीचे गिरकर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गई। इसी तरह ग्लोबल मार्केट कैप में भारत की हिस्सेदारी भी 3 प्रतिशत से नीचे आ गई।

बीएसई के डेटा के मुताबिक लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप घटकर 4.92 ट्रिलियन रह गया। यह 11 जून के बाद इसका सबसे निचला स्तर है। साल की शुरुआत में यह लगभग 5.3 ट्रिलियन था। इस तरह मार्केट वैल्यू में लगभग 380 बिलियन की गिरावट आई है। ग्लोबल मार्केट कैप में भी भारत की हिस्सेदारी लगभग 2.95 प्रतिशत रही, जो 3 जून के बाद सबसे कम है।

तेल की बढ़ती कीमतें महंगाई की चिंताएं बढ़ा रही हैं, जबकि दुनिया भर में सरकार की भारी उधारी से बॉन्ड यील्ड बढ़ रही है। साथ ही, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम हो रही हैं। इसका मतलब है कि निवेशक बॉन्ड रखने के लिए ज्यादा यील्ड की मांग कर रहे हैं। जैसे-जैसे यील्ड बढ़ती है, इक्विटी कम



आकर्षक हो जाती हैं, खासकर भारत जैसे उभरते बाजारों में।

ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक स्टेपट्रेड कैपिटल की डायरेक्टर और फंड मैनेजर, क्रेशा गुप्ता ने कहा, 'तेल की बढ़ती कीमतें महंगाई की चिंताएं बढ़ा रही हैं, जबकि दुनिया भर में सरकार की भारी उधारी से बॉन्ड यील्ड बढ़ रही है। साथ ही, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम हो रही हैं। इसका मतलब है कि निवेशक बॉन्ड रखने के लिए ज्यादा यील्ड की मांग कर रहे हैं। जैसे-जैसे यील्ड बढ़ती है, इक्विटी कम आकर्षक हो जाती हैं, खासकर भारत जैसे उभरते बाजारों में।'

### मार्केट में गिरावट

मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 778 अंक या लगभग 1 प्रतिशत गिरकर 74,003.81 पर आ गया। यह इसका तीन महीने का निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 इंडेक्स भी 280 अंक या 1.2 प्रतिशत गिरकर 23,118.60 पर आ गया। यह इसका पांच महीने का निचला स्तर है। ऐसा स्तर आखिरी बार 6 अप्रैल को देखा गया था। मंगलवार को बेंचमार्क 10 साल की यूएस ट्रेजरी की यील्ड बढ़कर 5.041 प्रतिशत हो गई। यह 2007 के बाद इसका उच्चतम स्तर है। इसकी वजह यह है कि तेल की बढ़ती कीमतों ने महंगाई की चिंताओं को हवा दी। सऊदी अरब के एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हूतियों के हमलों के बाद तेल की सप्लाई को लेकर चिंताएं बढ़ गईं। इससे मंगलवार को ब्रेंट क्रूड .108 प्रति बैरल के पार पहुंच गया। अमेरिका में महंगाई के उम्मीद से ज्यादा रहने के बाद ब्याज दरें बढ़ने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। इससे बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी का दबाव और बढ़ गया है। निवेशक अब 16 सितंबर यानी आज यूएस फेडरल रिजर्व की पॉलिसी मीटिंग का इंतजार कर रहे हैं। माना जा रहा है कि फेड ब्याज दरों में 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी कर सकता है। उसके बाद 17 सितंबर को बैंक ऑफ इंग्लैंड और 18 सितंबर को बैंक ऑफ जापान की मीटिंग होनी है।

## पेट्रोल पंप, रेलवे टिकट समेत कई जगहों पर लगेगा सिर्फ 5 रुपये का एमडीआर

नई दिल्ली, एजेंसी। यूपीआई लेनदेन पर चार्ज लगाने की घोषणा हो चुकी है। सरकार ने इस बारे में डिटेल फ्रेमवर्क जारी कर दिया है। 15 अक्टूबर से 2,000 रुपये से ज्यादा के पर्सन-टू-मर्चेंट यूपीआई ट्रांजेक्शन पर 0.4 प्रतिशत का मर्चेंट डिस्काउंट रेट लागू होगा। हालांकि पर्सन-टू-पर्सन ट्रांजैक्शन पहले की तरह मुफ्त रहेंगे। हालांकि रेलवे, टेलीकॉम सर्विस, इंश्योरेंस और फ्यूल जैसी खास मर्चेंट कैटेगरी के लिए 2,000 से ज्यादा के ट्रांजेक्शन पर 5 प्रति ट्रांजैक्शन का फ्लैट लागू होगा, फिर चाहे लेनदेन की अमाउंट कितनी भी हो। नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने एमडीआर के बारे में डिटेल फ्रेमवर्क जारी किया है। इसके मुताबिक रेलवे, टेलीकॉम सर्विस, इंश्योरेंस और फ्यूल जैसी मर्चेंट कैटेगरी के लिए 2,000 से ज्यादा के ट्रांजैक्शन पर प्रति लेनदेन 5 रुपये का फ्लैट एमडीआर रखा गया है। इसका मकसद पब्लिक सर्विस, यूटिलिटी बिल कलेक्शन और फ्यूल रिटेल जैसे कम मार्जिन वाले सेक्टर में लागत बढ़ने से रोकना है। रेलवे पेमेंट को खास मर्चेंट कैटेगरी में रखा गया है। यानी रेलवे भुगतान में 2,000 रुपये से ज्यादा का ट्रांजैक्शन होने पर 5 रुपये प्रति ट्रांजैक्शन का फिक्स्ड लागू होगा। इसका मतलब है कि 1,500 का ट्रेन टिकट खरीदने वाले यात्री को कोई स्न्ख्रक्रनहीं देना होगा। 3,000 या 10,000 के रेलवे पेमेंट के लिए भी यात्री को अलग से 5 का स्न्ख्रक्र नहीं देना होगा।

## फ्लैट बेचने के लिए बिल्डर ने किए थे लंबे-चौड़े वादे, रेरा ने दिलवाया 10 लाख




**नई दिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट सेक्टर में अक्सर भ्रामक वादे करने और उससे मुकर जाने की खबर आती रहती है। ऐसा ही भ्रामक वादा बेंगलुरु के एक बिल्डर ने किया था। प्रोजेक्ट में लगाकर फ्लैट खरीदने वाल चार जागरूक खरीदार इस मसले को लेकर पहुंच गए। वहां बिल्डर की खिंचाई तो हुई ही, चारों होमबायर्स को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश भी आया। हमारे सहयोगी ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक बेंगलुरु के एक प्रतिष्ठित बिल्डर का प्रोजेक्ट नार्थ बेंगलुरु में था। उसी में चारों होमबायर्स ने अपना-अपना फ्लैट बुक कराया। हर फ्लैट की कीमत 2.08 थी। इस हाउसिंग प्रोजेक्ट के ब्रोशर में वादा किया गया था कि उन्हें परिसर में ही एक सीनियर सिटीजन पार्क, ओपन जिम, स्पा, एम्फीथियेटर और स्पोर्ट्स फेसिलिटी जैसी सुविधाएं मिलेंगी। लेकिन जब उन्हें फ्लैट का पोजेशन मिला तो पता चला कि ये सब सुविधाएं तो दी ही नहीं गई है।

### पहुंच गए रेरा ट्रिब्यूनल

बिल्डर की वादाखिलाफी से नाराज चारों होमबायर्स पहुंच गए। इन्होंने शिकातय की कि फ्लैट बेचने के लिए लंबे-चौड़े वायदे किए गए। उन्हें पूल, एम्फीथियेटर, बैडमिंटन कोर्ट, सीनियर सिटीजन पार्क आदि के वादे किए गए थे। उनका सेल डीड 2022 में ही बन गया। तब तक प्रोजेक्ट में ये सुविधाएं बनी ही नहीं थीं। मतलब कि बिल्डर ने वादाखिलाफी की।

### रेरा का क्या था कहना

कर्नाटर रेरा की एडज्यूकेटिंग ऑफिसर माहेश्वरी एस. हीरेमठ ने इस मामले की सुनवाई की। उनके समझ बिल्डर का ब्रोशर, सेल डीड, डिलीवरी के वक्त के प्रोजेक्ट के फोटोग्राफ पेश किए गए। कर्नाटक रेरा ने प्रोजेक्ट का ज्वाइंट इंस्पेक्शन करवाया। इसके बाद पता चला कि ब्रोशर में जिन सुविधाओं का वादा किया गया था, वे तो हैं ही नहीं। इसके बाद ट्रिब्यूनल ने 4 सितंबर 2024 को चारों होमबायर्स को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। रेरा का फुल फॉर्म रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) कानून 2016 है। इसे ही अंग्रेजी में कहा जाता है। इस कानून को भारत सरकार ने बनाया है। यह एक ऐसा कानून है, जिसे रियल एस्टेट (प्रॉपर्टी) सेक्टर में पारदर्शिता लाने, जवाबदेही तय करने और मकान या फ्लैट के खरीदारों के हितों की रक्षा करने के लिए बनाया गया है।

## क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड, दोनों ही एक पेमेंट कार्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड, दोनों ही एक पेमेंट कार्ड होते हैं। इनका इस्तेमाल करके लोग शॉपिंग से लेकर टिकट बुकिंग, लोन से लेकर किसी को पेमेंट समेत अन्य सुविधाओं का लाभ उठाते हैं। लेकिन, इन दोनों में काफी अंतर है।

आमतौर पर हम देखते हैं कि कई बार क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड में बड़ा कंफ्यूजन हो जाता है। ऐसे में किसी-किसी को समझ में नहीं आता है कि डेबिट ही क्रेडिट कार्ड है या क्रेडिट कार्ड ही डेबिट कार्ड है। खैर, इसी कंफ्यूजन को हम यहां आसानी से दूर कर रहे हैं। इसके साथ ही हम यह भी बता रहे हैं कि क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड क्या हैं और इन दोनों में अंतर के साथ फायदे-नुकसान क्या हैं।

### क्रेडिट कार्ड क्या है

सबसे पहले हम क्रेडिट कार्ड की बात करते हैं। यह बैंक से लिया गया एक प्रकार का ऋण (लोन) है। यह एक ऐसा उधार है जिसकी बिलिंग अवधि समाप्त होने पर वापसी की तारीख तय हो जाती है। एक अन्य भाषा में इसे समझें तो क्रेडिट कार्ड किसी बैंक या वित्तीय संस्था द्वारा लिया गया प्लास्टिक का एक पेमेंट कार्ड होता है। इसमें बैंक का पैसा होता है, जिसका आप इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, समय के साथ आपको इसे भरना पड़ता है।

मतलब कि यह आपका पैसा नहीं होता है, बैंक आपको जरूरत के हिसाब से पैसे खर्च करने के लिए क्रेडिट कार्ड की सुविधा देता है। पैसे के इस्तेमाल के बाद आप एक तय समय (ड्यू डेट) पर क्रेडिट कार्ड के बकाया का भुगतान करते हैं।




इसमें एक लिमिट में पैसा होता है। इसे आप जरूरत और पात्रता के हिसाब से बढ़ा भी सकते हैं।

### डेबिट कार्ड क्या है


अब बात डेबिट कार्ड की करते हैं। इसमें जमा राशि आपकी खुद की होती है। मतलब कि डेबिट कार्ड से आप अपने निजी फंड का उपयोग करते हैं। इसके लिए आप कैश के अलावा ऑनलाइन पेमेंट करके खरीदारी समेत अन्य सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। इसके बिल यानी कि डेबिट कार्ड से खर्च किए गए पैसों को उस कार्ड में जमा करने की कोई टेंशन नहीं होती है क्योंकि वह आपका अपना पैसा होता है। आप जब चाहें अपने डेबिट कार्ड में बैंक खाते के जरिए पैसे डाल सकते हैं।

क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करने पर कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं लगता है। हालांकि, अगर आप पेमेंट के पैसे को समय पर नहीं चुकाते हैं तो मोटा ब्याज लग सकता है। क्रेडिट कार्ड से कैश निकालने पर कितना चार्ज देना पड़ता है

क्रेडिट कार्ड से कैश निकालने पर 2.5 प्रतिशत से 3.5 प्रतिशत तक चार्ज देना पड़ सकता है। बाकी यह संबंधित बैंक और कैश निकासी की राशि पर निर्भर करता है। डेबिट कार्ड का चार्ज आमतौर पर सालाना होता है, जो संबंधित बैंक पर निर्भर करता है। डेबिट कार्ड का मतलब क्या होता है डेबिट कार्ड का मतलब यह होता है कि आप इससे अपने निजी फंड का उपयोग करते हैं।

## सिर का दर्द बनी थी जो समस्या, उसी को बना लिया अपना बिजनेस, अब 2 करोड़ की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी है केरल के तीन उद्यमियों की। इनके नाम हैं सिद्धार्थ एके, प्रोफेसर सूरज वर्मा और एल्विन जॉर्ज। इस तिकड़ी ने समुद्री तटों पर बिखरे प्लास्टिक कचरे को सिरदर्द न मानकर बिजनेस का आइडिया बना लिया। इसी से उनके स्टार्टअप का जन्म हुआ है। इसका नाम 'कार्बन एंड व्हेल' है। यह स्टार्टअप प्लास्टिक कचरे को हाई क्वालिटी के ड्यूरेबल फर्नीचर में बदलकर पर्यावरण को बचा रहा है। इसने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल किया। आइए, यहां सिद्धार्थ, सूरज और एल्विन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



भारत में सालाना लगभग 93 लाख टन प्लास्टिक कचरा पैदा होता है। इसमें से बड़ा हिस्सा नदियों और समुद्र तटों को दूषित करता है। इस समस्या से निपटने के लिए सिद्धार्थ एके और प्रोफेसर सूरज वर्मा ने 2022 में 'कार्बन एंड व्हेल' की स्थापना की। इन दोनों से 2023 में एल्विन जॉर्ज भी जुड़ गए। संस्थापकों का मुख्य उद्देश्य सिर्फ कचरा उठाना नहीं था। इसके बजाय उस प्लास्टिक कचरे को आर्थिक मूल्य प्रदान करते हुए सर्कुलर इकोनॉमी तैयार करना था।

कंपनी की शुरुआत आसान नहीं थी। शुरुआती दौर में प्लास्टिक से टाइल्स बनाने का प्रयोग असफल रहा। कारण था कि सामग्री में मजबूती नहीं आ पा रही थी। इसके बाद पॉलीमर साइंस के एक्सपर्ट प्रोफेसर सूरज वर्मा के तकनीकी अनुभव की मदद से टीम ने एक खास फॉर्मूला विकसित किया। इसमें प्लास्टिक, एडिटिव्स और फिलर्स का इस्तेमाल करके ऐसा कंपोजिट मटेरियल तैयार किया गया, जो दिखने और काम करने में बिल्कुल लकड़ी जैसा मजबूत और टिकाऊ था। कोच्चि स्थित में इनक्यूबेटेड यह स्टार्टअप कचरा बीनने वालों और रीसाइकिल पार्टनर्स की मदद से प्लास्टिक जुटता है।

# हर 5 साल में बढ़े सैलरी...खत्म हो 10 साल का इंतजार; 8वें वेतन आयोग से की ये बड़ी मांग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए 8वें वेतन आयोग के सामने एक पुरानी डिमांड फिर जोर पकड़ रही है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि वेतन और पेंशन में संशोधन के लिए 10 साल का इंतजार काफी लंबा है। इसी वजह से अब हर 5 साल में पे रिवीजन करने की डिमांड रखी गई है। संगठनों का तर्क है कि महंगाई लगातार बढ़ती रहती है, लेकिन बेसिक पे और कई भत्तों में लंबे समय तक बदलाव नहीं होता। इससे समय के साथ कर्मचारियों और पेंशनर्स की वास्तविक क्रय शक्ति पर असर पड़ सकता है।

7 अगस्त को 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के सामने दिए गए प्रमुख सुझावों में ने भी हर 5 साल में वेतन और पेंशन संशोधन की डिमांड शामिल की है। संगठन का दावा है कि वह बड़ी संख्या में पेंशनर्स का प्रतिनिधित्व करता है। वहीं, नेशनल काउंसिल-स्टॉफ साइड ने भी अपने मेमोरेंडम में कहा है कि नियमित अंतराल पर वेतन संशोधन होना चाहिए, ताकि सैलरी




और पेंशन बदलती आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप बनी रहे, यानी कर्मचारियों के संगठनों की ओर से इस मुद्दे को इस बार भी प्रमुखता से उठाया गया है।

रेलवे सीनियर सिटिजन वेलफेयर सोसाइटी ने अपने सुझाव में महंगाई और वेतन संशोधन के बीच के अंतर को लेकर चिंता जताई है। संगठन के मुताबिक, महंगाई से कुछ हद तक राहत देता है, लेकिन वेतन आयोग के बीच लंबा अंतर होने के कारण वास्तविक आय पर दबाव बना रह सकता है। संगठन ने महंगाई या किसी कॉस्ट इंडेक्स से जुड़े ऑटोमैटिक रिविजन मैकनिज्म का सुझाव दिया है। इसके तहत वेतन और पेंशन को लंबे समय तक अगले वेतन आयोग का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

वहीं, ने 8वें वेतन आयोग को लेकर और बड़ा बदलाव सुझाया है। उसके 728 पेज के मेमोरेंडम में 10 साल वाले पे कमीशन साइकिल को खत्म करने की मांग की गई है। संगठन ने परमानेंट वेज रिव्यू बॉडी बनाने का प्रस्ताव दिया है, जो कुछ तय आर्थिक परिस्थितियों में वेतन की समीक्षा कर सके। यह भी सुझाव दिया है कि ष्ठ के 50 प्रतिशत तक पहुंचने पर फिटमेंट रिव्यू जैसी प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। हालांकि, ये सभी मांगें कर्मचारी संगठनों के सुझाव हैं और इन पर अंतिम फैसला 8वें वेतन आयोग तथा सरकार की प्रक्रिया के तहत होगा। हर 5 साल में वेतन संशोधन की मांग नई नहीं है। कर्मचारी संगठनों ने 7वें वेतन आयोग के समय भी इस मुद्दे को उठाया था। उस समय भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ ने बताया था कि 1997 से पहले कुछ सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में वेतन संशोधन का अंतर 5 साल था।

## खटाई में पड़ सकती है एफटीए पर बातचीत, भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की तैयारी में अमेरिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूस से तेल खरीदना भारत के लिए भारी पड़ सकता है। अमेरिका में हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले बिल को आगे बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। यह बिल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उन देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का अधिकार दे सकता है जो रूस से तेल खरीदते हैं। इस बिल में एक प्रस्तावित संशोधन है जिसमें खास तौर पर भारत का नाम उन देशों में शामिल किया गया है जिन पर ये टैरिफ लगाया जा सकता है। इस बिल को आगे बढ़ाने के लिए 214-211 वोटों से मंजूरी मिली। इसे फाइनल वोट के लिए बुधवार को पेश किया जा सकता है। रिप्रेजेंटेटिव्स में एक प्रक्रियात्मक बाधा पार कर ली। दिलचस्प बात यह रही कि डेमोक्रेटिक पार्टी के दो सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर रिपब्लिकन के पक्ष में वोट दिया। इस बिल को आगे बढ़ाने के पक्ष में 214 और इसके खिलाफ 211 वोट पड़े। भारत की करीबी नजर ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक अगर व्हाइट हाउस इस बिल को मंजूरी देता है, तो इससे भारत और अमेरिका के रिश्तों पर असर पड़ सकता है। दोनों देशों के बीच अभी




स्न्ञ्ज यानी मुक्त व्यापार समझौते को लेकर चल रही है। भारत सरकार इस घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रही है। फिलहाल, व्हाइट हाउस इस बिल को लेकर अमेरिकी सीनेटरों की राय से सहमत नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पत्रकारों को बताया कि भारत की ऊर्जा खरीद नीति राष्ट्रीय हितों पर आधारित है। डेमोक्रेटिक सांसद स्टेनी होयर द्वारा पेश किए गए संशोधन में चीन, भारत, तुर्की, अजरबैजान, हंगरी, स्लोवाक रिपब्लिक, यूएई, सिंगापुर, कजाकिस्तान और किर्गिज रिपब्लिक को उन देशों के तौर पर शामिल करने का प्रस्ताव है जिन पर 100 प्रतिशत ड्यूटी लगाई जा सकती है।



# सीरीज वेटिंग है का ट्रेलर जारी, पुलिस वाले के किरदार में दिखेंगे दिव्येंदु

फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' से दर्शकों का मनोरंजन करने के बाद, अभिनेता दिव्येंदु अब अपकमिंग सीरीज 'वेटिंग है' में रेलवे कॉन्स्टेबल का रोल निभाने के लिए तैयार हैं। मेकर्स ने इस स्कैम-बेस्ड कॉमेडी-ड्रामा का ट्रेलर जारी किया है।

'वेटिंग है' सीरीज के ट्रेलर में कन्फर्म रेलवे टिकट पाने के आम संघर्ष पर आधारित कहानी की झलक दिखाई गई है। पटना में सेट इस सीरीज की कहानी सुगम मिश्रा (दिव्येंदु) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रेलवे कॉन्स्टेबल के तौर पर अपनी नई नौकरी में जमने की कोशिश कर रहा है। कहानी में मोड़ तब आता है जब वह देखता है कि बुकिंग विंडो खुलने के कुछ ही सेकंड में रेलवे टिकट कन्फर्म हो जाते हैं। सुगम मामले की जांच शुरू करता है और जल्द ही अफरोज हम्सा (भुवन अरोड़ा) का पीछा करने लगता है।

अफरोज एक टेक एक्सपर्ट है, जिसने टिकट बुकिंग सिस्टम का तोड़ निकाल लिया है। जो मामला शुरू में आसान लगता है, वह जल्द ही एक बड़े रैकेट में बदल जाता है। सुगम की पत्नी प्रिंसी (हर्षिता गौर) भी उसे मामले की गहराई से जांच करने के लिए कहती है। जैसे-जैसे सुगम सच्चाई के करीब पहुंचता है, अफरोज उससे आगे रहने की कोशिश करता है।

परिवार और नौकरी के बीच तालमेल

सीरीज के ट्रेलर में सुगम और उनकी पत्नी के बीच संघर्ष भी दिखता है। सुगम अपने परिवार और अपनी नौकरी के बीच तालमेल बिठाते हुए नजर आते हैं। सीरीज में कॉमेडी का डोज भी है।

## क्या बोले दिव्येंदु

अपकमिंग सीरीज को लेकर दिव्येंदु ने कहा, 'सुगम की जिस बात ने मुझे आकर्षित किया, वह यह है कि वह कोई आम पुलिस वाला नहीं है जिसे सब कुछ पता हो। वह प्रोफेशनल तौर पर अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहा है और साथ ही अपनी पर्सनल और नई शादीशुदा जिंदगी की सच्चाइयों का भी सामना कर रहा है। यह बैलेंस उसे बहुत रिलेटेबल बनाता है। मुझे उसके इस पहलू को एक्सप्लोर करने में मजा आया।'



# बतौर निर्माता 'डोंट बी शाय' को लेकर नर्वस महसूस कर रहीं आलिया भट्ट

अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपनी प्रोड्यूस आगामी फिल्म 'डोंट बी शाई' को लेकर सुर्खियों में चल रही हैं। अभिनेत्री ने ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान बताया कि वह फिल्म के साथ चार नए एक्टर्स और एक डेब्यूटेंट डायरेक्टर को इंट्रोड्यूस करने को लेकर ज्यादा नर्वस हैं। ट्रेलर लॉन्च के दौरान आलिया से पूछा गया था कि क्या उन्हें कभी लगा कि उन्हें भी इस फिल्म में एक्टिंग करनी चाहिए थी, तो इस पर उन्होंने कहा, 'नहीं, मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मुझे इस फिल्म में एक्टिंग करनी चाहिए थी।' आलिया ने फिल्म को लेकर उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट को प्रोड्यूस करने से उन्हें एक अलग तरह की खुशी मिली है, क्योंकि वह शुरू से ही इसकी कहानी और इसकी दुनिया बनाने में शामिल रही हैं। उन्होंने कहा, '14 साल पहले मैंने फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से एक एक्टर के तौर पर अपना डेब्यू किया था और अब इतने सालों बाद मैं चार नए एक्टर्स और एक डेब्यूटेंट डायरेक्टर को इंट्रोड्यूस कर रही हूं और मैं अभी उनसे कहीं ज्यादा नर्वस हूं। क्योंकि, आपके सवाल का जवाब दूं तो, मुझे एक एक्टर होना और कैमरे के सामने रहना पसंद है, लेकिन एक प्रोड्यूसर होने का एक अलग ही तरह का सुकून है।' एक्ट्रेस ने आगे कहा: 'जब फिल्म की निर्देशक श्रीति मुखर्जी हमारे पास इस मूवी बनाने का आइडिया लेकर आईं, तो हमने ही कहा कि चलो इसे साथ में करते हैं और फिर हम इसे अपने प्यारे पार्टनर्स के पास ले गए। यह कहानी मेरे दिल के बहुत करीब है और हर कोई इससे जुड़ पाएगा।'

श्रीति मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म 'डोंट बी शाय' 20 साल की लड़की श्यामिली 'शाइ' दास की कहानी है, जो मानती है कि उसने जिंदगी को समझ लिया है, लेकिन वह देखती है कि उसकी सोची-समझी जिंदगी एक अचानक मोड़ ले लेती है, क्योंकि सब कुछ उसके कंट्रोल से बाहर होने लगता है। इसमें आरुषि बजाज, पीयूष खाती, बियांका अरोड़ा और अंश दुग्गल जैसे नए चेहरे मुख्य भूमिकाओं में हैं। उनके साथ कुणाल रॉय कपूर और नेहा धूपिया भी नजर आएंगे। 25 सितंबर 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर होने जा रहा है।

# दिवाली पर आ हो सकती है नयनतारा की 'मूकुथी अम्मन 2'

नयनतारा एक बार फिर देवी के किरदार में नजर आने के लिए तैयार हैं। उनकी चर्चित फिल्म 'मूकुथी अम्मन' का दूसरा पार्ट यानी 'मूकुथी अम्मन 2' इन दिनों चर्चा में है। इस बार फिल्म का निर्देशन सुंदर सी कर रहे हैं। अब इस की रिलीज को लेकर भी बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक... 'निर्माता 'मूकुथी अम्मन 2' को दिवाली के मौके पर थिएटर्स में रिलीज करने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, अभी मेकर्स की ओर से रिलीज डेट की घोषणा नहीं की गई है। फिल्म में रेजिना कैसेंड्रा, अभिनया, योगी बाबू और उर्वशी जैसे कलाकार शामिल हैं। इसके अलावा फिल्म में कन्नड़ एक्टर विजय की मौजूदगी भी बताई गई है। बता दें कि 'मूकुथी अम्मन 2' का आधिकारिक रूप से ऐलान 2024 में किया गया था। इसके बाद चेन्नई में फिल्म की मुहुर्त पूजा और शूटिंग से जुड़ा काम 2025 में शुरू हुआ हुआ और दिसंबर 2025 तक शूटिंग पूरी भी कर ली गई थी। कुछ रिपोर्ट्स में इसका बजट करीब 100 करोड़ रुपए बताया गया है।



# फ्रेंच-इंडियन रोमांस 'स्टे' में नजर आएंगी पल्लवी शारदा

अभिनेत्री पल्लवी शारदा जल्द ही फ्रेंच-इंडियन रोमांस फिल्म 'स्टे' में नजर आएंगी।

अभिनेत्री का कहना है कि सिनेमा दुनिया का एक ऐसा अजूबा है, जो कैमरा बंद होने के बाद भी एक्टर्स को क्रिएशन के भंवर में खींच लेता है। पल्लवी ने इंस्टाग्राम पर पब्लिकेशन की तरफ से गई अनाउमेंट को शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस फिल्म में सायली नाम की एक तलाकशुदा महिला के किरदार में नजर आएंगी, जो भारत में रहती है और जिसे अपने पिता की सफल कंपनी को संभालने के लिए तैयार किया गया है। पेरिस की एक ट्रिप के दौरान उसे लियो से प्यार हो जाता है, जो एक डिलीवरी ड्राइवर है और एक्टर बनने का सपना देखता है। उनके रिश्ते की परीक्षा परिवार के दबाव, क्लास के फर्क और फ्रांस-भारत में उनकी जिंदगियों को अलग करने वाली आर्थिक और सांस्कृतिक हकीकतों से होती है।

अभिनेत्री फिल्ममेकर रोहेना गेरा के साथ अपने लेटेस्ट प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए लिखा, 'आप फिल्म बनाते और बेचते हैं। यही तरीका है, लेकिन किसी भी फिल्म के मूल में एक आइडिया, एहसास, वाइब्रेशन होता है। हम बस उसे जिंदा करने में मदद करते हैं। इस फिल्म से पहले जब भी मुझे रोहेना के साथ जूम पर बात करने का मौका मिला, तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ कि हमने एक महिला के तौर पर अपने एहसासों और हमारे आसपास की कहानियों पर गहराई से बात की, जो अलग-अलग देशों और संस्कृतियों में काम कर रही हैं।' उन्होंने लिखा, 'लगातार दो संस्कृतियों के बीच झूलने की अजीबोगरीब स्थिति को समझने की कोशिश की। फिल्में एक अजीब दुनिया हैं। ये आपको क्रिएशन के भंवर में खींच लेती हैं, जिसका एहसास कैमरा बंद होने के बाद भी उतना ही रहता है। सेट के बीच के ठहराव में कभी-कभी खालीपन, बेचैनी महसूस होती है लेकिन साथ ही सब कुछ जुड़ता भी है। एक एक्टर के लिए हर फिल्म का अनुभव आपको अपने अंदर इतना गहरा ले जाता है कि उसे समझने के लिए बीच में ठहराव की जरूरत होती है। मैं अभी भी इस फिल्म को समझ रही हूं।'





# 'कंगुवा' फेम शिवा के साथ फिल्म करेंगे धनुष

साउथ सिनेमा के सुपरस्टार धनुष इन दिनों अपनी आने वाली फिल्मों को लेकर लगातार चर्चा में हैं। एक्टर के पास एक के बाद एक कई बड़े प्रोजेक्ट हैं। अब उनकी फिल्मों की लिस्ट में एक और बड़ा नाम जुड़ने की चर्चा है। खबरों के मुताबिक... 'धनुष जल्द ही फिल्ममेकर शिवा के साथ काम कर सकते हैं। शिवा वही निर्देशक हैं, जिन्होंने सूर्या स्टारर फिल्म 'कंगुवा' का निर्देशन किया था। अगर यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ता है तो धनुष और शिवा पहली बार किसी फिल्म के लिए साथ काम करेंगे। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि धनुष और शिवा की फिल्म की शूटिंग इसी साल के आखिर में शुरू हो सकती है।



# जीतने के बाद भी क्यों खतरों के खिलाड़ी 15 से बाहर हुए गौरव खन्ना

रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' को अभिनेता गौरव खन्ना ने अलविदा कह दिया है। शो में आखिरी एलिमिनेशन स्टंट में तीन प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इनमें रूहानिका धवन और रुबीना दिलाइक और गौरव शामिल थे। इसके बाद शो में एक जबरदस्त टर्न आया।

शो में तीन प्रतिभागी रूहानिका धवन और रुबीना दिलैक और गौरव खन्ना एलिमिनेशन तक पहुंच गए थे। मगर फिर गौरव उस राउंड को जीत लिया था। मगर उन्होंने बीच में ही शो छोड़ने का निर्णय कर लिया। उन्होंने रोहित से 'खतरों के खिलाड़ी 15' से बाहर होने की इजाजत मांगी। यह सब सुनकर शो के होस्ट रोहित समेत सभी प्रतिभागी शॉक्ड हो गए। मगर फिर प्रतिभागियों ने उनका हौंसला बढ़ाया और गौरव ने स्टंट किया।

## शो में बोले गौरव

शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' में इस स्टंट राउंड को जीतने के बाद गौरव ने कहा, 'भले ही मैंने इसे जीत लिया है, फिर भी मैं शो से बाहर निकलना चाहता हूं क्योंकि मुझे पता है कि यह मेरे स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। और मैं अब आपको इस तरह से निराश नहीं करना चाहता, क्योंकि मुझे पता है कि इस शो में स्टंट का स्तर बिल्कुल अलग है।

## हैल्थ पर बोले एक्टर

गौरव खन्ना ने हेल्थ अपडेट पर कहा, 'सबसे पहले, मुझे बहुत बुरा लग रहा है। मैंने जानबूझकर यह नहीं कहा कि मैं इस स्टंट को रद्द करना चाहती हूं। मुझे बाद में पता चला कि रूहानिका ने भी इसे रद्द करने की इच्छा जताई थी। और अगर मैं शारीरिक रूप से 100 प्रतिशत फिट नहीं हूं, तो मैं किसी ऐसे व्यक्ति की जगह नहीं लेना चाहता जो 100 प्रतिशत तैयार हो।'



# 200 से ज्यादा फिल्मों की स्क्रिप्ट और ब्लैंक चैक!

## नवाजुद्दीन ने बताया क्यों ठुकराए बड़े ऑफर

**नवाजुद्दीन सिद्दीकी आज बॉलीवुड के सबसे बड़े कलाकारों में गिने जाते हैं। पहले फिल्मों में छोटे-मोटे रोल निभाने वाले अभिनेता ने कई फिल्मों में लीड रोल किया है। उन्होंने वर्षों तक छोटे-मोटे रोल किए और ऐसे रोल का इंतजार किया जो उनके करियर की दिशा बदल सके। यह टर्निंग पॉइंट 2012 में फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर 2' से आया। इसमें फैजल खान के उनके किरदार ने उन्हें इंडस्ट्री में एक खास पहचान दिलाई। अब पीछे मुड़कर देखते हुए, एक्टर ने फिल्म के रिलीज होने के बाद आए बड़े बदलाव और अचानक मिले ढेर सारे ऑफर को कैसे संभाला, इस बारे में बात की है।**

### आई थी स्क्रिप्ट की बाढ़

नवाजुद्दीन से पूछा गया कि किस फिल्म ने उन्हें पहली बार स्टार जैसा महसूस कराया। उन्होंने तुरंत 'गैंग्स ऑफ वासेपुर 2' का नाम लिया और एनडीटीवी के साथ बातचीत में कहा 'बेशक, यह 'गैंग्स ऑफ वासेपुर 2' ही है।' उन्होंने याद किया कि फिल्म को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स की वजह से उनके पास स्क्रिप्ट्स की बाढ़ आ गई थी।

### फैसलों को हावी नहीं होने दिया

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, ''गैंग्स ऑफ वासेपुर 2' के रिलीज होने के बाद, मुझे कम से कम 200 स्क्रिप्ट्स मिलीं। मेरी टेबल पर ब्लैंक चेक रखे होते थे। लोग कहते थे, 'ये रही स्क्रिप्ट और ये रहा ब्लैंक चेक। आप जो चाहें वो रकम लिख दें और जो भी तारीखें आपके पास हों, हमें दे दें।'' एक ऐसे अभिनेता के लिए जिसने वर्षों तक काम की तलाश में बिताए हों, यह स्थिति एक के बाद एक प्रोजेक्ट साइन करने का मौका हो सकती थी। हालांकि, नवाजुद्दीन ने अचानक मिली इस लोकप्रियता को अपने फैसलों पर हावी नहीं होने दिया।

### क्यों ठुकराए ऑफर

सैकड़ों स्क्रिप्ट्स पर विचार करने और अपनी फीस खुद तय करने की आजादी मिलने के बावजूद, उन्होंने उन सभी को ठुकरा दिया क्योंकि उन्हें कहानी या कंटेंट पसंद नहीं आया। अभिनेता ने कहा, 'मैंने उनमें से एक भी स्क्रिप्ट नहीं चुनी क्योंकि मुझे कोई भी पसंद नहीं आई। मैंने तय किया कि मैं सही स्क्रिप्ट का इंतजार करूंगा।'

### नहीं करना पड़ा इंतजार

उन्होंने याद करते हुए कहा, 'मुझे काम के लिए वर्षों तक इंतजार करने की आदत हो गई थी, इसलिए मैंने सोचा कि जल्दबाजी में कुछ साइन करने के बजाय मैं दो-तीन साल और इंतजार कर सकता हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'भगवान की कृपा से, मुझे ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा, क्योंकि जल्द ही मुझे कुछ बहुत अच्छी फिल्में मिलने लगीं।'

# 'वो फिर कभी दिखा नहीं' के लिए साथ आए नवाजुद्दीन और तिग्मांशु धूलिया



नवाजुद्दीन सिद्दीकी और तिग्मांशु धूलिया एक बार फिर साथ काम करने जा रहे हैं। दोनों ने इससे पहले कई फिल्मों में साथ काम किया है, लेकिन इस बार वे दर्शकों के लिए कुछ खास ला रहे हैं। तिग्मांशु के निर्देशिन में बनने वाली यह फिल्म एक म्यूजिकल थ्रिलर बताई जा रही है, जिसका नाम 'वो फिर कभी दिखा नहीं' है। रिपोर्ट्स के मुताबिक...' यह फिल्म मशहूर कवि और लेखक उदय प्रकाश की इसी नाम की शॉर्ट स्टोरी पर आधारित है। फिल्म की कहानी और किरदारों से जुड़ी ज्यादातर जानकारी फिलहाल गुप्त रखी गई है। खबर यह भी है कि फिल्म की शूटिंग भी पूरी हो चुकी है।'

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व बार्सिलोना स्टार फिलिप कूटिन्हो दिसंबर तक सैंटोस एफसी से जुड़े



**सैंटोस ।** ब्राजीलियाई क्लब सैंटोस एफसी ने लिवरपूल और बार्सिलोना के पूर्व प्लेमेकर फिलिप कूटिन्हो को 'फ्री ट्रांसफर' पर साइन किया है। क्लब ने मंगलवार को यह घोषणा की। 34 वर्षीय खिलाड़ी का यह कॉन्ट्रैक्ट दिसंबर तक के लिए है। सैंटोस ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'अपनी बेहतरीन तकनीकी गुणवत्ता और दृष्टिकोण के साथ-साथ यूरोप और ब्राजीलियाई राष्ट्रीय टीम के साथ शानदार करियर वाला यह मिडफील्डर 2026 के अंत तक के कॉन्ट्रैक्ट के साथ टीम में शामिल हो रहे हैं।' फरवरी में मानसिक थकान का हवाला देते हुए 'वास्को दा गामा' से अलग होने के बाद कूटिन्हो किसी क्लब के साथ नहीं थे। कूटिन्हो के मुताबिक, उन्हें क्लब में लाने में उनके पुराने दोस्त नेमार ने अहम भूमिका निभाई है। दोनों ब्राजील के लिए यूथ और सीनियर दोनों स्तरों पर एक साथ खेल चुके हैं, जिसमें फीफा वर्ल्ड कप 2018 भी शामिल है।

### भारत में फॉर्मूला वन की वापसी की तैयारी, सरकार ने टास्क फोर्स का किया गठन



**नई दिल्ली ।** भारत में फॉर्मूला वन और मोटर स्पोर्ट्स को फिर से जीवित करने और उसके विकास के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। इसके लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इस टास्क फोर्स का मुख्य उद्देश्य भारत में मोटरस्पोर्ट्स इकोसिस्टम का व्यापक मूल्यांकन करना है। साथ ही, टैक्स से जुड़े मुद्दों सहित उन सभी चुनौतियों की समीक्षा करना है, जो भारत में मोटर स्पोर्ट्स के रिवाइवल और विकास को प्रभावित कर रही हैं। टास्क फोर्स के लिए काम के दायरे यानी टर्म्स ऑफ रेफरेंस भी तय किए गए हैं। पहला, भारत में मोटरस्पोर्ट्स के सतत विकास के लिए नीतिगत हस्तक्षेपों की पहचान करना और एक समग्र और समन्वित रोडमैप तैयार करना है। दूसरा, भारत के मोटरस्पोर्ट्स इकोसिस्टम का विस्तृत मूल्यांकन करना और मोटरस्पोर्ट इवेंट्स के रिवाइवल और विकास से जुड़ी चुनौतियों की समीक्षा करना, जिसमें टैक्सेशन भी शामिल है।

### यूईएफए ने 2028 और 2029 चैंपियंस लीग फाइनल के वेन्यू किए तय

- म्यूनिख और कैंप नोउ को मिली मेजबानी

**न्योन ।** यूईएफए ने 2028 और 2029 चैंपियंस लीग फाइनल के आयोजन स्थलों की पुष्टि कर दी है। म्यूनिख फुटबॉल एरिना और बार्सिलोना का कैंप नोउ प्रतिष्ठित यूरोपीय क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी करेंगे। 2028 का खिताबी मैच म्यूनिख फुटबॉल एरिना में खेला जाएगा, जबकि 2029 संस्करण बार्सिलोना के कैंप नोउ में होगा। म्यूनिख के स्टेडियम को प्रमुख चैंपियंस लीग आयोजनों की मेजबानी करने का काफी अनुभव है। इसने साल 2012 में और फिर 2025 में फाइनल का आयोजन किया, जबकि 2028 संस्करण इस आयोजन स्थल को यूरोप के शीर्ष क्लबों का स्वागत करने का एक और मौका देगा। बार्सिलोना के लिए 2029 का फाइनल चैंपियंस लीग के प्रतिष्ठित मुकाबले की कैंप नोउ में तीन दशक बाद वापसी का प्रतीक होगा।

संजू-अभिषेक के बीच 88 रन की तूफानी साझेदारी

# जीता भारत

## सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त



**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया दूसरा टी20 मैच 7 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ टीम इंडिया ने तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। अंतिम मुकाबला 17 सितंबर को इसी मैदान पर खेला जाना है। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी अफगान टीम ने खराब शुरुआत के बावजूद 8 विकेट खोकर 159 रन बनाए। इस टीम को 1.3 ओवर में रहमानुल्लाह गुरबाज (0) के रूप में शुरुआती झटका लगा। उस समय तक खाता भी नहीं खुला था। इसके बाद कप्तान इब्राहिम जादरान ने सेदिकुल्लाह अटल के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन जुटाकर अफगानिस्तान को संभालने की कोशिश की, लेकिन जादरान (37) के आउट होने के बाद टीम लड़खड़ा गई। आलम ये रहा कि 100 के स्कोर तक 6 खिलाड़ी पवेलियन लौट गए।





यहां से मोहम्मद नबी (20) और राशिद खान (28) की अनुभवी जोड़ी ने मोर्चा संभाला। इन बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए 28 गेंदों में 48 रन की साझेदारी करते हुए टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

भारत के लिए नितीश रेड्डी ने 3 विकेट हासिल किए, जिन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जबकि अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट निकाले। इनके अलावा, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई को 1-1 विकेट हाथ लगा।

इसके जवाब में, टीम इंडिया ने 14.5 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की सलामी जोड़ी ने जोड़ी ने विस्फोटक शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 38 गेंदों में 88 रन की साझेदारी की।

अभिषेक 19 गेंदों में 4 छक्कों और 2 चौकों के साथ 39 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद संजू ने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 4 गेंदों में 11 रन की साझेदारी की।

भारत को 99 के स्कोर पर संजू सैमसन के रूप में दूसरा झटका लगा, जो 22 गेंदों में 57 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 4 छक्के और 7 चौके शामिल रहे।

यहां से ईशान ने कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंदों में 24 रन जुटाए। अय्यर 11 गेंदों में इतने ही रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद ईशान ने तिलक वर्मा के साथ चौथे विकेट के लिए 25 गेंदों में 40 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को आसान जीत दिलाई।

दूसरा टी20

# कैटी मैक का तूफान

## भारतीय टीम को 30 रन से मात देकर ऑस्ट्रेलिया-ए की सीरीज में अजेय बढ़त



**न्यू चंडीगढ़।** ऑस्ट्रेलिया-ए ने भारत-ए के खिलाफ मंगलवार को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए अनाधिकारिक टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले को 30 रन से अपने नाम किया। इसी के साथ मेहमान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया-ए ने सीरीज का पहला मैच 6 विकेट से अपने नाम किया था। अब अंतिम मुकाबला 17 सितंबर को खेला जाएगा। मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। कैटी मैक और रेचल ट्रेनामन की जोड़ी ने मेजबान टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों के बीच पहले विकेट के लिए 9 ओवरों में 75 रन की साझेदारी हुई।



रेचल 25 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों के साथ 37 रन बनाकर पवेलियन लौटीं, जिसके बाद कैटी ने चार्ली नॉट के साथ दूसरे विकेट के लिए 38 रन जोड़े। चार्ली 20 गेंदों में 4 बाउंड्री के साथ 26 रन बनाकर आउट हुईं। यहां से अनिका लीरॉयड ने कैटी के साथ तीसरे विकेट के लिए 65 रन जुटाकर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया।



कैटी 60 गेंदों में 83 रन बनाकर नाबाद रहीं। उनकी इस पारी में 11 चौके शामिल रहे, जबकि अनिका ने 16 गेंदों में 24 रन की नाबाद पारी खेली। भारत की तरफ से दोनों विकेट निकी प्रसाद के हाथ लगे।

इसके जवाब में भारतीय टीम निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 148 रन ही बना सकी। टीम को 9 के स्कोर पर दिनेश वृंदा (1) के रूप में शुरुआती झटका लगा, जिसके बाद शिप्रा गिरी ने सुजाता के साथ दूसरे विकेट के लिए 16 रन की साझेदारी की, लेकिन 29 के स्कोर तक सुजाता (8) के साथ शिप्रा (13) भी पवेलिन लौट गईं।

भारतीय टीम में विकेटों का पतझड़ लग गया था। आलम ये रहा कि 54 रन तक 5 विकेट गिर गए थे। इसके बाद निकी प्रसाद ने मिन्नु मणि (16) के साथ छठे विकेट के लिए 53 रन और तनुजा कंवर (16) के साथ सातवें विकेट के लिए 35 रन जोड़े, लेकिन ये साझेदारियां जीत के लिए नाकाफी थीं। निकी 31 गेंदों में 2 छक्कों और 6 चौकों के साथ 54 रन बनाकर नाबाद रहीं।

# एशियन गेम्स 2026 में इन 5 खेलों में भारत जीत सकता है सर्वाधिक पदक

- एथलेटिक्स से सबसे ज्यादा उम्मीदें

**नई दिल्ली ।** एशियन गेम्स 2026 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 19 सितंबर से जापान के आइची-नागोया में भारत के 503 खिलाड़ी मेडल के लिए जोर लगाते हुए नजर आएंगे। भारत इस बार कुल 35 खेलों में हिस्सा लेने वाला है। हालांकि, कुछ खेल ऐसे हैं, जिनमें देश को मेडल जीतने की पूरी संभावना है। आइए ऐसे ही पांच खेलों के बारे में आपको बताते हैं।





एथलेटिक्सः एशियन गेम्स के इतिहास में भारत ने सबसे ज्यादा मेडल एथलेटिक्स में हासिल किए हैं। इस खेल में भारत ने एशियन गेम्स के 19 संस्करण में अब तक कुल 85 गोल्ड, 102 सिल्वर और 96 ब्रॉन्ज समेत कुल 283 मेडल जीते हैं। नीरज चोपड़ा की गैरमौजूदगी के बावजूद, इस खेल में भारत को मुरली श्रीशंकर, गुलवीर सिंह, अविनाश साबले, तजिंदरपाल सिंह, पारुल चौधरी, राजेश रमेश और रोहित यादव से मेडल की उम्मीद होगी। निशानेबाजीः एथलेटिक्स के बाद एशियन गेम्स के इतिहास में भारत को सबसे ज्यादा कामयाबी इसी खेल में मिली है। भारतीय खिलाड़ी हर बार की तरह इस बार भी निशानेबाजी में देश को ज्यादा से ज्यादा मेडल दिलाने का प्रयास करेंगे। निशानेबाजी में भारत ने अब तक कुल 80 मेडल जीते हैं, जिसमें 16 गोल्ड, 30 सिल्वर और 34 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। पिछले एशियन गेम्स में निशानेबाजी में भारत ने कुल 22 मेडल जीते थे। इस खेल में मनु भाकर को भारत की सबसे बड़ी उम्मीद माना जा रहा था।

पहला वनडे

### रेनेशॉ का शतक, एलिस का पंजा, ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे को 59 रन से हराया

**हरारे ।** ऑस्ट्रेलिया ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में मंगलवार को खेले गए पहले वनडे मैच में जिम्बाब्वे को 59 रन से हराया। इसी के साथ मेहमान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से लीड बना ली है। सीरीज के शेष मुकाबले 18 और 20 सितंबर को खेले जाने हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर



294 रन बनाए। इस टीम को 10 के स्कोर पर ट्रेविस हेड (4) के रूप में पहला झटका लग गया था, जिसके बाद कप्तान मिचेल मार्श ने कूपर कोनोली के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की। मार्श 28 गेंदों में 1 छक्के और 6 चौकों के साथ 36 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद जोश इंगलिस मैदान पर उतरे, लेकिन टीम के खाते में 4 रन से ज्यादा नहीं जोड़ सके। हालांकि, कूपर (51 रन) अर्धशतक लगाने में सफल रहे।
टीम को 107 के स्कोर पर चौथा झटका लग गया था।

विमेंस टी20 रैंकिंगः 800 रेटिंग के साथ श्री चरणी ने

# टी20 फॉर्मेट में इतिहास रचा

- दीप्ति चार पायदान ऊपर चढ़ीं

**नई दिल्ली।** श्री चरणी ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वह मंगलवार को जारी आईसीसी टी20 रैंकिंग में 800-रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय गेंदबाज बन गईं। यह उपलब्धि एशिया कप 2026 के फाइनल में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद मिली है। चरणी ने श्रीलंका के विरुद्ध खिताबी मुकाबले में सिर्फ 20 रन देकर 4 विकेट हासिल करते हुए पूरे टूर्नामेंट में कुल 12 विकेट चटकाए थे। अब चरणी की रेटिंग 804 है, जिससे शीर्ष पर उनकी स्थिति और मजबूत हुई है। श्री चरणी यह आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय गेंदबाज और कुल मिलाकर तीसरी गेंदबाज बन गई हैं। महिला टी20 में गेंदबाजों के लिए अब तक की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मेगन शट के नाम है, जिन्होंने शीर्ष पर रहते हुए 806 रेटिंग हासिल की थी। श्री चरणी ने एक कैलेंडर ईयर में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक विकेट लेने का पूनम यादव का रिकॉर्ड तोड़ा था। वह टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में 800





रेटिंग हासिल करने वाली तीसरी गेंदबाज हैं; उनसे पहले पूर्व नंबर 1 सोफी एक्लेस्टोन 802 रेटिंग तक पहुंच चुकी थीं।

एक तरफ, चरणी शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर रही हैं, तो दूसरी ओर स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा उनकी जगह के लिए एक मजबूत दावेदार के तौर पर उभरी हैं। दीप्ति ने एशिया कप फाइनल में 19 रन देकर 3 विकेट लिए और 14 विकेट के साथ टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं। वह चार पायदान ऊपर चढ़कर 729 रेटिंग के साथ गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। हालांकि, हमवतन खिलाड़ी चरणी से काफी पीछे हैं।

फाइनल में मैच जिताऊ 68 रन की पारी खेलने के बाद शेफाली वर्मा टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक पायदान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। इसके साथ ही, शेफाली टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑल-राउंडर्स की सूची में भी पांच स्थान ऊपर चढ़कर 15वें नंबर पर पहुंच गईं।

# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का भारत दौरा सरकार की मंजूरी पर निर्भरः पीएचएफ



**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) के प्रमुख मोहिउद्दीन अहमद वानी ने कहा है कि अगले महीने होने वाली हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का भारत दौरा सरकार की मंजूरी पर निर्भर है। मेन्स एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक जालंधर और मोहाली में होनी है। इसमें भारत, चीन, जापान, मलेशिया और कोरिया के साथ ही पाकिस्तान को भी हिस्सा लेना है। पाकिस्तान के नहीं आने की स्थिति में ओमान या बांग्लादेश को मौका दिया जा सकता है। दोनों टीमों को फिलहाल रिजर्व टीम के रूप में रखा गया है। पाकिस्तान के दैनिक अंग्रेजी समाचार पत्र 'डॉन' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वानी ने कहा, 'पाकिस्तान टीम का दौरा सरकारी मंजूरी पर निर्भर करेगा। सरकार हमसे जो भी करने को कहेगी, हम वही करेंगे।'

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान अगले महीने टूर्नामेंट के लिए भारत आएगा। मल्टी-नेशनल टूर्नामेंट में कोई दिक्कत नहीं है। भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज नहीं हो सकती।

उन्होंने केंद्र सरकार की नीति का जिक्र करते हुए बताया कि भारत और पाकिस्तान मल्टीनेशनल इवेंट्स में हिस्सा ले सकते हैं।

# ओल्ड ट्रैफर्ड में खेलना मेरे लिए बड़ा पल, जिंदगी में इतना बड़ा स्टेडियम कभी नहीं देखा थाः टिलेमैन्स

**नई दिल्ली ।** मैनचेस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के नए मिडफील्डर यूरी टिलेमैन्स का कहना है कि ओल्ड ट्रैफर्ड में खेलना फुटबॉल के सबसे खास अनुभवों में से एक है। उन्होंने याद किया कि जब वह एस्टन विला के लिए खेलते थे और पहली बार विरोधी खिलाड़ी के रूप में इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में उतरे थे, तो वहां का माहौल देखकर काफी प्रभावित हुए थे। जुलाई में, मिडफील्डर ने जून 2031 तक मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। पिछले सीजन में उन्होंने एस्टन विला के लिए सात असिस्ट किए और अपने क्लब को यूईएफए यूरोपा लीग जीतने में मदद की, जिसमें उन्होंने एससी फ्रीबर्ग के खिलाफ फाइनल में पहला गोल किया। उन्होंने जियोहॉटस्टार को बताया, 'मैनचेस्टर यूनाइटेड एक बहुत बड़ा क्लब है। ओल्ड ट्रैफर्ड में पहली बार विरोधी टीम के तौर पर खेलना मेरे लिए एक बड़ा पल था। मैंने अपनी जिंदगी में इतना बड़ा स्टेडियम कभी नहीं देखा था। माहौल, भीड़, इसके बारे में सब कुछ कमाल का था। यह ऐसी जगह है जहां हर फुटबॉलर खेलने का सपना देखता है।'



बेल्जियम के स्टार मिडफील्डर यूरी टिलेमैन्स अब मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ी के रूप में ओल्ड ट्रैफर्ड के माहौल का अनुभव करने के लिए उत्साहित हैं। यूनाइटेड 2026-27 प्रीमियर लीग सीजन में मिश्रित शुरुआत के बाद लय हासिल करने की कोशिश कर रहा है। टीम ने लीग के अपने पहले चार मैचों में चार अंक जुटाए हैं। यूनाइटेड को हल सिटी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, इसके बाद टीम ने इप्सविच टाउन को 5-2 से हराया। वहीं, एवर्टन के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ रहा, जबकि मैनचेस्टर डर्बी में उसे मैनचेस्टर सिटी से 0-1 की हार मिली।

### अब गांव में ही लगेगी पुलिस की चौपाल

# एसपी कपिल चौधरी के निर्देश पर बीट पदाधिकारी पहुंचे ग्रामीणों के बीच, समस्याएं सुनीं और सुरक्षा का भरोसा दिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**





**हुसैनाबाद ,पलामू।** पुलिस अब सिर्फ थाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि गांवों तक पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद करेगी। एसपी कपिल चौधरी के निर्देश पर देवरी ओपी क्षेत्र में बीट स्तर पर पुलिस ने आमसभा कर ग्रामीणों से सीधा संपर्क स्थापित किया। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उन्हें सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी जरूरी जानकारी दी। उक्त आशय की जानकारी देवरी ओपी प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने दी।

देवरी कला पंचायत के सूर्य मंदिर परिसर में एएसआई सुरेश राम ने पंचायत समिति सदस्य एवं ग्रामीणों के साथ आमसभा की। बैठक में गांव की सुरक्षा व्यवस्था, स्थानीय समस्याओं और पुलिस-पब्लिक सहयोग को लेकर चर्चा हुई। पुलिस ने ग्रामीणों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि, विवाद या आपराधिक घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। इसी क्रम में देवरी खुर्द पंचायत में भी बीट प्रभारी एएसआई विजय कुमार ने ग्रामीणों के बीच आमसभा की। उन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न आवश्यक बातों की जानकारी देते हुए पुलिस के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। एसपी के निर्देश पर बीट स्तर पर आयोजित की जा रही इन आमसभाओं का उद्देश्य गांवों में पुलिस की सीधी पहुंच बढ़ाना और छोटी-बड़ी घटनाओं की सूचना समय पर प्राप्त करना है। इससे ग्रामीणों और पुलिस के बीच दूरी कम होने के साथ स्थानीय स्तर पर विवाद एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नजर रखने में मदद मिलेगी।पुलिस पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ग्रामीणों की सूचना पुलिस के लिए अहम कड़ी है। किसी भी घटना या संदिग्ध गतिविधि को नजरअंदाज करने के बजाय तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। बीट व्यवस्था के तहत गांव-गांव संवाद का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

## एंटी क्राइम चेकिंग में दो संदिग्ध धराए, कट्टा व कारतूस बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कचरा मोड़ के पास मंगलवार शाम एंटी क्राइम वाहन जांच के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को पकड़ा। तलाशी में एक नाबालिग के पास से लोडेड देसी कट्टा और रितेश कुमार पासवान (18), पिता उदय पासवान, निवासी अलीनगर के पास से एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ल ने बताया कि पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे थे, जिन्हें पीछा कर पकड़ लिया गया। स्वतंत्र

### तलाशी में एक नाबालिग के पास से लोडेड देसी कट्टा मिला

गवाहों की मौजूदगी में तलाशी के बाद हथियार व कारतूस जब्त किए गए। मामले में हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 193/26 दर्ज कर दोनों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जांच दल में पुअनि बिमल कुमार, सअनि रामचन्द्र सिंह, आरक्षी महेंद्र राम व आरक्षी चन्द्र भूषण कुमार दूबे शामिल थे।

# रामपुर गोलीकांड में मुंद्रिका समेत पांच को हाईकोर्ट का झटका, अब गिरफ्तारी की तलवार

### जिला अदालत के बाद हाईकोर्ट से भी नहीं मिली राहत, घरों पर पहले ही चिपक चुका है अदालती इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची/पलामू।** पलामू के चर्चित रामपुर गोलीकांड में फरार चल रहे मुंद्रिका सिंह समेत पांच आरोपियों की मुश्किलें अब और बढ़ गई हैं। झारखंड हाईकोर्ट ने पांचों आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। जिला अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद आरोपियों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां से भी जमानत नहीं मिली। आदेश के बाद अब आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की कार्रवाई पर निगाहें टिक गई हैं।

अग्रिम जमानत खारिज होने वाले आरोपियों में मुंद्रिका सिंह, दिलीप कुमार सिंह, उमाकांत सिंह, राजेंद्र सिंह और बगान सिंह उर्फ भीष्म नारायण सिंह शामिल हैं।
मामला चैनपुर थाना कांड संख्या 124/2026 से संबंधित है। जानकारी के अनुसार रामपुर गांव में जमीन पर बाउंड्री निर्माण को लेकर 23 मई 2026 को दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने के साथ फायरिंग भी हुई। गोली लगने से 23 वर्षीय सकेंद्र चौधरी उर्फ सिकंदर चौधरी की मौत हो गई थी। घटना में कई अन्य लोग भी घायल हुए थे।

मामले में पुलिस ने 17 नामजद और 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। हत्या, हत्या के प्रयास, दंगा और आर्म्स एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में दर्ज इस मामले में मुख्य आरोपी मंटू सिंह समेत चार आरोपियों के पहले ही आत्मसमर्पण करने की बात सामने आई है। वहीं मुंद्रिका सिंह समेत अन्य आरोपी घटना के बाद से फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई के तहत फरार आरोपियों के घर पर अदालत के आदेश पर इश्तेहार भी चिपकाया जा चुका है।
अब हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद इन आरोपियों पर गिरफ्तारी का दबाव और बढ़ गया है। ऐसे में पुलिस की अगली कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

## छोटू सिंह हत्याकांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन गिरफ्तार

**हुसैनाबाद, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय विधायक आवास के समीप हुए ओमप्रकाश सिंह उर्फ छोटू सिंह हत्याकांड में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए एक नामजद सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक विधि-विरुद्ध बालक को भी संरक्षण में लिया गया है। आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ल ने 16 सितंबर को अनुमंडल सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर 15 सितंबर को प्राथमिकी अभियुक्त साकेत पाठक (25) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में मिले सुराग के आधार पर अप्राथमिकी अभियुक्त अंकित कुमार (21) और अमन सिंह (19) को भी पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में हत्याकांड से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। छापेमारी दल में हुसैनाबाद थाना प्रभारी चंदन कुमार, अनुसंधानकर्ता छत्रधारी कुमार, देवरी ओपी प्रभारी राजू कुमार गुप्ता, दंगवार पिकेट प्रभारी वीरेंद्र कुमार महतो, लठेया पिकेट प्रभारी मुकेश कुमार सिंह और एएसआई साकेत कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी जारी है।

# मांडू क्षेत्र में विकास योजनाओं का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

### जोड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण, सड़क मरम्मत और डिग्री कॉलेज निर्माण में तेजी लाने का निर्देश


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त ऋतुराज ने बुधवार को मांडू क्षेत्र का विस्तृत भ्रमण कर विभिन्न विकास योजनाओं, बुनियादी ढांचागत कार्यों और प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए चिन्हित स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया।
इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं में तेजी लाने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने सबसे पहले मांडू स्थित जोड़ा तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण को लेकर परिसर में अत्याधुनिक लाइट लगाने, हरित पट्टी विकसित करने, पैदल पथ का निर्माण कराने तथा तालाब के जल की नियमित सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके बाद उपायुक्त ने नया मोड़ से गिद्दी हीरक रोड की स्थिति का जायजा लिया।
उन्होंने संबंधित विभागों और समन्वयकारी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर सड़क की मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त रेमरा, मांडू में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के लिए चिन्हित भूमि पर भी पहुंचे। उन्होंने स्थल का भौतिक सत्यापन करते हुए संबंधित अधिकारियों से भूमि हस्तांतरण एवं निर्माण कार्य से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी ली।
उन्होंने प्रक्रियात्मक अड़चनों को दूर कर निर्माण कार्य को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने क्षेत्र में प्रस्तावित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए चिन्हित स्थलों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विकास योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि आम लोगों को योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके।
निरीक्षण के दौरान प्रभारी पदाधिकारी, गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### खमुरहू में तेरह वर्षों से हो रही पूजा, खूंटी धर्मशाला परिसर में विशाल प्रतिमा

# खूंटी में गणेश पूजा का भव्य आयोजन मुरहू में तेरह वर्षों से हो रही पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खूंटी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक स्थित महात्मा गांधी धर्मशाला परिसर में इस वर्ष भगवान श्री गणेश की विशाल प्रतिमा स्थापित कर भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया है। गणेश पूजा को लेकर पूरे परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। विशाल पंडाल, रंग-बिरंगी रोशनी और सुंदर सजावट श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।
धर्मशाला परिसर में लगातार दूसरे वर्ष भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है।

जिले के मुरहू प्रखंड में दस दिवसीय गणेश पूजन का आयोजन विगत तेरह वर्षों से शानदार ढंग से हो रहा है। प्रतिदिन खासकर सायं काल में विशेष आरती को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहता है। श्रद्धालुओं को खीर,मोदक, लड्डू, खिचड़ी, बुंदिया और फल आदि प्रसाद वितरण किया जाता है।पूजा पंडाल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान गणेश के दर्शन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं।
आयोजन समिति द्वारा पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। धार्मिक वातावरण और आकर्षक साज-सज्जा के कारण महात्मा गांधी धर्मशाला परिसर, महादेव मंडा परिसर में गणेश भक्ति का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में पूजा में शामिल होने की अपील की है।

## संक्षिप्त समाचार

### जंगली हाथी ने वृद्ध महिला को कुचलकर मार डाला, इलाके में दहशत

**सिमडेगा, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ठेठईटांगर प्रखंड की दुमकी पंचायत के गोहरपहर पहाड़टोली में मंगलवार देर रात झुंड से बिछड़े जंगली हाथी ने कमला देवी नामक वृद्ध महिला को कुचलकर मार डाला। बताया गया कि महिला बरपानी से अपने घर लौट रही थीं। घर के समीप अचानक हाथी सामने आ गया और उन्हें सूंड में लपेटकर जमीन पर पटक दिया। इसके बाद हाथी ने उन्हें कुचल दिया। घटना के बाद हाथी जंगल की ओर चला गया। हादसे से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

### `कुएं में डूबने से मौत

**देवरी, गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देवरी थाना क्षेत्र के कोसोगोंदों दिघी गांव के रवानी टोला में मंगलवार को कुएं में डूबने से 10 वर्षीय राजा कुमार राम की मौत हो गई। वह शंकर राम का पुत्र और गुरुकुल ज्ञानोदय विद्यालय की दूसरी कक्षा का छात्र था। परिजनों के अनुसार राजा सुबह करीब 10 बजे घर से खेलने की बात कहकर निकला था। दोपहर करीब दो बजे तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। गांव में खोजबीन के दौरान अपने ही कुएं में उसका शव मिला। राजा मंगलवार को विद्यालय भी नहीं गया था। घटना के बाद गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### घर के कुएं में मिला 15 वर्षीया नाबालिग का शव, दो दिन से थी लापता

**ऊंटारी रोड,पलामू, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऊंटारी रोड थाना क्षेत्र के लुम्बा सतबहिनी गांव में बुधवार सुबह 15 वर्षीय नाबालिग लड़की का शव उसके घर के ही कुएं से बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना से गांव में हड़कंप मच गया। बताया गया कि नाबालिग किसी लड़के से बातचीत करती थी, जिसकी जानकारी परिजनों को हुई थी। परिजनों की फटकार के बाद वह 14 सितंबर की शाम से लापता थी। परिजनों ने थाने में सूचना देकर उसकी तलाश शुरू की थी। बुधवार सुबह घर के कुएं में शव तैरता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना प्रभारी संतोष गिरी के अनुसार पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चलेगा।

### तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचला, 27 वर्षीय युवक की मौत

**जमशेदपुर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बमामाईंस थाना क्षेत्र के सुनसुनिया गेट के पास मंगलवार देर रात तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार 27 वर्षीय सागर गोप की मौत हो गई। हादसे के बाद सागर ट्रेलर के पहियों के बीच फंस गया और करीब 30-40 मीटर तक घसीटता चला गया। स्थानीय लोगों ने ट्रेलर रुकवाकर काफी मशक्कत से सागर को बाहर निकाला और टीएमएच पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### एसआईआर में 47 मतदाताओं के नाम काटने के आवेदन पर हंगामा, जांच की मांग

**मझिआंव,गढ़व, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के मझिआंव प्रखंड के बोदरा पंचायत अंतर्गत कामत गांव में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के दौरान 47 मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया। आरोप है कि भाजपा के बीएलए शेषमणि सिंह ने 47 लोगों के नाम काटने के लिए बीएलओ शकील अहमद को आवेदन दिया था। मामला सामने आने के बाद करीब पांच दर्जन ग्रामीणों और संबंधित मतदाताओं ने बीडीओ सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कनक को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना सत्यापन के गरीब व सक्षम लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

# मांडू प्रखंड-अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

### लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त ऋतुराज ने बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय मांडू का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर की प्रशासनिक व्यवस्था, जनसुविधाओं तथा विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया।
निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने अंचल कार्यालय के कर्मियों के साथ बैठक कर दैनिक कार्यों और संचालित योजनाओं की समीक्षा की। अंचल अधिकारी तृप्ति विजय कुजूर की मौजूदगी में हुई बैठक में उन्होंने अंचल स्तर पर लंबित मामलों को शून्य करने का निर्देश दिया।
विशेष रूप से दाखिल-खारिज के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन करने को कहा। उपायुक्त ने भवनहीन और नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए जल्द सरकारी भूमि चिह्नित करने, बच्चों और माताओं को मिलने वाले पोषाहार की आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने तथा मीटा पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों और शिकायतों का पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।
निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड-अंचल परिसर स्थित एमटी गोदाम का भी जायजा लिया।
उन्होंने खाद्यान्न आपूर्ति व्यवस्था की जांच करते हुए चावल की बोरियों का वजन कराया। साथ ही नमक सहित अन्य सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच की। स्टॉक एवं आवंटन पंजी में दर्ज विवरण का भौतिक रूप से उपलब्ध सामग्री से मिलान कराया गया।
उन्होंने सभी अभिलेखों को अद्यतन और पारदर्शी रखने का निर्देश दिया।
परिसर भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने वर्षों पुराने और जर्जर भवनों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से जल्द ध्वस्त करने तथा नए प्रशासनिक भवन के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया।
उन्होंने प्रखंड परिसर स्थित जीआरसी मांडू में आम लोगों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा प्रखंड संसाधन केंद्र में शैक्षणिक गतिविधियों और उपलब्ध संसाधनों की भी समीक्षा की। मौके पर गोपनीय शाखा के प्रभारी पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, अंचल अधिकारी तृप्ति विजय कुजूर, प्रखंड विकास पदाधिकारी रीना कुजूर सहित प्रखंड और अंचल कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# उपायुक्त ने की खेल एवं पर्यटन समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खूंटी ।** उपायुक्त मो. जावेद हुसैन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला खेल एवं पर्यटन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में खेल एवं पर्यटन से संबंधित निमार्णाधीन तथा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
पर्यटन क्षेत्र में पंचघाघ पर्यटन स्थल पर रिपेयरिंग, ब्रिक वर्क, पाथवे, शेड, शौचालय, कैंटीन भवन, तोरण द्वार समेत अन्य से संबंधित कार्यों में की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने विभिन्न स्थानों पर साइनेज बोर्ड लगाने एवं क्षेत्र को नो प्लास्टिक जोन घोषित करने के निर्देश दिए। जिससे क्षेत्र को स्वच्छ रखा जा सके।
उलिहातू स्थित भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली में चल रहे जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य में आ रही समस्याओं का समाधान करते हुए बम्बू कॉटेज, लैंड सकेपिंग जैसे सभी विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय दूर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पेरवाघाघ पर्यटन स्थल पर चल रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता ने बताया कि लग भग कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उपायुक्त ने स्थल पर विद्युतीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु विचार विमर्श कर अग्रेतर कार्रवाई के निर्देश दिए। डोम्बारी बुरु में पाथवे, रेलिंग, लाइट समेत अन्य विकास कार्य हेतु तैयार डीपीआर की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।
बैठक में उपायुक्त ने जिले के पर्यटन स्थलों पर ट्रेकिंग की संभावनाओं को देखते हुए उपयुक्त ट्रेकिंग रूटों को चिह्नित कर आवश्यकतानुसार विकसित करने का निर्देश दिया, ताकि पर्यटन गतिविधियों को और बढ़ावा मिल सके।
बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खेल एवं पर्यटन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# चुट्टूपालू घाटी में नया मोबाइल टावर लगाने की कवायद

### उपायुक्त ने जियो की तकनीकी टीम को स्थल सर्वे कर प्रस्ताव तैयार करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामगढ़।** चुट्टूपालू घाटी में नेटवर्क कनेक्टिविटी की समस्या दूर करने और सड़क दुर्घटनाओं के दौरान त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ऋतुराज ने बुधवार को घाटी क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि घाटी में मोबाइल टावर नहीं होने के कारण नेटवर्क सेवा बाधित रहती है। इससे दुर्घटना की स्थिति में एंबुलेंस, पुलिस और राहत दल को समय पर सूचना देने में परेशानी होती है।
उपायुक्त ने जियो की तकनीकी टीम को घाटी क्षेत्र में नया मोबाइल टावर लगाने के लिए उपयुक्त स्थल का सर्वे करने तथा जल्द विस्तृत प्रस्ताव जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद टावर लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि आपात स्थिति में संचार व्यवस्था बेहतर हो सके। निरीक्षण के दौरान घाटी के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान और सड़क सुरक्षा से जुड़े अन्य उपायों पर भी चर्चा की गई।मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी नितेश कुमार, गोपनीय शाखा के प्रभारी पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, यूआईडी की डीपीओ आरती पंकज, अंचल अधिकारी रामगढ़, जियो की तकनीकी टीम सहित जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# बड़कागांव से चोरी हुआ जॉन डियर ट्रैक्टर लोहरदगा से बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार



**बड़कागांवहजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के महटिकरा गांव से जून माह में चोरी हुए जॉन डियर ट्रैक्टर को पुलिस ने लोहरदगा जिले से बरामद कर लिया है। मामले में रांची जिले के चान्हो थाना क्षेत्र निवासी शाहरुख खान को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, 17 जून 2026 की रात महटिकरा निवासी प्रमोद कुमार, पिता भुनेश्वर महतो के घर से अज्ञात अपराधकर्मियों ने जॉन डियर ट्रैक्टर चोरी कर लिया था। घटना को लेकर प्रमोद कुमार ने 19 जून को बड़कागांव थाना में लिखित आवेदन दिया था।
आवेदन के आधार पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 109/26, दिनांक 19.06.2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया। अनुसंधान के क्रम में 14 सितंबर को गुप्त सूचना एवं तकनीकी शाखा की सहायता से पुलिस ने मामले में संदिग्ध शाहरुख खान, पिता रमजान खान, निवासी सौंस, थाना चान्हो, जिला रांची को पकड़ा। पूछताछ के दौरान पुलिस के अनुसार, शाहरुख खान ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत हेंजला टोला, कौवाखाप से चोरी गया जॉन डियर ट्रैक्टर बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर 15 सितंबर 2026 को उचित पुलिस मार्गरक्षा में न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# छाताबाद में फिर हुआ भू-धंसान

## सामुदायिक भवन और कई घर प्रभावित

### कई घरों में आयी दरारें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** कतरास के छाताबाद क्षेत्र में एक बार फिर भू-धंसान की घटना से लोगों में दहशत फैल गई। अचानक जमीन धंसने से सामुदायिक भवन की दीवारों में दरारें आ गईं, जबकि आसपास स्थित कई घरों के फर्श भी प्रभावित हुए हैं। घटना के बाद एहतियात के तौर पर लोगों को प्रभावित क्षेत्र से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

बताया जा रहा है कि छाताबाद में अचानक जमीन धंसने लगी। इसके कारण सामुदायिक भवन को नुकसान पहुंचा और आसपास के घरों में भी दरारें और फर्श धंसने की स्थिति सामने आई। हालांकि, घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जमीन धंसने की घटना के बाद स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि छाताबाद और कतरास क्षेत्र में इससे पहले भी भू-धंसान की कई घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों ने भूमिगत खदानों में लगी आग और अवैध खनन को भू-धंसान की वजह बताते हुए बीसीसीएल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

घटना की सूचना मिलने के बाद बीसीसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन की ओर से भी प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।

## बच्चों के सपनों को पंख देने स्कूल पहुंचे डीसी

# लक्ष्य तय कर मेहनत करने की दी सीख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा बुधवार को चंदनकियारी प्रखंड के क्षेत्र भ्रमण पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राजकीय मध्य विद्यालय भोजुडीह में बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, रुचि और भविष्य के सपनों की जानकारी ली। उपायुक्त ने बच्चों की कॉपियां देखीं और बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

कक्षा दो के छात्र मेहराब हुसैन आलम ने झारखंड के सभी 24 जिलों के नाम सुनाए, जिस पर उपायुक्त ने उसकी सराहना की। वहीं कक्षा आठ के विद्यार्थियों से उनके भविष्य के लक्ष्य के बारे में जानकारी ली। एक छात्र ने सेना में जाने की इच्छा जताई।



उपायुक्त ने बच्चों से कहा कि सपने देखने और उन्हें लक्ष्य में बदलने की यही सही उम्र है। अपनी रुचि पहचानें और लक्ष्य हासिल करने के लिए पूरी लगन से मेहनत करें।


उपायुक्त ने विद्यालय में बच्चों की संख्या को देखते हुए अतिरिक्त कक्षा-कक्ष की आवश्यकता पर भी जोर दिया और आसपास उपलब्ध सरकारी भूमि की संभावनाओं की जांच कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा पढ़ाई बीच में न छोड़े और शिक्षा की यात्रा आंगनबाड़ी से उच्च विद्यालय तक निर्बाध बनी रहे।

इसके बाद उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत सचिवालय और मनरेगा के तहत दो एकड़ में की गई आम बागवानी का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी में पोषण माह के तहत आयोजित गोद भराई कार्यक्रम में शामिल हुए और गर्भवती महिला को पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने का संदेश दिया। पंचायत सचिवालय में आमजनों को उपलब्ध सेवाओं की जानकारी ली।

उन्होंने आम की बागवानी का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने पौधों के नियमित रखरखाव और घास की सफाई पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं से बनी परिसंपत्तियां ग्रामीणों की आजीविका मजबूत करने और आत्मनिर्भरता बढ़ाने का माध्यम बनें।

# डीसी ने की पूजा-अर्चना, सुख-शांति और समृद्धि की कामना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बोकारो।** चंदनकियारी प्रखंड के भोजुडीह स्थित प्रसिद्ध भैरव स्थान में बुधवार को बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा पहुंचे। उन्होंने भगवान भैरव, शिव और मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

पूजा के बाद उपायुक्त ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और वहां श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा विकास की संभावनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भैरव स्थान आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर और सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन आवश्यक पहल करेगा।

उपायुक्त ने मंदिर परिसर की घेराबंदी और बैरिकेडिंग कराने के साथ ही मंदिर तक पहुंचने वाली अप्रोच रोड की स्थिति में सुधार को लेकर कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि स्थल की तकनीकी स्थिति का आकलन करने के लिए तीन दिनों के भीतर अभियंताओं की टीम निरीक्षण करेगी। इसके बाद आवश्यकताओं के आधार पर प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

इस दौरान उपायुक्त ने श्रद्धालुओं और ग्रामीणों से भी संवाद किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण का उद्देश्य केवल विकास योजनाओं का निरीक्षण करना नहीं, बल्कि आम लोगों से जमीनी स्तर पर फीडबैक प्राप्त करना भी है।

# अनमैप्ड एवं एनॉमलीज मामलों की सुनवाई का उपायुक्त ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने चंदनकियारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण कर एसआईआर 2026 के तहत अनमैप्ड एवं एनॉमलीज मामलों की चल रही सुनवाई कार्य का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से सुनवाई की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि झारखंड के मतदाताओं के दस्तावेजों में यदि किसी प्रकार की कमी, त्रुटि या विसंगति दिखाई देती है, तो संबंधित कर्मियों को उसके निराकरण की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर के दौरान मुख्य फोकस संबंधित मतदाता के दस्तावेजों की जांच एवं उसके वास्तविक विवरण के सत्यापन पर होना चाहिए।

उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 2003 की प्रविष्टि में यदि किसी मतदाता की आयु या नाम में त्रुटि है, तो वर्तमान दस्तावेजों एवं उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर यह सत्यापित किया जाए कि संबंधित मतदाता की वास्तविक आयु क्या है। इसी प्रकार विवाह के बाद महिलाओं के नाम या उपनाम में हुए परिवर्तन जैसी सामान्य त्रुटियों का भी नियमानुसार समाधान किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि परिवार में अधिक संतान होने अथवा माता-पिता एवं संतानों के विवरण से संबंधित मामलों में भी उपलब्ध दस्तावेजों का उचित मिलान करते हुए नियमानुसार सत्यापन किया जाए।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में संबंधित मतदाता के दस्तावेजों की सत्यता, वर्तमान स्थिति एवं वास्तविक विवरण की जांच को प्राथमिकता दी जाए, ताकि पात्र मतदाताओं से संबंधित मामलों का नियमानुसार उचित निराकरण सुनिश्चित हो सके।

मौके पर एईआरओ सह बीडीओ/सीओ, अतिरिक्त एईआरओ सह क्षेत्रीय उप निदेशक मनोज कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

उधर, इस दौरान उपायुक्त ने चंदनकियारी में प्रस्तावित लाइब्रेरी के प्रगति कार्य का भी जायजा लिया।

उन्होंने डीईओ/बीडीओ से कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा करने को कहा।

# तंबाकू के दुष्परिणामों को ले स्कूली बच्चों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों को लेकर स्कूली विद्यार्थियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। उपायुक्त के निर्देश और सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण के निर्देशन में मध्य विद्यालय राधानगर और उत्क्रमित मध्य विद्यालय करगली में ‟तंबाकू के दुष्परिणाम" विषय पर जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी मोहम्मद असलम ने विद्यार्थियों को तंबाकू और निकोटीन उत्पादों के सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कम उम्र में तंबाकू का सेवन शुरू करने से बच्चों के स्वास्थ्य और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से तंबाकू उत्पादों से दूर रहने और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की।

वहीं, सीएचओ दीप्ति नेहा और सीएचओ ज्ञानसी सिंह ने तंबाकू सेवन से होने वाली विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

सेमिनार में सिगरेट, बीड़ी, खैनी, गुटखा, पान मसाला समेत अन्य तंबाकू उत्पादों से होने वाले नुकसान, विशेष रूप से कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों से संबंधित बीमारियों के बारे में बताया गया। साथ ही कोटपा-2003 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र को तंबाकू मुक्त रखने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को स्वयं तंबाकू से दूर रहने और समाज में तंबाकू नियंत्रण का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

# महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए झारखंड इन्क्यूबेटर कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

धनबाद। ग्रामीण महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेएसएलपीएस और आईआईएम-सीआईपी, कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड इन्क्यूबेटर कार्यक्रम की शुरूआत समाहरणालय स्थित डीएमएफटी सभागार में हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, झरिया विधायक रागिनी सिंह और उप विकास आयुक्त सन्नी राज की मौजूदगी में हुआ।

कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिला उद्यमियों को व्यवसाय योजना, उत्पाद एवं सेवा विकास, बाजार की समझ, ब्रांडिंग और वित्तीय प्रबंधन सहित व्यवसाय को टिकाऊ एवं बाजारोन्मुख बनाने की जानकारी दी गई।

उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह आधारित महिला उद्यमियों को गैर-कृषि क्षेत्र में सशक्त बनाकर उनके व्यवसाय का विस्तार, राजस्व वृद्धि और आजीविका को मजबूत करना है।

योजना के तहत जिले में कुल 150 उद्यमियों का चयन किया जाएगा। चयनित उद्यमियों को 10 लाख रुपये तक अनुदान अथवा ब्याज-मुक्त ऋण के रूप में वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान है। आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क की ओर से व्यक्तिगत मार्गदर्शन और व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके अलावा ब्रांडिंग, तकनीकी सहायता, आधुनिक उपकरण, नई तकनीक, नेटवर्किंग और बाजार संपर्क में सहयोग मिलेगा।

जेएसएलपीएस के डीपीएम सुदिप्ता बनर्जी ने बताया कि पात्र ग्रामीण सखी मंडल सदस्यों, उनके परिवार या निकट संबंधियों के स्वामित्व वाले उद्यम, समूह एवं व्यक्तिगत उद्यमी तथा विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में कार्यरत उद्यमी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 निर्धारित है। मौके पर जेएसएलपीएस, आईआईएम-सीआईपी तथा जिला व प्रखंड स्तर के अधिकारी-कर्मी मौजूद रहे।

# विश्व ओजोन दिवस पर दुर्गापुर में जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** कसमार प्रखंड के दुर्गापुर पंचायत में बुधवार को विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहयोगिनी और सारथी नेटवर्क की ओर से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों, महिलाओं और ग्रामीणों को ओजोन परत के महत्व, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी संस्था के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने कहा कि ओजोन परत पृथ्वी के लिए प्राकृतिक सुरक्षा कवच है। यह सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से मानव स्वास्थ्य, पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं की रक्षा करती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी केवल सरकार या किसी संस्था की नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की है।

संस्था की एनिमेटर बिनीता देवी ने पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध की जानकारी दी। उन्होंने



किशोरियों और महिलाओं से परिवार तथा समुदाय के लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने की अपील की।

कार्यक्रम में ओजोन परत के क्षरण के कारणों, यूवी किरणों के प्रभाव, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। मौके पर बरखा कुमारी, गायत्री कुमारी, संध्या कुमारी, दीपिका कुमारी, प्रियंका कुमारी समेत कई प्रतिभागी मौजूद रहीं।

# बारिश से लोगों को मिली राहत

**बोकारो।** बोकारो में पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बुधवार दोपहर बाद राहत मिली। अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में बादल छा गए। तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहाना हो गया।

बोकारो में बुधवार दोपहर तक तेज धूप और उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा रखी थी। गर्मी के कारण लोग बेहाल नजर आ रहे थे। दोपहर बाद अचानक आसमान में बादल छाने लगे और तेज हवाएं चलने लगीं। कुछ ही देर में जोरदार बारिश शुरू हो गई।

अचानक हुई बारिश से शहर के कई इलाकों में सड़क पर आवाजाही कर रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश से बचने के लिए लोग दुकानों और अन्य स्थानों पर रुकते नजर आए। हालांकि, लंबे समय से गर्मी और उमस झेल रहे लोगों ने बारिश का जमकर आनंद लिया।

तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के बाद मौसम में ठंडक घुल गई।

# जर्जर क्वार्टरों के मुद्दे पर प्रबंधन से वार्ता में डी-टाइप आवास देने की मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-12 के जर्जर और क्षतिग्रस्त घोषित क्वार्टरों में रह रहे बीएसएल कर्मियों, लीज एवं लाइसेंसधारियों की आवासीय समस्या को लेकर भारतीय उद्योग मजदूर संघ के महामंत्री कुमार अमित के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नगर सेवा के मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर प्रभावित परिवारों के लिए सम्मानजनक आवास की व्यवस्था करने की मांग की।

महामंत्री कुमार अमित ने कहा कि सेक्टर-12 के कई ब्लॉकों को क्षतिग्रस्त घोषित किए जाने के बाद सैकड़ों कर्मियों और सेवानिवृत्त लीज एवं लाइसेंसधारियों के परिवारों के सामने आवास का संकट है। उन्होंने दावा किया कि डी-टाइप आवास के हकदार कर्मचारियों ने पहले ही आवेदन किया था, लेकिन उनकी मांग पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं हुई।

संघ ने हाल में सेक्टर-12 में एक क्वार्टर ब्लॉक के अचानक धराशायी होने का हवाला देते हुए जांच प्रक्रिया और नगर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए तथा उच्चस्तरीय जांच की मांग की। संघ का आरोप है कि हादसे के बाद कर्मचारियों को एक सप्ताह के भीतर ई-टाइप क्वार्टर में शिफ्ट होने का नोटिस दिया गया है।

प्रतिनिधिमंडल ने नोटिस वापस लेने, खाली डी-टाइप क्वार्टरों की सूची सार्वजनिक करने, प्रभावित कर्मियों को डी-टाइप आवास आवंटित करने और क्वार्टरों का पूर्ण मेंटेनेंस कराने की मांग की। साथ ही शिफ्टिंग के लिए परिवहन भत्ता, आवास आवंटन में देरी होने पर अतिरिक्त मकान किराया भत्ता और लीज-लाइसेंसधारियों के लिए भी आवास विकल्प उपलब्ध कराने की मांग रखी गई।

मुख्य महाप्रबंधक ने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। वहीं, कुमार अमित ने कहा कि शीघ्र सम्मानजनक समाधान नहीं हुआ तो संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# गणेश पूजा सह भंडारा में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**धनबाद।** श्री श्री सार्वजनिक गणेश पूजा समिति, बैंक मोड़ धनबाद द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो की केंद्रीय प्रवक्ता नीलम मिश्रा पहुंचीं और अपने हाथों से श्रद्धालुओं के बीच भंडारा का वितरण किया। उनके साथ जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष रवानी ने संयुक्त रूप से भक्तों को भोग वितरण किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि नीलम मिश्रा ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी बैंक मोड़ में गणेश पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है और आज हजारों लोग भंडारे में शामिल हो रहे हैं। यह आपसी भाईचारे और एकता का प्रतीक है।

समिति के अध्यक्ष आकाश रवानी ने बताया कि आज भव्य विसर्जन शोभा यात्रा निकाली जा रही है, जिसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि गणपति बप्पा सभी का कल्याण करें। कार्यक्रम के दौरान समिति के सचिव द्वारा जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया, वहीं वार्ड-32 के पार्षद सेंकी राज ने जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष रवानी का शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

विसर्जन शोभा यात्रा में ताशा और डीजे की धुन पर भक्त खूब थिरके और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खुशियां मनाईं। इस अवसर पर मुख्य रूप से नंदू रवानी, बाबू भैया, आर्यन भारती, अजय प्रसाद, विक्रांत यादव, आलोक चटर्जी, बंटी गुप्ता, कृष्ण यादव, जगरनारायण, दिलीप सिंह, जीरखान सिंह, हारून रशीद, दीपू चंद्रवंशी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# बीएसएल में हिंदी कार्यशाला-सह-कवि सम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन (ज्ञानार्जन एवं विकास) विभाग द्वारा हिंदी के प्रभावी प्रयोग एवं राजभाषा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिंदी कार्यशाला-सह-कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) ने की।

कार्यक्रम में मानव संसाधन (ज्ञानार्जन एवं विकास) विभाग तथा राजभाषा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं प्रतिभागियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर हिंदी भाषा के महत्व, उसकी उपयोगिता तथा संविधान में राजभाषा हिंदी की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) ने कहा कि कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने




सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से दैनिक कार्यों में सरल एवं सहज हिंदी का प्रयोग करने का आह्वान किया। साथ ही, हिंदी के प्रयोग को और अधिक सुविधाजनक एवं प्रभावी बनाने के लिए डिजिटल तकनीकों के उपयोग हेतु भी प्रोत्साहित किया।

मानव संसाधन (ज्ञानार्जन एवं विकास) विभाग के सहायक महाप्रबंधक द्वारा हिंदी के राष्ट्रव्यापी महत्व, इसकी उपयोगिता तथा संविधान में हिंदी की स्थिति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। इस दौरान हिंदी के व्यावहारिक एवं कार्यालयीन प्रयोग से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें मानव संसाधन (ज्ञानार्जन एवं विकास) विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कवि सम्मेलन रहा। बोकारो के प्रख्यात कवियों ने अपनी काव्य प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रोताओं को भाव-विभोर किया।

एक ओर श्रृंगार रस से ओत-प्रोत कविताओं ने वातावरण को जीवंत एवं आनंदमय बनाया, वहीं दूसरी ओर ओजपूर्ण एवं अर्थपूर्ण कविताओं और गजलों ने श्रोताओं में उत्साह एवं ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन–ज्ञानार्जन एवं विकास) द्वारा आमंत्रित कवियों, अतिथियों एवं राजभाषा विभाग के अधिकारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नगर निगम ने दिया स्वच्छ हवा-स्वस्थ जीवन का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** स्वच्छ वायु दिवस के अवसर पर धनबाद नगर निगम की ओर से न्यू टाउन हॉल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने शहरवासियों से वायु प्रदूषण कम करने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि स्वच्छ हवा के लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास साफ-सफाई रखने, अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील की।

नगर आयुक्त आशीष गंगवार ने बताया कि वायु प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नगर निगम की ओर से कई अभियान चलाए गए हैं। पांच जून से 14 अगस्त तक सभी 55 वार्डों में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। स्कूल और कॉलेजों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने बताया कि वायु प्रदूषण की निगरानी के लिए नगर निगम ने 10 सेंसर आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम और पांच बड़े एलईडी डिस्प्ले लगाए हैं। इनके माध्यम से लोग वायु गुणवत्ता की जानकारी ऑनलाइन भी प्राप्त कर सकते हैं। आने वाले समय में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन, वाहन स्क्रैप और ग्रीन वॉल फेंसिंग जैसी योजनाओं पर भी काम किया जाएगा।

नगर आयुक्त ने लोगों से खुले में कचरा नहीं जलाने, निजी वाहनों का सीमित उपयोग करने और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता देने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रदर्शनी लगाई, जबकि साथी फाउंडेशन की ओर से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। मौके पर वन विभाग, बीसीसीएल, डीजीएमएस, शैक्षणिक संस्थानों और नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो, स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नम्बर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/0/55
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com